ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित



भारत-तंजानिया के बीच रक्षा क्षेत्र में पांच साल... पेज 10 पर

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● आश्विन कृष्ण पक्ष 11 ● विक्रम संवत 2080 ● मंगलवार, 10 अक्टूबर 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-353 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

## गागर में सागर

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की क्रिमिनल रिट पर सुनवाई 17 को

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की ओर से दायर क्रिमिनल रिट पर सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। मामले में न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा को याचिका की त्रुटि दूर करने के लिए समय दिया। याचिकाकर्ता ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग की है। मामले में अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी। मुख्यमंत्री की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2014 में चुनाव के दौरान वह अपनी पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार करने गए थे। उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन नहीं किया था। उस दौरान उन पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले की सुनवाई पश्चिम सिंहभूम की निचली अदालत में चल रही है। याचिकाकर्ता ने अदालत में चल रही कार्रवाई पर रोक लगाने व उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग की है।

### ईडी कोर्ट ने की भगवान भगत की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत ने सोमवार को साहिबगंज के पत्थर कारोबारी भगवान भगत की जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पूर्व सात अक्टूबर को कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद आदेश सुरक्षित रखा था। साहिबगंज में हुए एक हजार करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले से भगवान भगत का मामला जुड़ा है। ईडी मामले में भगवान के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर चुकी है। भगवान भगत को ईडी ने सात जुलाई को गिरफ्तार किया था। वह मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का खास सहयोगी बताया जाता है।

### गिरिडीह में नौ साइबर अपराधी गिरफ्तार

**गिरिडीह।** पुलिस ने पचंबा थाना इलाके के बोड़ो में संचालित साइबर अपराधियों के एक मिनी कॉल सेंटर का खुलासा किया है, जहां से पुलिस ने नौ साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुप्ता सूचना पर यह कार्रवाई की है। यह फर्जी कॉल सेंटर बलदेव यादव नाम के व्यक्ति के नवनिर्मित मकान में संचालित हो रहा था। इस संबंध में एसपी दीपक कुमार शर्मा ने सोमवार को प्रेसवार्ता में बताया कि सभी साइबर अपराधी बिजली बिल भुगतान करवाने के नाम पर और गर्भवती महिलाओं को सरकार की योजना राशि दिलाने के नाम पर ठगी करते थे। इस कार्रवाई में पुलिस टीम ने सात साइबर अपराधी और एक पैसा निकासी व एक खाता उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति को पकड़ा है। पुलिस ने साइबर अपराधियों के पास से 16 पीस मोबाइल, 25 सीम, दो बाइक समेत अन्य कई सामान बरामद किया है।

### एसआरई फंड को लेकर झारखंड समेत 5 राज्यों के गृह सचिवों की बैठक कल

**रांची।** एसआरई फंड को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय झारखंड समेत पांच राज्यों के गृह सचिव के साथ 11 अक्टूबर को बैठक करेगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा एसआरई फंड के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 को लेकर वर्क प्लान और खर्च को लेकर झारखंड, आंध्र प्रदेश, बिहार, केरल और पश्चिम बंगाल के गृह सचिव के साथ बैठक की जाएगी। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाएगी।

**झारखंड के नक्सल प्रभावित वाले जिले :** राज्य के 16 जिलों में रांची, खूंटी, बोकारो, चतरा, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं। वहीं आठ अति माओवाद प्रभावित जिलों में चतरा, गिरिडीह, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल है।

### अपराध की योजना बना रहे दो अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

**दुमका।** अपराध की योजना बना रहे दो अपराधियों को हंसडीहा पुलिस ने पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। हंसडीहा पुलिस को यह सफलता गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के पगवारा पहाड़ के समीप से थाना प्रभारी जितेन्द्र साहू के नेतृत्व में पुलिस को मिली। इसकी जानकारी डीएसपी मुख्यालय विजय कुमार सिंह ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधी देवघर जिला के कुंडा थाना क्षेत्र के ठाड़ी दुलमपुर निवासी बब्बन कुमार उर्फ रित्विक मेहरा एवं सागर दास है। गिरफ्तार अपराधियों के पास पुलिस देशी पिस्टल में दो लोडेड कारतूस समेत चार जिंदा कारतूस बरामद करने में सफल रही।

---

मुख्यमंत्री ने सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना का किया शिलान्यास, बोले

# किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/ देवघर।** हर खेत को मिले पानी। इसी प्रतिबद्धता के साथ तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी का एक हिस्सा बनने जा रहा है- सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना। इस सिंचाई योजना में भूमिगत पाइपलाइन के जरिए खेतों में पटवन का पानी पहुंचेगा और फसलें लहलहाएगी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को देवघर जिले के सारठ प्रखंड में सिकटिया मेगालिफ्ट सिंचाई योजना के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा कि आनेवाले दिनों में किसान टांड़ में भी सालों भर खेती कर सकेंगे, क्योंकि सरकार यहां भी सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने की दिशा में काम कर रही है।

**पानी का समुचित इस्तेमाल हो सकेगा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सिंचाई परियोजनाओं के लिए नवीनतम तकनीक का इस्तेमाल करने पर विशेष जोर दे रही है। ताकि, पानी का बेहतर और समुचित इस्तेमाल होने के साथ खेत -खलियान डूब क्षेत्र में ना आएं, इसलिए मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना के तहत भूमिगत पाइपलाइन के जरिए नदी, डैम और बराज का पानी खेतों में पहुंचाया जा रहा है । इस कड़ी में राज्य के पहले मेगालिफ्ट सिंचाई परियोजना की आधारशिला दुमका के मसलिया में रखी गई थी और आज देवघर के सारठ में सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना का शिलान्यास करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है । मुझे इस बात की खुशी है कि इसी स्थान पर वर्ष 2013-14 में मैने अजय बराज का उद्घाटन किया था।



**सरकार बनाते ही चुनौतियों से सामना**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 में जैसे ही हमारी सरकार बनी तो चुनौतियों से सामना शुरू हो गया। सबसे पहले वैश्विक महामारी कोरोना ने हमें अपनी गिरफ्त में ले लिया। कोरोना से निकले तो सुखाड़ का सामना करना पड़ा। लेकिन, इन तमाम चुनौतियों के बीच हमारी सरकार विकास की गति को रफ्तार देने का काम कर रही है।

**गंगा का पानी भी पाइपलाइन से खेतों में पहुंचाएंगे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमेशा यह बात सुनने को मिलती थी कि झारखंड के डैम, बराज और वॉटर रिजर्वायर के पानी का इस्तेमाल झारखंड के किसान नहीं बल्कि दूसरे राज्यों के द्वारा किया जा रहा है। ऐसे में यहां के पानी का इस्तेमाल यहां के लोग करें। इस दिशा में कार्य योजना बनाकर उसके क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। आने वाले दिनों में गंगा नदी का पानी भी पाइपलाइन के जरिए खेतों में पहुंचेगा।

**जानिए सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना**

- सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना के तहत अजय नदी बराज से भूमिगत पाइप लाइन के माध्यम से सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी।
- इस योजना पर 484 करोड़ 35 लाख रुपए खर्च होंगे। निर्माण कार्य तीन वर्ष में पूरा होगा।
- देवघर जिले के सारठ और करों तथा जामताड़ा जिला के विद्यासागर और जामताड़ा प्रखंड के 27 पंचायतों के 1 लाख 11 हजार 174 किसान इस योजना से लाभान्वित होंगे।
- 13 हजार 164 हेक्टेयर कृषि भूमि में पटवन की सुविधा उपलब्ध होगी।
- धान के अतिरिक्त दलहन और तिलहन के साथ रागी, ज्वार -मक्का जैसे फसलों की खेती के लिए सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।
- अगर कभी भारी वर्षा हो और खेतों को उतनी पानी की जरूरत नहीं है तो उस पानी को अगल-बगल के जलाशयों में डाइवर्ट कर भरा जाएगा, ताकि उसका अन्य कार्यों में इस्तेमाल हो सके।

इस अवसर पर कृषि मंत्री बादल, पर्यटन, कला -संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री हफीजुल हसन, विधायक इरफान अंसारी, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, जल संसाधन सचिव प्रशांत कुमार और देवघर तथा जामताड़ा जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

---

# चोरी गई लड्डू गोपाल की मूर्ति खेत से बरामद



### चोरों का सरगना दिल्ली से गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के कोयल किनारे स्थित शिव मंदिर से पिछले दिनों चोरी हुई लड्डू गोपाल की मूर्ति को पुलिस ने गढ़वा जिला के गढ़वा थाना क्षेत्र स्थित वनानचल डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के मुख्य गेट के पास पानी से भरे गड्ढे से बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने इस वारदात के मुख्य सरगना दिलकश रौशन को दिल्ली के गोविंदपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। उसी की निशानदेही पर मूर्ति की बरामदगी हुई है। पकड़ा गया दिलकश रेहला थाना के डंडीला गांव निवासी हिदायतुल्ला अंसारी का पुत्र है। वह मूर्ति चोरी गिरोह के अंतरार्जीय गिरोह का सरगना है। उपरोक्त जानकारी एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने सोमवार को पत्रकारों को दी है। उन्होंने बताया कि 11-12 सितंबर की रात शिव मंदिर के गर्भ गृह से भगवान कृष्ण की मूर्ति एवं मुकुट की चोरी हुई थी।मंदिर के पुजारी सुनील कुमार चौबे ने मामला शहर थाने में दर्ज कराया था । मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी रिष्मा रमेशन ने तत्काल एसआईटी का गठन कर मामले का उदभेदन व अपराधियों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया था। जिसके बाद पुलिस ने इस चोरी में शामिल पोखराहा खुर्द के मो. सुहैल को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर बिहार के सासाराम से चोरी के मुकुट को क्षतिग्रस्त हालत में बरामद करते हुए उपेंद्र कुमार सेठ नामक व्यवसायी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस की टीम में शहर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक अभय कुमार सिन्हा व एस आई अजित कुमार मुंडा आदि शामिल थे।

---

मप्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना, मिजोरम में विस चुनावों की घोषणा

# 7 नवंबर से मतदान, 3 दिसंबर को परिणाम

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना व मिजोरम में विधानसभा चुनावों का नगाड़ा बज गया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि पांच राज्यों में 7 नवंबर से मतदान शुरू होगा। राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और मिजोरम में एक चरण में मतदान होगा। जबकि छत्तीसगढ़ में दो चरण में। सभी राज्यों में वोटों की गिनती एक साथ 3 दिसंबर को होगी।




---

सुप्रीम कोर्ट में हाजिर हुए मुख्य सचिव, एससी ने कहा

# कमिटी गठित कर निकालें हल



**रांची/ नई दिल्ली।** झारखंड के मुख्य सचिव सुप्रीम कोर्ट के समक्ष सशरीर उपस्थित हुए। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें पिछले 20 वर्षों से कर्मचारियों के बकाये वेतन देने से संबंधित मामले में तलब किया था। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने मुख्य सचिव को यह निर्देश दिया है कि मामले का समाधान खोजने के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की जाए। इस तीन सदस्यीय कमेटी में झारखंड, बिहार और केंद्र सरकार के अवर सचिव रैंक के अधिकारी होंगे। कमेटी सुप्रीम कोर्ट को अपनी रिपोर्ट देगी। इस मामले की अगली सुनवाई 7 नवंबर को होगी। सुनवाई के दौरान उपस्थित महाधिवक्ता ने कोर्ट से आग्रह किया कि मुख्य सचिव को अगली सुनवाई में सशरीर उपस्थित न कराया जाए। जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने मुख्य सचिव को अगली सुनवाई के दौरान सशरीर उपस्थित होने से छूट दी है। यहां बता दें कि इस संबंध में बिहार राज्य अर्धसरकारी अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ व अन्य की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है।

---

### कोडरमा में साइबर क्राइम गिरोह का भंडाफोड़, 9 अपराधी गिरफ्तार

**कोडरमा।** पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है। लोगों को लोन दिलाने और प्रोसेसिंग के नाम पर झांसे में लेकर ठगी करने के मामले में तिलैया पुलिस ने नौ युवकों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग बजाज फिनसर्व एवं धनी फाइनेंस का फर्जी कर्मचारी और पदाधिकारी बनकर आपराधिक षड्यंत्र के तहत जाली कागजात तैयार कर लोन स्वीकृत कराने का झांसा देकर प्रोसेसिंग फीस लेकर रुपए की ठगी कर रहे हैं एवं ठगी की राशि निकासी के लिए तिलैया आने वाले हैं। रविवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया तिलैया के एटीएम में छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवकों से पूछताछ एवं उनके निशानदेही पर तिलैया थाना क्षेत्र के गांधी स्कूल रोड से गिरोह के छह अन्य युवकों को भी गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि छापेमारी के दौरान बिहार के सिवान जिला निवासी रामबाबू यादव (19 ), बिहार के नालंदा जिला निवासी मंजीत कुमार शर्मा ( 30 ), बिहार के गया जिला निवासी उदेश कुमार ( 23 ), बिहार के नालंदा जिला निवासी भूषण कुमार (19 ), बिहार के नवादा जिला निवासी संतोष कुमार यादव ( 23 ), बिहार के नालंदा जिला निवासी मोहम्मद फारुख ( 24 ) एवं पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिला निवासी तारकेश्वर कुमार ( 26 ), सूर्यकांत शर्मा ( 30), सन्नी रजक उर्फ आदित्य रजक ( 21 क) शामिल है।

---

# विधायक दीपिका पांडे सिंह के खिलाफ 29 नवंबर तक पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे सिंह के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक को 29 नवंबर तक बरकरार रखा है। न्यायाधीश गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने सोमवार को विधायक दीपिका पांडे द्वारा दायर क्वैशिंग याचिका पर सुनवाई के लिए 29 नवंबर की तिथि निर्धारित की है। दीपिका पांडे ने वर्ष 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा कार्यकर्ता के साथ मारपीट करने एवं जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए गाली गलौज करने के मामले में की गई प्राथमिकी को निरस्त करने को लेकर याचिका दायर की है। आरोप है कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा कार्यकर्ता प्रबोध सोरेन के साथ दीपिका पांडे व अन्य कार्यकर्ता ने मारपीट की और जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए उसके साथ गाली गलौज की। मामले को लेकर गोड्डा जिला के ठाकुरगंगटी थाने में दीपिका पांडे सिंह सहित नौ लोगों के खिलाफ कांड संख्या 18/2020 दर्ज कराई गई थी। इसी एफआईआर को निरस्त करने को लेकर दीपिका पांडे की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है।

---

### टेरर फंडिंग मामले में महेश अग्रवाल और अमित अग्रवाल की ओर से बहस पूरी

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में चतरा के टंडवा स्थित मगध व आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में आरोपित आधुनिक पावर कंपनी की तत्कालीन एमडी महेश अग्रवाल और अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल की चार्जफ्रेम एवं डिस्चार्ज पिटीशन पर सोमवार को सुनवाई को हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से बहस पूरी हो गई। अब 31 अक्टूबर को एनआईए अपना पक्ष रखेगा। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मामले की सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता विकास पहवा, हाई कोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अधिवक्ता ऋषभ कुमार ने पैरवी की।

रांची की एनआईए कोर्ट ने टेरर फंडिंग मामले में महेश अग्रवाल, अजय कुमार सिंह, अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था। साथ ही कोर्ट ने उन पर चार्जफ्रेम कर दिया है, जिसे उन्होंने हाई कोर्ट में चुनौती दी है।

टेरर फंडिंग से जुड़े केस में रांची की एनआईए की विशेष अदालत में सुनवाई चल रही है। एनआईए ने टंडवा थाना में दर्ज प्राथमिकी को फरवरी 2018 को टेकओवर किया था। अनुसंधान के बाद एनआईए ने मामले में 17 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

---

भाजपा के लिए एमपी में सत्ता बचाना, छत्तीसगढ़-राजस्थान में वापसी आसान नहीं

# सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ने पर जोर

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सोमवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर देश के पांच राज्यों - मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम - में विधान सभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। चुनाव की तारीखों की घोषणा के तुरंत बाद भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने यह दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा भारी बहुमत से सभी राज्यों में सरकार बनाएगी। दरअसल, कैडर और विचारधारा आधारित पार्टी होने के बावजूद भाजपा के पास तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में क्रमशः शिवराज सिंह चौहान (वर्तमान सीएम), वसुंधरा राजे सिंधिया (पूर्व सीएम) और रमन सिंह (पूर्व सीएम) के रूप में तीन बड़े चेहरे हैं। लेकिन, पार्टी इस बार तीनों राज्यों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ रही है। यहां तक कि दक्षिण भारत के राज्य तेलंगाना में सरकार बनाने का दावा करने वाली भाजपा ने जी. किशन रेड्डी और बी. संजय कुमार जैसे बड़े नेता होने के बावजूद राज्य में प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ने का फैसला किया है। दरअसल, पांच राज्यों में होने वाले विधान सभा चुनाव भाजपा के लिए काफी अहम माने जा रहे हैं क्योंकि 3 दिसंबर को आने वाले चुनावी नतीजों के कुछ महीने बाद ही देश में लोक सभा का चुनाव होना है और इस जीत का मनोवैज्ञानिक असर पड़ना तय माना जा रहा है। तीन बड़े राज्यों - मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ - में भाजपा का सीधा मुकाबला कांग्रेस से होना है इसलिए भाजपा हर कीमत पर मध्य प्रदेश में न केवल अपनी सरकार की वापसी को सुनिश्चित करना चाहती है बल्कि गांधी परिवार के करीबी राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हरा कर भी दोनों राज्यों की सत्ता में वापसी करना चाहती है। वहीं, भाजपा के लिए कर्नाटक की हार के बाद तेलंगाना में शानदार प्रदर्शन करना दक्षिण भारत की राजनीति के लिहाज से काफी अहम हो गया है।




---

# जमीन घोटाला मामला : विष्णु अग्रवाल से रिम्स और भानु से जेल में हुई पूछताछ

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में रांची पुलिस ने भी अपनी जांच तेज कर दी है। सदर थाने में दर्ज मामले को लेकर पुलिस के द्वारा झारखंड के बड़े कारोबारी विष्णु अग्रवाल और बड़गाई अंचल के सीआई भानु से पूछताछ की गई है। विष्णु अग्रवाल से रिम्स में जबकि भानु से जेल में पूछताछ हुई है।

**न्यायिक हिरासत में हैं विष्णु अग्रवाल :** जमीन घोटाला मामले में ईडी ने विष्णु अग्रवाल और भानु दोनो को ही गिरफ्तार किया है। विष्णु अग्रवाल जेल में बीमार होने के बाद वर्तमान में न्यायिक हिरासत में रिम्स में भर्ती हैं। जबकि भानु जेल में हैं। रांची पुलिस से जुड़े सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रांची के सदर थाने की पुलिस ने रिम्स में भर्ती कारोबारी विष्णु अग्रवाल और जेल में बंद बड़गाई अंचल के सीआई भानु प्रताप से पूछताछ की, मामले के अनुसंधानक ने दोनों से सेना की जमीन घोटाले को लेकर जरूरी पूछताछ की है। इस क्रम में सीआई भानु से उस भूखंड का म्युटेशन किए जाने के आधार को लेकर काफी देर तक गहरायी से पूछताछ की गई। साथ ही भानु के आवास से जब्त किए जमीन के कागजातों के बारे में भी पूछताछ की गई। वहीं आईओ ने रिम्स में इलाज के लिए भर्ती कारोबारी विष्णु अग्रवाल से भी सेना की जमीन की खरीदारी किए जाने के संबंध में भी जानकारी ली।

**सदर में दर्ज हुआ था भानु पर एफआईआर**

ईडी के द्वारा गिरफ्तार किए गए भानु प्रताप पर रांची के सदर थाने में भी प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। जमीन घोटाले से जुड़े मनी लाउंड्रिंग के केस में आरोपी राजस्व उपनिरीक्षक भानू प्रताप प्रसाद पर नए सिरे से रांची पुलिस ने केस दर्ज किया था। 13 अप्रैल को ईडी की टीम ने जब भानू के निजी आवास पर छापेमारी की थी, तब भारी मात्रा में सरकारी दस्तावेज बरामद किए गए थे। इस मामले में बड़गाईं सीओ मनोज कुमार के बयान पर भानू प्रताप प्रसाद के खिलाफ केस संख्या 272/23 दर्ज किया गया था। एफआईआर के मुताबिक, भानु के आवास से 11 ट्रंक डीड पाए गए थे, ये सारे डीड भी कार्यालय के थे।

# बच्चे के साथ कोयल में कूदकर आत्महत्या कोशिश कर रही महिला को पुलिस ने बचाया

### पारिवारिक विवाद में जान देने कोयल पुल पर पहुंची थी महिला



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पारिवारिक विवाद में अपने बच्चे के साथ आत्महत्या करने के लिए कोयल पुल से नदी में छलांग लगा रही एक महिला को सहायक पुलिस के जवानों ने सूझ बुझ का परिचय देते हुए बचा लिया। महिला अपने बच्चे को दुपट्टे से पीठ पर बांधकर नदी में छलांग लगाने के लिए कोयल ब्रिज की रेलिंग पर चढ़ी थी। इसी क्रम में जवान ने तत्परता दिखाई और महिला को कूदने से रोक दिया। उसे चेक पोस्ट लाया गया। समझाने के बाद महिला को चैनपुर थाना भेज दिया। महिला की पहचान चैनपुर के अस्पताल चौक के पास रहने वाले इस्तेखार खान की 24 वर्षीय पत्नी जुगनू बीवी के रूप में हुई है। इस संबंध में महिला के भाई समेत मायके पक्ष के लोगों को भी सूचना दी गई है। कोयल चेक पोस्ट के सहायक पुलिस के जवान अखिलेश पासवान के अनुसार घटना सोमवार सुबह करीब 8.45 बजे की है। वह चेक पोस्ट पर ड्यूटी में तैनात था। इसी बीच एक महिला एक बच्चे को लेकर चैनपुर की ओर से आई और कोयल ब्रिज पर आकर खड़ी हो गई। महिला के हाव-भाव से लगता था कि वह परेशान है। इसी बीच वह अपने दुपट्टे से बच्चे को पीठ पर बांधने लगी और छलांग लगाने के लिए रेलिंग के ऊपर चढ़ रही थी। जैसे ही उसे इसका आभास हुआ, वह फौरन दौड़ते हुए मौके पर पहुंचा और महिला को छलांग लगाने से रोक दिया। साथ ही उसे समझा बुझाकर चेक पोस्ट में लाया। यहां महिला रोती बिलखती रही । इस संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी को सूचना दी गई और फिर पुलिस के आने के बाद महिला को थाने ले जाया गया। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# बेकाबू होकर ट्रक पलटा, ड्राइवर व खलासी गंभीर रूप से हुए घायल

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** एनएच 98 ढाब बस स्टैंड के समीप सोमवार की सुबह बाइक को बचाने के क्रम में अनियंत्रित होकर ट्रक पलट गयी। घटना में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि सह चालक को मामूली चोट आयी है। स्थानीय लोगों ने दोनों को इलाज के लिए हरिहरगंज सीएचसी भेजा। सीएचसी केंद्र में ऑन ड्यूटी डॉक्टर अरविंद कुमार ने दोनों का इलाज किया। गंभीर रूप से घायल चालक को बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद रेफर कर दिया। चालक गौरव प्रसाद एवं सह चालक सतपाल यूपी के अलीगंज का रहने वाला है। डॉक्टर ने बताया कि चालक के नाक में गंभीर चोट आई है, जिसको देखते हुए बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद रेफर किया गया है। घटना के समय मौजूद लोगों के अनुसार मेदिनीनगर की ओर से आ रही ट्रक एक बाइक को बचाने के क्रम में अनियंत्रित होकर पलट गयी। ट्रक पर छड लोड है।



## गागर में सागर

### तीन महीने से राशन नहीं मिलने से राशन कार्डधारी परेशान



**नावा बाजार ।** जिला स्थित लालगढ पंचायत के पंजरी खुर्द ग्राम निवासियों को तीन माह से राशन कार्ड धारक को राशन नहीं मिलने पर ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है, वहीं इसकी सूचना लालगढ पंचायत मुखिया धर्मेंद्र चौधरी को दी गई मुखिया ने सभी का समस्या सुनते हुए जिला खाद आपूर्ति के पास आवेदन लिखा है जिसमें वर्णित करते हुए लिखा है पंजीरी खुर्द के राशन कार्ड धारी को तीन माह से राशन नहीं मिला है यह राशन का लाभ आदर्श महीला समूह के द्वारा उपलब्ध कराया गया था। पर बार-बार डीलर का बदलाव करते हुए कार्ड धारकों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है इस कठिनाई को देखते हुए मुखिया ने कहीं एक जगह डीलर के पास राशन उपलब्ध कराने की बात कही है और पिछले तीन माह से जो गरीब परिवार को राशन वितरण नहीं किया गया है उसे अविलंब आवंटन कर राशन देने के लिए खाद्य जिला आपूर्ति के पास आवेदन लिखित रूप मे दी है।

### रेल सेवा बाधित कर हंगामा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू

# जपला आरपीएफ ने 40-50 अज्ञात लोगों के विरुद्ध दर्ज की प्राथमिकी

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** डीडीयू रेलखंड के सिगसिगी रेलवे स्टेशन पर स्थानीय लोगों द्वारा हंगामा करने और रेल सेवा बाधित करने वालों के विरुद्ध रेल प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले में आरपीएफ ने 40-50 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है। जपला आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राकेश रंजन ने बताया कि वहां के लोगों ने अनाधिकृत रूप से सिगसिगी स्टेशन में हंगामा कर रेल सेवा बाधित कर दिया था। वरीय अधिकारियों के हस्तक्षेप पर रेल सेवा बहाल कराया गया था। रेल सेवा बाधित करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। यहां बताते चलें कि रविवार को सिगसिगी गांव की एक गर्भवती महिला को तेज प्रसव पीड़ा हो रहा था। जिसे परिजन निजी वाहन से विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे। लेकिन रेलवे फाटक बंद होने के कारण वाहन रेल फाटक के दूसरी ओर लगभग एक घंटे तक फंसा रहा। पीड़ित महिला दर्द से कराहती रही। परिजन स्टेशन मास्टर से रेल फाटक खोलने का आग्रह करते रहे,लेकिन रेल फाटक नही खोला गया। इधर महिला की स्थित लगातार बिगड़ते जा रही थी। जिसके बाद आनन फानन में महिला को चारपाई में लादकर जैसे तैसे रेल फाटक पार करके 108 एंबुलेंस से उसे मेदिनीनगर भेजा गया। इसी बात से आक्रोशित ग्रामीणों ने सिगसिगी स्टेशन पर जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने स्टेशन मास्टर को बंधक बना लिया और स्टेशन के तकनीकी कमरे में ताला जड़ दिया था। जिससे रेल सेवा लगभग पांच घंटे तक बाधित रही। वरीय रेल अधिकारियों के दखल के बाद मामला शांत हुआ। इसी मामले में अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू हुई है।

### सहायक नगर आयुक्त के कार्यकाल की जांच की मांग



**विश्रामपुर।** कांग्रेस के विश्रामपुर नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर पूर्व सहायक नगर आयुक्त मो- परवेज के कार्यकाल के जांच की मांग की है। मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में श्री पांडेय ने पूर्व सहायक नगर आयुक्त पर कई गंभीर आरोप लगाये हैं। ऋषि पांडेय ने कहा कि नगर विकास विभाग का मंत्रालय भी मुख्यमंत्री के पास ही है। इसलिए उन्हें पत्र लिखकर जांच कर दोषी अधिकारी पर कार्रवाई की मांग रखी है। उन्होंने कहा कि परवेज ने अपने कार्यकाल के दौरान सिर्फ नियम विरुद्ध कार्य किया है।अगर गहनता से जांच हो तो व्यापक अनियमितता उजागर होगी।

# क्षुब्ध सहायक अध्यापक 17 को बीआरसी का करेंगे तालाबंदी



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के स्कूलों में कक्षा 6 से 8 के सहायक अध्यापकों का प्रखंड स्तरीय प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार से सेवा संपुष्टि व माह जनवरी से वर्धित चार प्रतिशत इंक्रीमेंट लंबित है। जिससे सहायक अध्यापकों ने आंदोलन की राह पकड़ने का निर्णय लिया है। संयोजक विजय बहादुर सिंह ने बताया कि विभागीय पदाधिकारियों की उदासीनता को देख सोमवार को प्रखंड प्रमुख सह अध्यक्ष प्राधिकार कलावती देवी को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा है कि प्रखंड स्तरीय प्राधिकार का गठन किया जा चुका है। बावजूद सदस्य सचिव सह क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी रामनरेश राम टालमटोल कर अब तक प्राधिकार का बैठक तक आहूत नहीं किया है। उन्होंने कहा है कि विभागीय स्तर से आवश्यक पहल नहीं की गई तो 17 अक्टूबर को बीआरसी कार्यालय हैदरनगर में तालाबंदी कर दी जायेगी। जबकि कक्षा 1 से 5 तक के सहायक अध्यापकों का सेवा संपुष्टि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी महेंद्र प्रजापति ने कर दी है।

### मुखिया ने डीएसओ को लिखा पत्र

**विश्रामपुर।** प्रखंड अंतर्गत लालगढ़ पंचायत के पंजरी खुर्द गांव में पिछले तीन माह से ग्रामीणों को राशन नहीं मिल रहा है। जिससे ग्रामीण काफी परेशान हैं। लालगढ़ पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को पत्र प्रेषित कर राशन दिलवाने का मांग की है। यहां उल्लेखनीय है कि विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत लालगढ़ पंचायत के पंजरी खुर्द गांव में जन वितरण प्रणाली दुकान से मिलने वाले राशन कार्डधारियों को पिछले तीन माह से नहीं मिल रहा है। जिससे ग्रामीण काफी परेशान हैं।

### सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान रांची में मौत

**विश्रामपुर।** सड़क हादसा में गंभीर रूप से घायल 45 वर्षीय अखिलेश शुक्ला की मौत शनिवार की देर रात इलाज के दौरान रांची के मेडिका हॉस्पिटल में हो गयी है। उनका दाह संस्कार किया गया। जानकारी के अनुसार मृतक शुक्रवार की देर शाम करीब साढ़े आठ बजे अपने घर रेहला थाना के डंडिला खुर्द से ग्रासिम फैक्टरी गेट की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान उनकी टक्कर एक बल्कर से हो गयी। जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गये। आदित्य बिड़ला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेदिनीनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उनकी स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। रांची मेडिका हॉस्पिटल में इलाज के बाद भी उनकी स्थिति में को सुधार नहीं हुई और शनिवार की देर रात उनकी मौत हो गयी। दुख व्यक्त करने वालों में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम,पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी,बसपा नेता अभिमन्यु सिंह सहित कई लोगों के नाम शामिल हैं।

# संकल्प सप्ताह के समापन समारोह में कृषि प्रदर्शनी का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** प्रखण्ड सभागार में सोमवार को कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विकास, जेएसएलपीएस सहित सभी विभागों के अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने संकल्प सप्ताह के समापन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान अकांक्षी प्रखंड के रूप में चयनित हरिहरगंज के सर्वांगीण विकास के लिए अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने चर्चा की। वहीं प्रखंड परिसर में कृषि प्रदर्शनी लगाई गयी। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आये किसानों ने ईख, ओल, भिंडी, बैगन, नेनुआ, मूली, करेला, लौकी आदि सब्जियों की प्रदर्शनी लगायी। मौके पर संबंधित अधिकारियों ने उन्नत खेती के लिए भूमि का चयन एवं तैयारी, बुआई का उचित समय खरपतवार नियंत्रण रोग एवं उपचार के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान बेहतर सब्जी उत्पाद के लिए कई किसानों को सम्मानित किया गया। कृषि प्रदर्शनी में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी विवेक बिरुआ, कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी अविनाश कुजूर, तकनीक सहायक पलामू मनोज सिंह, बीटीएम अमित कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार, जेएसएलपीएस के बीपीएम मुकेश कुमार, एटीएम प्रवीण जहां, मुखिया काजल कुमारी , नीतू कुमारी के अलावे रामजन्म मेहता, अनिल कुमार यादव सहित कृषक मित्र एवं किसान उपस्थित थें।

### दुर्गा पूजा को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

# पंडाल में अश्लील हरकतें करने पर होगी कानूनी कार्रवाई : अध्यक्ष



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के लंगरकोट गांव में श्री दुर्गा पूजा को लेकर ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष सुदेश्वर प्रसाद गुप्ता ने की। जबकि मंच संचालन दुर्गा पूजा समिति सचिव पवन कुमार पटेल ने किया। इस बैठक में दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सुदेश्वर प्रसाद गुप्ता ने कहा कि हर साल की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा शांति पूर्वक मनाई जायेगी। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा पंडाल परिसर में किसी प्रकार की अश्लील हरकतें एवं नशीले पदार्थ का सेवन पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगी। साथ ही वैसे व्यक्ति उदडंता करते पकड़ें जाने पर चिन्हित कर कानूनी कारवाई की जायेगी। मौके पर दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष के अलावा उपाध्यक्ष अरूण कुमार सिंह, सचिव पवन कुमार पटेल, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार शर्मा, स्टोर कीपर दिनेश्वर चौधरी, सुरज कुमार पासवान ,संरक्षक रामचंद्र चौधरी, रामवृक्ष सिंह, शिवपूजन चौधरी, मिथिलेश कुमार सिंह, दुर्गा पूजा समिति सदस्य अंतु कुमार पटेल, सेन्टु चौधरी, बब्लू कुमार पटेल, विनोद कुमार चौधरी, सुमेत कुमार पटेल, सुरेन्द्र चौधरी, बिक्रमा पासवान, सूदामा पासवान ,अजय शर्मा, छोटू शर्मा ,नन्द ठाकुर, नागेन्द्र कुमार सिंह,मृत्युंजय कुमार सिंह, कमलेश कुमार चौधरी, तपेश्वर शर्मा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।

### अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण

अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-14/2023-24

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोहरदगा जिला के किस्को प्रखण्ड में एक 45 Bedded Fully Furnished हॉस्टल (Indoor Gym) निर्माण योजना। | 1,99,99,500.00 | 4,00,000.00 | 10000.00 | 6 माह |

2 वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 11.10.2023
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 17.10.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
4 ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय :- 18.10.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक
5 निविदा खोलने का स्थान :- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
6 तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 19.10.2023 अपराह्न 2:00 बजे
7 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
8 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :- 9934523795 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क Scheduled Commercial Bank / Nationalised Bank द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।

PR 308710 (Lohardaga) 23-24 (D)



## शपथ-पत्र

मैं आनन्दी देवी पति संत कुमार पाण्डेय, ग्राम–मंगरदह, पो.+थाना– नगर उंटारी, जिला–गढ़वा, झारखंड का निवासी हूं। मैं शपथपूर्वक घोषणा करती हूं कि मेरा आधार कार्ड में मेरा नाम आनन्दी देवी पति संत कुमार पाण्डेय है। जबकि मेरा डाकघर बचत बैंक के खाता में मेरा नाम आनन्दी पाण्डेय पति संत कुमार पाण्डेय दर्ज है। जो दोनो नाम मेरा ही है। मैं इन दोनो नामों से जानी जाती हूं।

**शपथ पत्र संख्या :1503 दिनांक : 11/09/2023**



## झारखण्ड सरकारर
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा

### ई - अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई– अल्पकालीन निविदा संख्या :– **01 /2023-24 / RWD /LOHARDAGA** दिनांक 07.10.2023

कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE RWD/ LOHARDAGA/ 01/ STPKG -01/ 2023-24 | बरवाडीह सीमाना से बारियातु भाया सरजू पावा तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 1.600 कि0 मी0) | 116370200.00 | ग्यारह करोड़ तीरेसठ लाख सत्तर हजार दो सौ0 रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| | | मक्का बाजारटांड़ से बरवाडीह भाया अम्बापावा एवं जामडीह तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 2.600 कि0 मी0) | | | | |
| | | पतरातु से अराहासा सेन्हा सीमाना तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 2.00 कि0मी0) | | | | |
| | | बदला से महुगांव तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 7.800 कि0 मी0) | | | | |
| | | पषरार से खिजुरपतरा चन्दलागी भाया मेरूम तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 2. 350 कि0 मी0) | | | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 12.10.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 26.10.2023 अपराह्न 5.00 बजे
4. (क) मुख्य अभियंता, ग्रा0 का0 वि0,अभियंत्रण भवन, कचहरी ,रॉची (ख) जिला नियंत्रण कक्ष,रॉची (ग) जिला नियंत्रण कक्ष लोहरदगा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क ,अग्रधन की राशि, जमा करने की तिथि एवं समय – 27.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल ,पुराना डी0 आर0 डी0 ए0 भवन, लोहरदगा, ग्राम एवं पो0 –लोहरदगा , जिला – लोहरदगा, पिन – 835302 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (27.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक ) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 28.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमण्डल,लोहरदगा पुराना डी0 आर0 डी0 ए0 भवन, लोहरदगा, पिन कोड– 835302
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक / राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमण्डल,लोहरदगा के पक्ष में एवं लोहरदगा में भुगतेय जमा करना होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0 का वि0,
कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 308713 Lohardaga (23-24)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

पत्रांक– दिनांक–

### शुद्धि पत्र

एदत् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा के ई–निविदा आमंत्रण संख्या– **13/2023-24/RWD/ GARHWA,** दिनांक– 29.09.2023, PR No.- **308146** द्वारा प्रकाशित निविदा की तिथि में अपरिहार्य कारणवश निम्नरूपेण परिर्वतन किया जाता है।

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 07.10.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 14.10.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय:– 16.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 18.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders. gov. in में देखा जा सकता है। अन्य शर्तें यथावत रहेगें।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 308661 Rural Development(23-24)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, मेदिनीनगर

### (2023–2024) के लिए नलकूपों के मरम्मति का कार्य

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–DWSD/RM/06/2023-24 (1st Call)

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर।
3. परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट पर ऑपलोड/डाउनलोड की तिथि/समय :– 11.10.2023 को 12:30 बजे अपराहन में।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय :– 17.10.2023 को 3:30 बजे अपराहन् तक।
5. निविदा खोलने की अंतिम तिथि/समय :– 17.10.2023 को 04.00 बजे अपराह्न में ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– विभागीय वेबसाइट dwsd.jharkhand.gov.in से download करना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी :– नलकूपों के साधारण मरम्मति का कार्य (स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति विभागीय की जाएगी।)

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | अनुमानित नलकूपों की सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | पाटन | 400 | 391340.00 | 8000.00 | 750.00 | 05 (पाँच) माह |
| 02 | पड़वा | 400 | 391340.00 | 8000.00 | 750.00 | 05 (पाँच) माह |
| 03 | मेदिनीनगर + सतबरवा | 400 | 391340.00 | 8000.00 | 750.00 | 05 (पाँच) माह |
| 04 | चैनपुर + रामगढ़ | 400 | 391340.00 | 8000.00 | 750.00 | 05 (पाँच) माह |
| 05 | विश्रामपुर + नावा बजार | 400 | 391340.00 | 8000.00 | 750.00 | 05 (पाँच) माह |
| 06 | उँटारी रोड + पाण्डू | 400 | 391340.00 | 8000.00 | 750.00 | 05 (पाँच) माह |
| 07 | मनातू + तरहसी | 400 | 391340.00 | 8000.00 | 750.00 | 05 (पाँच) माह |
| 08 | लेस्लीगंज | 400 | 391340.00 | 8000.00 | 750.00 | 05 (पाँच) माह |
| 09 | पाँकी | 400 | 391340.00 | 8000.00 | 750.00 | 05 (पाँच) माह |
| 10 | हुसैनाबाद | 400 | 391340.00 | 8000.00 | 750.00 | 05 (पाँच) माह |
| 11 | हैदरनगर + मोहम्मदगंज | 400 | 391340.00 | 8000.00 | 750.00 | 05 (पाँच) माह |
| 12 | नौडीहा बाजार + छत्तरपुर | 400 | 391340.00 | 8000.00 | 750.00 | 05 (पाँच) माह |
| 13 | पिपरा + हरिहरगंज | 400 | 391340.00 | 8000.00 | 750.00 | 05 (पाँच) माह |

10. निविदा की शर्तें एवं परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से download किया जा सकता है।
11. नलकूपों की मरम्मति एवं सम्पोषण का कार्य जनहित कार्य को ध्यान में रखते हुए निविदा की जा रही है।
12. शिकायत प्राप्त होने के उपरांत 24 (चौबीस) घंटों में मरम्मति करना आवश्यक होगा, अन्यथा विपत्र से समानुपातिक राशि की कटौती की जायेगी।
13. विभाग से स्वीकृति उपरान्त राशि प्राप्त होने पर ही भुगतान की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,मेदिनीनगर

PR 308690 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

### जिला समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

# लक्ष्य पूरा नहीं करने वाले बीपीओ का कटेगा वेतन : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की। इस दौरान उन्होंने मुख्य रूप से मनरेगा अन्तर्गत कार्य करने वाले मजदूरों की संख्या, मजदूरों की बकाया राशि, प्रधानमंत्री आवास, डोभा, आधार वेरिफिकेशन, जॉब कार्ड वेरिफिकेशन, बिरसा हरित ग्राम योजना, कुंआ निर्माण की प्रगति, प्रधानमंत्री पशुधन विकास योजना, जल समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सोख्ता गड्ढा, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, प्लेग्राउण्ड, दीदी बाड़ी योजना, आंगनबाड़ी केन्द्र, बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर आवास, सामाजिक सुरक्षा अन्तर्गत पेंशन योजना, सहित अन्य सभी योजनाओं की समीक्षा की। सर्वप्रथम उन्होंने मनरेगा योजना की समीक्षा करते हुए कार्य कर रहे मजदूरों के बारे में जानकारी ली। मजदूरों का लंबित बकाया राशि, आधार वेरिफिकेशन, जॉब कार्ड वेरिफिकेशन से संबंधित जानकारी लेते हुए मनरेगा मजदूरों के लंबित बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया। डीसी ने



प्लेग्राउंड की भी जानकारी ली। उपायुक्त ने प्लेग्राउंड में ड्रेसिंग रूम, शौचालय का निर्माण कार्य को लेकर समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान डीसी ने लक्ष्य के विरुद्ध कार्य नहीं किये जाने पर संबंधित बीपीओ का वेतन काटने के निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने सहकारिता, पशुपालन, गव्य विकास मत्स्य विभाग की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले के तालाबों में कैसे मछली उत्पादन को बढ़ावा देना है इसपर चर्चा की, साथ ही केज कल्चर के माध्यम से मछली उत्पादन बढ़ाने पर बल दिया। इसी तरह उन्होंने भूमि संरक्षण विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, भू-अर्जन विभाग, शिक्षा विभाग, आपूर्ति विभाग, समाज कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा, खेल व पर्यटन विभाग की भी समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, तीनों एसडीओ, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता समेत सभी बीडीओ-सीओ उपस्थित थे।

## तस्वीर झूठ ना बोले



**पानी देने में भी बेईमानी :** सरकार घर - घर जल देने के लिए जल- नल योजना चला रही है। लेकिन पेयजल स्वच्छता विभाग के संवेदक इसमें भी बेईमानी कर रहे हैं। हाल यह है कि गर्मी आने के पहले ही योजना का पानी सूख जायेगा। लोग संवेदक से तू -तू मैं -मैं भी कर रहे हैं, पर इसका कोई असर नहीं हो रहा है। तस्वीर चैनपुर प्रखंड के लादी गांव की है। जहां जल - नल योजना का वाटर टावर घटिया बनाया गया है। बिना प्लास्टर के आनन फानन में दीवार का रंग रोगन किया जा रहा है। गांव के लोग विरोध कर रहे हैं, तो संवेदक के लोग उन्हें धमका रहे हैं। इस पंचायत में पांच टावर बनाये जा रहे हैं। लेकिन सबके निर्माण में प्राक्कलन की अनदेखी की जा रही है। - छाया भोला

## गागर में सागर

### जल सहिया कर्मचारी संघ ने दिया एक दिवसीय धरना



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला जल सहिया कर्मचारी संघ का एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया । मौके पर कहा गया कि 12 वर्षों से हम लोग अपना योगदान जलसहिया के रूप में दे रहे हैं । लेकिन हम लोगों को मानदेय के नाम पर हमेशा छला जा रहा है। समय से हमलोगों को मानदेय नहीं मिलता है। ऐसे में हमलोगों का 48 माह से लंबित मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि भुगतान किया जाये। ऐसा नहीं होने पर धरना का कार्यक्रम जारी रहेगा।

### टेंपो के धक्के से महिला घायल



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के सद्दिक चौक के पास चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चढ़नवा निवासी शंकर चौधरी की पत्नी बसंती देवी उम्र 40 वर्ष टेंपो के धागे से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि बसंती देवी सोमवार की सुबह किसी काम से डाल्टनगंज गई थी। घर लौट के दौरान सद्दिक चौक के पास एक टेंपो चालक ने उसे पीछे से धक्का मार दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर बसंती देवी का इलाज करवा रहे हैं।

### एमकेडीएवी के छात्र एन.सी.सी. कैंप के लिए गढ़वा गये

**मेदिनीनगर।** एमके डीएवी के 27 छात्र 44वीं बटालियन एन.सी.सी. पलामू द्वारा आयोजित ए.टी.सी. के 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु एस.पी.डी. कॉलेज गढ़वा के लिए रवाना हुए। इस प्रशिक्षु दल में साहिल राज के नेतृत्व में बी सर्टिफिकेट की परीक्षा देने हेतु 11वीं कक्षा के कुल 6 छात्र गए हैं। शेष छात्र जूनियर डिवीजन प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस दल में 8 छात्राएं भी गई हैं। इस कैंप में प्रशिक्षु छात्र फायरिंग,परेड, ट्रैकिंग, ड्रिल, रनिंग इत्यादि का अभ्यास कर स्वयं को विषम परिस्थितियों हेतु तैयार करेंगे, एवं जीवन के हर पक्ष को सुधारेंगे। इस अवसर पर प्रशिक्षु छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जी.एन. खान ने कहा कि एन. सी. सी. विद्यार्थियों के अंदर सैन्य प्रशिक्षण के माध्यम से देशभक्ति का भाव भरता है तथा उन्हें किसी भी परिस्थिति में जीवन जीने हेतु दक्ष बनाता है। यहां कठिन समय में स्वयं को तैयार रखने हेतु हर तरह का प्रशिक्षण दिया जाता है, जो छात्रों के जीवन को अनुशासित एवं समर्थ बनाता है। एनसीसी प्रमाण पत्रों के आधार पर उन्हें नौकरियों में वरीयता दी जाती है तथा भारतीय सैन्य सेवा में कार्य करने का अवसर भी प्राप्त होता है। उन्होंने छात्रों को अग्रिम शुभकामना दी। यह प्रशिक्षण पी. आई. स्टाफ एवं कर्नल अमिताभ मुखर्जी कमांडिंग अफसर 44वीं बटालियन एनसीसी पलामू के निर्देशन में पूरा किया जाएगा। छात्रों के साथ विद्यालय के शारीरिक शिक्षक श्री विक्रम रॉय ने भी प्रस्थान किया।

# भाकपा नेता ने किया चियांकी का दौरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ,सदर प्रखंड सचिव उमेश सिंह चेरो ने सदर प्रखंड के चियांकी गांव का दौरा सुबह में किया। जिसमें यह पाया कि ग्राम चियांकी में कई लोगों का मकान बारिश में गिर गया है। जांचोंउपरांत पलामू उपायुक्त को पत्र लिखकर इस घटना से अवगत कराया । साथ ही उनकी मदद का अनुरोध किया है।

# दहेज हत्यारोपी पति, सास व एक अन्य को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला व सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने दहेज हत्या के एक मामले में पति उपेंद्र महतो सास उर्मिला देवी व अरविंद महतो को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इस संबंध में पंडवा थाना अंतर्गत सरैया निवासी शिव शंकर महतो ने चार लोगों के विरुद्ध सदर सतबरवा थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था।जो कांड संख्या 454 /15 तिथि 23 जुलाई 2015 को भारतीय दंड विधान की धारा 304 बी 498 ए /34व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया था। मुदालय गन पर



आरोप था कि सूचक शिव शंकर मेहता अपनी बेटी पूनम कुमारी की शादी वर्ष 2012 में उपेंद्र महतो के साथ किया था। मुदालय गण सभी मिलकर पूनम कुमारी से शादी के बाद से ही दो लाख रुपया नगद और मोटरसाइकिल की मांग दहेज के लिए करने लगे। जिसकी सूचना पूनम देवी द्वारा अपने पिता को मृत्यु के पूर्व अनेकों बार दी गई थी।सूचक द्वारा दहेज की मांग की पूर्ति नहीं किए जाने पर पूनम देवी को शारीरिक मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। सूचक दहेज मांगने की शिकायत अपनी पुत्री से प्राप्त होने के बाद पंचायत भी कराई गई थी। 23 जुलाई 2015 अभियुक्त गन मिलकर पूनम देवी की रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दिए थे। क्योंकि पूनम देवी के माता-पिता द्वारा दहेज की मांग पूर्ति नहीं की गई थी। अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए सतबरवा थाना अंतर्गत हुटार निवासी उपेन्द्र महतो, उर्मिला देवी, अरविंद महतो को 10 बर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

# शराबी पति ने पत्नी को कैची से मारकर किया घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सतबरवा थाना क्षेत्र के गौरा गांव निवासी परशु भुइयां नशे की हालत में अपनी पत्नी मंजू देवी उम्र 25 वर्ष को सिर में कैची से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में घायल मंजू देवी ने बताया कि शनिवार की रात हमारे पति परशु भुइयां शराब के नशे में घर पर पहुंचे और घर में सभी को गाली गलौज करने लगे। जब हम इसका विरोध करने लगे तो हमे मार पीट कर सिर में कैची से मार कर घायल कर दिया। इस घटना के बाद परिजनों के द्वारा मंजू को इलाज के लिए सतबरवा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने मंजू की गंभीर स्थिति को देखकर उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। सदर अस्पताल में इलाज के बाद महिला मंजू देवी खतरे से बाहर है। वही इस घटना के बाद घायल के माता पिता द्वारा घटना से संबंधित मामला सतबरवा थाना में दर्ज करा दिया गया है। मामला दर्ज होने के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

# राजा मेदिनी राय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत सलतुआ पंचायत के सरनावा में राजा मेदिनी राय फुटबॉल टूर्नामेंट - 2023 का आयोजन किया गया । मैच का शुभारम्भ समाजसेवी सह राजद पलामू जिला सचिव विश्वास सिंह उर्फ गुडन ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। पहला मैच खुरा बनाम मलतुआ खेलाया गया जिसमें खुरा ने 2-1 से विजय रहा । दूसरा मैच जयनगरा बनाम बहेरा कला को खेलाया गया। जिसमें जयनगरा की टीम ने 3-0 से विजय रहा । राजा मेदिनी राय फुटबॉल टूर्नामेंट के समिति - अध्यक्ष - दिलीप सिंह कोषाध्यक्ष - यशवंत कुमार गुप्ता ,सचिव -रितेश सिंह, मंत्री कालीचरण प्रसाद महामंत्री समाजसेवी विनोद सिंह ,रेफरी कंचन सिंह,दिलीप सिंह, लाइन मैन - निक्की सिंह,विशाल सिंह ,गोल जजमेंट -गोबिंद सिंह, फाकुड़ सिंह, अकलेश सिंह ,निगरानी समिति मुन्ना सिंह,गोपी सिंह,अकलेश सिंह, प्रदीप पासवान, उपेंद्र पासवान ,रमेश सिंह (डेगन सिंह ),छोटू सिंह, अभय सिंह, गोबिंद सिंह,सोनू सिंह, बाबूलाल सिंह,अभिषेक गुप्ता ,झुनू सिंह,गोलू सिंह इत्यादि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# गरीब बच्चों को भी अवसर दें: नगर आयुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गांधी उद्यान में जैरी लैंड का उद्घाटन नगर आयुक्त रवि आनंद एवं प्रथम महापौर अरुणा शंकर द्वारा किया गया। मौके पर काफी संख्या में शहर के गण्यमान्य महिला पुरुष उपस्थित थे। नगर आयुक्त रवि आनंद ने उद्घाटन करते हुए कहा यह गेम जोन बच्चों को अपनी ओर आकर्षित करेगा लेकिन गरीब बच्चों के लिए सप्ताह में एक दिन 3 घंटे का अवसर निःशुल्क दें। ताकि वे बच्चे भी इस नए-नए गेम्स का लुफ्त उठा सकें। उन्होंने कहां कि निगम ने कई और भी योजनाएं बना रखी हैं जो निगम क्षेत्र के तस्वीर को बदलेगा। प्रथम महापौर ने कहा कि हमारा शहर बदल रहा है। गांधी मैदान जहां कचरे का ढेर लगा रहता था। अगल-बगल के घर वाले खिड़कियां बंद रखते थे। ताकि दुर्गंध ना आये वहीं आज उद्यान की तरफ की खिड़कियां खोली जा रही हैं । यह बदलते शहर का स्वरूप है। मरीन ड्राइव बन जाने से लोगों का आकर्षण इस ओर बढ़ रहा है। लेकिन दुखद बात है कि इसे बर्बाद करने में कुछ लगे हैं। इसे आप रोकें। यह शहर आपका भी है। गांधी उद्यान में खुले जैरी लैंड का विशेष आकर्षण का केंद्र 7 थिएटर ,भूत बंगला, बंपर कार, बुल फाइट एवं टॉय ट्रेन है जो बच्चों को एक नया मनोरंजन दे रहा है। इस अवसर पर लायंस फेमिना, पलामू चैंबर लेडीज विंग, रोटरी क्लब एवं शहर के काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

### झारखंड स्काय मार्शल आर्ट ट्रेनिंग का सेमिनार संपन्न

**मेदिनीनगर।** झारखंड स्काय मार्शल आर्ट्स संघ द्वारा आयोजित एक दिवसीय स्काय ट्रेनिंग सेमिनार में झारखंड से 60 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें बोकारो, धनबाद, लातेहार, गढ़वा , पलामू के खिलाड़ियों ने बढ़- चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने लिए उड़ीसा स्काय संगठन के सचिव एके. सलाउद्दीन एवं उनके सयोगी जाहिद अफजल, एस के सलाम, उड़ीसा से आकर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया। मौके पर दो नंबर टाउन थाना के थाना प्रभारी सुधीर सिंह ने खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया। मौके पर झारखंड स्काय संगठन के सचिव दीपक तिवारी, बोकारो के जिला सचिव उमेश नायडू, लोहरदगा के जिला सचिव अमित सिंह, गढ़वा के जिला सचिव मनोज सेंसाई , बिश्रामपुर प्रखंड सचिव डॉ अज्जू सिद्दीकी मौजूद थे।

## आस्था

## श्रद्धालुओं के लिए होगा आकर्षण का केंद्र, कार्य जारी

# साहित्य समाज चौक पर 15 लाख की लागत से पंडाल का निर्माण

### इस पंडाल में कोलकाता के मेदिनीपुर से आये कलाकार भव्य दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण कर रहे हैं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इस वर्ष भी दुर्गा पूजा के लिए सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के सभी सदस्य जोर-शोर से पूजा की तैयारी में जुटे हुए हैं। शहर के साहित्य समाज चौक स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के पंडला में इस बार लोगो को आकर्षक दृश्य देखने को मिलेगा। इस पंडाल में कोलकाता के मेदिनीपुर से आए कलाकारों के द्वारा भव्य दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। यह पंडाल लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। कोलकाता से आए कलाकार दिलीप दा,बप्पी दा के साथ अन्य सहयोगी गलाश



रोज के थीम पर दुर्गा पूजा पंडाल का प्रारूप तैयार करने में जुट गए है।सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के सदस्य गोरख शर्मा ने बताया कि पंडाल निर्माण में 15 लाख का लागत आ रहा है। वहीं मां दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मीजी, गणेश जी, कार्तिक जी, शिव जी, पार्वती जी, महिषासुर बाघ आदि की प्रतिमा तैयार करने में 40 हजार रुपए की लागत आ रही है। उन्होंने बताया कि सप्तमी के दिन से ही भंडारा का आयोजन किया गया है।तीन दिन के इस भंडारे में हर दिन तरह-तरह के प्रसाद श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया जाएगा। इसके अलावा दुर्गा पूजा के आयोजन के लिए शक्ति की देवी मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमा भी बनायी जा रही है। वहीं कलाकार अपने सहयोगियों के साथ मां दुर्गा के अलावा मां सरस्वती, लक्ष्मीजी, गणेश जी, कार्तिक जी, शिव जी, पार्वती जी, महिषासुर बाघ आदि की भव्य व आकर्षक प्रतिमा बनाने में जुट गए हैं। जैसे-जैसे नवरात्र का समय नजदीक आ रहा है शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में भक्ति का माहौल भी बनने लगा है। हर तरफ दुर्गा पूजा को लेकर विभिन्न समितियों द्वारा भव्य तैयारी की जा रही है। सजावट के लिए बाहर के कारीगर भव्य पंडाल के निर्माण में जुट गए हैं।

### विश्वकर्मा समाज की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर जोर

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में विश्वकर्मा समाज की प्रखंड इकाई की बैठक स्थानीय खादी भंडार के समीप उदयनाथ विश्वकर्मा कम्प्लेक्स में हुई। इसकी अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष उदयनाथ विश्वकर्मा व संचालन शिक्षक जयप्रकाश शर्मा ने किया। बैठक की शुरूआत भगवान विश्वकर्मा बाबा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर बैठक में समाज के लोगों को जागरूक कर संगठन को मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया है। गांव गांव में लोगों से संपर्क कर एकजुटता के साथ संगठन का विस्तार किया जायेगा। सदस्यता अभियान चलाकर समाज के लोगों को जोड़ने का कार्य किया जायेगा। समाज के अन्य लोगों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। सचिव अरुण कुमार विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा, शशिकांत विश्वकर्मा, पुजारी सुनील शर्मा, आदि दर्जनों विश्वकर्मा समाज के लोग मौजूद थे।

# इलेक्ट्रिक वाहन ऋण सेवा कंपनी ने अमित को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के कांदू मोहल्ला निवासी अमित कुमार सिंह को लखनऊ गोल्डन बेल्जियम रिजॉर्ट में रेवफिन इलेक्ट्रिक वाहन ऋण सेवा कंपनी ने बेहतर कार्य के लिए अवार्ड से सम्मानित किया है। इस संबंध में अमित कुमार सिंह ने बताया कि यह वह कंपनी है जो 2 मिनट में लोगों को लोन दे देती है। खासकर गरीबों को यह कंपनी बहुत ही आसान तरीके से लोन देती है। इस लोन के माध्यम से गरीबों को ई-रिक्शा मिलता है। इसे चला कर वह अपना जीवन बसर कर कंपनी का लोन आसानी से जमा कर देते हैं। बताते चलें कि अमित कुमार सिंह को यह कंपनी कलेक्शन के काम पर मेदिनीनगर में रखे हुए है। कंपनी ने 6 महीना के अंदर अमित सिंह के बेहतर परफॉर्मेंस को देखते हुए अवार्ड से सम्मानित किया है। कंपनी के आरएम शुब्रा विश्वास ने बताया कि रेवफिन इलेक्ट्रिक वाहन ऋण सेवा भारत में हजारों-लाखों लोगों की आय का जरिया




इलेक्ट्रिक रिक्शा, है जिसे लोग आसानी से लोन लेकर खरीद लेते हैं और हर महीने की कमाई से एक निश्चित राशि किस्त के रूप में भरकर लोन भी चुका देते हैं। रेवफिन ऐसी ही एक फाइनैंस कंपनी है, जो लोगों को सबसे तेज गति से इलेक्ट्रिक वीइकल लोन मुहैया करने का दावा करती है। इनके इसी परफॉर्मेंस को देखते हुए कंपनी के द्वारा अमित को अवार्ड से सम्मानित किया गया है। मौके पर उपस्थित अमित कुमार सिंह ने कहा कि अवार्ड पाकर मुझे बहुत ही खुशी महसूस हो रही है। मैं अपने कंपनी के लिए आगे भी बेहतर काम करना चाहता हूं। अवार्ड मिलने के बाद उन्होंने रेफविन कंपनी के सभी कर्मियों को धन्यवाद दिया।

## गागर में सागर

### केतार के कोल मोड़ पर टेंपो चालकों में जमकर हुई मारपीट, नहीं पहुंची पुलिस



**केतार।** थाना से महज तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित कोल्ह मोड़ पर सोमवार की शाम दो टेंपो चालकों में करीब आधा घंटा तक जमकर मारपीट हुई। जानकारी के अनुसार रपुरा गांव निवासी टेपों चालक रंजन कुमार को बांसडीह गांव के बीगहा टोला निवासी टेंपो चालक बसंत पासवान और उसके चार -पांच साथियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना जब फोन से थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो को दी गई तो उन्होंने बताया कि वो छुट्टी पर हैं। वहीं प्रभारी थाना प्रभारी संजय हेंब्रम ने कहा कि वे बंशीधर नगर में बैठक में है। थाना में और दूसरी गाड़ी नहीं है। खबर लिखे जाने तक घटना के एक घंटे बाद तक घटनास्थल पर पुलिस नहीं पहुंची सकी थी। घटनास्थल पर सैकड़ो लोग मौजूद होकर पुलिस के आने का इंतजार करते रहे।

### सब जूनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए टीम का गठन करने का निर्णय

**गढ़वा।** गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक की उपस्थिति में संघ कार्यालय में जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष आनंद प्रकाश दुबे की अध्यक्षता में रविवार को संघ की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में लातेहार में आगामी माह में होने वाली सब जूनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए जिला वॉलीबॉल टीम के गठन का निर्णय लिया गया। इसके लिए 29 अक्टूबर को ट्रायल कराने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही साथ गढ़वा जिला को राज्य संघ के द्वारा अंतर जिला यूथ वॉलीबॉल प्रतियोगिता कराने की मिली जिम्मेवारी पर हर्ष व्यक्त किया गया। अंतर जिला यूथ वॉलीबॉल प्रतियोगिता 23 नवंबर से 27 नवंबर के बीच करने के लिए सहमति बनी। मौके पर संघ के कोषाध्यक्ष प्रणव कुमार, संघ के कार्यकारी अध्यक्ष नवीन पाठक, सचिव ओमप्रकाश तिवारी, उपाध्यक्ष कमलेश कुमार पांडेय, श्याम बाबा, विवेक तिवारी, सह सचिव पंकज मिश्रा, अरविंद दुबे, शैलेश नंदन सिन्हा, संजीव पांडेय, ओम प्रकाश चौबे, संजय कुमार, अवधेश कुमार, अखिलेश प्रसाद, वॉलीबॉल कोच प्रभात रंजन तिवारी, साइक्लिंग संघ के सचिव अरविंद दुबे, अंशु दुबे, विकास तिवारी, विशाल पांडे, समर रजा, अरुण तिवारी, शुभम कुमार मौजूद थे।

### अधूरे आवास को पूर्ण कराने का निर्देश

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में सोमवार को जिला कोऑर्डिनेटर संजीव कुमार ने प्रखंड कर्मियों के साथ पंचायतवार समीक्षा बैठक की। उन्होंने 10 अक्टूबर तक अधूरे आवास को हर हाल में पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो लाभुक पहली और दूसरी किशत की राशि लेने के बाद भी आवास पूर्ण नहीं कर रहे हैं, उनके घर जाकर उन्हें आवास पूर्ण कराने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आवास योजना को पूर्ण कराने के लिए कर्मियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा की प्रखंड में 255 आवास अभी भी अधूरे हैं। अधूरे आवास को पूर्ण कराएं अन्यथा राशि रिकवरी कर उन पर कार्रवाई होगी। उन्होंने संबंधित मुखिया, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक को आवास पूर्ण कराने को कहा। इस मौके पर प्रमुख चंद्रावती देवी, बीडीओ मुकेश मछुआ, मुखिया मुंगा साह, प्रमोद कुमार, बसंती देवी, ललिता देवी, नीलम देवी, पंचायत सचिव राजीव कुमार, अशोक कुमार, कनीय अभियंता अमर भारती, आनंद कुमार, बीपीओ मनोज कुमार, रोजगार सेवक धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, पंकज सिंह, दीपक जयसवाल, राजकुमार प्रजापति, समन्वयक राकेश कुमार, अनुप कुमार आदि उपस्थित थे।

### बागवानी का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने सोमवार को परती कूशवानी पंचायत में मनरेगा से संचालित आधा दर्जन योजनाओं का निरीक्षण किया। बीडीओ ने बत्तों कला गांव में गोल्डी प्रताप शाही, रंजीत प्रताप शाही,परती कुशवानी में चंद्रावती देवी और जयमुर्ती देवी आदि के खेत में योजना का निरीक्षण कर लाभुकों को देखरेख करने के लिए मार्गदर्शन दिया। मौके पर मुखिया मुन्नी देवी, बीपीओ मनोज कुमार, रोजगार सेवक दीपक जयसवाल मौजूद थे।

### जल जीवन के तहत दिया गया प्रशिक्षण

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के तत्वावधान में एक्शन फॉर कम्युनिटी एम्पावरमेंट रांची द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत चार पंचायतों के प्रत्येक ग्राम से जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया,सेविका तथा महिला समिति के दो एक्टिव महिलाओं सहित कुल पांच महिलाओं को जल गुणवत्ता जांच के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण एनजीओ के जिला कोर्डिनेटर आनंद मोहन चौबे ने दिया। जल जांच का किट भी उपलब्ध कराया गया। एनजीओ के प्रखंड कोर्डिनेटर रामकिशुन राम, मीरा देवी, करुणा देवी, रीना देवी, प्रभा देवी, संगीता देवी, फूलकुमारी देवी, प्रभावती देवी आदि उपस्थित थी।

### झामुमो युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले मंत्री मिथिलेश ठाकुर

# सोरेन के नेतृत्व में विकास का नित्य नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा राज्य

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

रंका के विश्रामपुर स्थित संत जोसेफ मिशन उच्च विद्यालय के सभागार में सोमवार को झामुमो युवा मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यकर्ताओं एवं विद्यालय प्रबंधन ने मंत्री का स्वागत किया। सम्मेलन में रंका, रमकंडा एवं चिनियां प्रखंड के युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हुए।

मौके पर ठाकुर ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार आदिवासी, दलित, वंचित, शोषित व पिछड़ों के हक-अधिकार की रक्षा एवं उन्हें सामाजिक न्याय देने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। सोरेन के नेतृत्व में राज्य विकास का नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। झारखंड राज्य लगातार विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है। यह बात विपक्षियों को पच नहीं रही है। इसलिए विपक्षी ताकतें सरकार को अस्थिर कर राज्य के विकास में बाधा डालना चाहती हैं। लेकिन हम सब लोगों को एकजुट होकर ऐसी ताकतों को करारा जवाब देना होगा। मंत्री ने कार्यकर्ताओं को कहा कि हम सबको



जनता के बीच जाकर विपक्षी खेमे की सच्चाई को उजागर करना है ताकि जनता विपक्ष की असलियत जान सके। उन्होंने कहा कि युवाओं में बहुत बड़ी ताकत होती है। युवा यदि ठान लें तो कोई भी काम असंभव नहीं है। आज हमारे सभी युवा कार्यकर्ता अपनी सरकार एवं अपने जनप्रतिनिधि के बेहतर कार्यों के उत्साह से लबरेज हैं। सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र की जनता के बीच जायें एवं सरकार द्वारा उनके हित के लिए किये जा रहे कार्यों को बतायें एवं सरकारी योजनाओं से उन्हें लाभान्वित करने का भी कार्य करें। साथ ही सभी कार्यकर्ता विपक्ष के काले कारनामों को भी जनता को बतायें कि उनकी चुनी हुई झारखंडी जनमानस की जनप्रिय सरकार को विपक्ष कैसे परेशान कर रही है। राज्य की जनता का हक एवं अधिकार कैसे लूट रही है। मंत्री ने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी हेमंत सरकार ने राज्य का जितनी तेजी से विकास किया है वह विपक्ष को पच नहीं रहा है। झारखंड में भाजपा को अपनी जमीन खिसकती नजर आ रही है। इसीलिए केंद्र सरकार ईडी, सीबीआई को मोहरा बनाकर बेवजह राज्य के विकास को बाधित करने, गरीबों की चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने पर तुली हुई है। मंत्री ने कहा कि जनता भाजपा के चाल एवं चरित्र को अच्छी तरह से समझ चुकी है। समय आने पर जनता इसका करारा जवाब देगी। मौके पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय सिंह छोटू, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, ताहिर अंसारी, अतहर अली, दिलीप गुप्ता, आशीष गुप्ता, अरविंद यादव, कार्तिक पांडेय, रतन सिंह, राजकिशोर यादव, हेमंत लकड़ा, देवेंद्र तिवारी, ज्योति लकड़ा, लीलावती देवी, दीपक सोनी, पप्पु यादव सहित रंका, रमकंडा, चिनिया के सभी पंचायतों के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बिना प्राण प्रतिष्ठा प्रतिष्ठित मूर्ति की पूजा करने से होता है शोक : जीयर स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि शास्त्र में बताया गया है कि दुनिया में एक ही भगवान हैं शालीग्राम। ये भगवान का कभी प्राण, प्रतिष्ठा नहीं किया जाता है। बाकी जितने भी मनुष्य द्वारा मुर्ति की स्थापना की जाती है। प्राण प्रतिष्ठा की जाती है। यदि दो चार दिन भोग न लगे तो फिर से प्राण प्रतिष्ठा करीए। नहीं तो ऐसे बिना प्राण प्रतिष्ठा, बिना प्रतिष्ठित मुर्ति की पूजा करने से शोक होता है। भय होता है। अनेक प्रकार के यश कृति का समापन होता है, अपयश होता है। अतः नही करना चाहिए। जो खंडित मुर्ति हो उसका भी पूजा नहीं करना चाहिए। अन्यथा भय, शोक, उपद्रव, अशांति होता है। अलग अलग व्यक्ति की अलग अलग मर्यादा है। शास्त्र कहता है सभी व्यक्ति एक ही मर्यादा में रहेगा। यह ठीक नहीं है। गृहस्थ आश्रम में रहकर विवाह करके कोई संकल्प ले लिया कि हमें पत्नी से मतलब ही नहीं है उनको पाप लगेगा। महा नर्क हो जाएगा। ऐसा नहीं कि विवाह कर लिया फिर दाढ़ी बढ़ा करके, दंड कमंडल ले करके घूमने लगे। यह कौन तरीका है। काहे को विवाह किया। घर परिवार को सजाओ। शिक्षित करो। बच्चों को संस्कार दो। बेटा बेटी को विवाह करो। सारे परिवार के लोगों को संवर्धन कर दो। तब वैराग्य धारण करो ऐसा बताया गया है। तब भगवान प्रसन्न होंगे। तब आत्म कल्याण होगा। बड़े लोगों द्वारा थोड़ी सी ही चूक होती है उसका बहुत बड़ा परिणाम भोगना पड़ेगा। जो जितना पात्र का अधिकारी होगा उसी के अनुसार दंड का अधिकारी होगा। जो जितना बड़ा होता है उसके अनुसार वैसा ही दंड की प्रक्रिया होती है। यदि किसी के घर पर कौवा तथा गिद्ध बैठ जाए तो यदि उस घर वाले का कोई सामर्थ्य नहीं हो तो सुंदरकांड का पाठ कर लें। हनुमान चालीसा का पाठ कर लें उसी से मार्जन हो जाएगा। कोई धनी व्यक्ति हो तो उसको पूजन पाठ, भोग भंडारा इत्यादि करना पड़ेगा। ऐसा बताया गया है। इसीलिए सबके लिए अलग अलग व्यवस्था बनाई गई है। सबके लिए एक ही नियम लागू नहीं हो सकता है। जैसे कि गलती एक पागल व्यक्ति करता है तो उसे थोड़ा सा डांट करके छोड़ा जा सकता है, परंतु वहीं गलती यदि बड़े अधिकारी या पढ़े लिखे लोग करते हैं तो उन्हे कठोर दंड भोगना पड़ता है।

## डंडई प्रखंड के नए बीडीओ ने किया पदभार ग्रहण

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**



राहुल कुमार सानू ने प्रखंड के 29 वें बीडीओ के रूप में सोमवार को पदभार ग्रहण किया। वर्तमान बीडीओ सोमा उरांव से प्रखंड कार्यालय के कार्यालय कक्ष में उन्होंने पदभार ग्रहण करने का काम किया। उसके बाद विदाई सह स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में आयोजित उक्त कार्यक्रम में सबसे पहले विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके बाद स्वागत समारोह हुआ। विदाई समारोह के दौरान प्रखंड के कई जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ आम अवाम ने सोमा उरांव को गुलदस्ता और शॉल ओढा कर विदाई दी। इस दौरान अंचल अधिकारी चुनाराम हेंब्रम पूरी तरह भावुक हो गए। लोगों ने प्रखंड के नए बीडीओ से भी प्रखंड के विकास की अपेक्षा करते हुए कहा कि जिले के अन्य प्रखंडों में डंडई प्रखंड सबसे पिछड़ा ब्लॉक है। वहीं सोमा उरांव ने कहा कि प्रखंड के लोग काफी भोला भला और मिलनसार प्रवृत्ति के हैं। मेरे कार्यकाल में प्रखंड का जो भी विकास हुआ है वह सभी के सहयोग का प्रतिफल है। हम चाहे जहां भी रहेंगे डंडई के लोग हमारे दिल में बसे रहेंगे। राहुल कुमार सानू ने कहा कि प्रखंड का अग्रेतर विकास हमारी पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर प्रखंड कर्मी अंचल के कर्मी के साथ प्रमुख कांति देवी 20 सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन अंसारी के अलावा सभी पंचायत के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी के योगदान का इंतजार

**केतार।** उदय कमल प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी के अतिरिक्त प्रभार में कार्यरत है, लेकिन आज तक उन्होंने योगदान नहीं दिया है। जानकारी के अनुसार उदय कमल, फिलहाल चार प्रखंडों के प्रभार में हैं। इनके जिम्मे केतार के अलावा कांडी, बरडीहा एवं मझिआंव प्रखंड है। वे कब कार्यालय आते और कब जाते हैं, इसकी जानकारी प्रखंड कार्यालय को भी नहीं है। इनके प्रखंड में नहीं आने के कारण केतार प्रखंड के किसानों को आये दिन अपनी समस्याओं को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ता है। केतार प्रखंड में कुल सात पंचायत हैं और सभी पंचायतों में पैक्स का गठन किया गया है। पैक्स के माध्यम से किसानों को विभाग द्वारा समय-समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराई जाती है। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी के उपस्थिति में वितरण कराना है। किसानों को फसल बीमा भी करवाना है। रबी एवं खरीफ फसल के क्रॉप कटिंग भी करना है। लेकिन उन्हें प्रखंड के किसानों से कुछ लेना देना नहीं है।

## 'उचित मुआवजा मिलने तक शुरू नहीं होने देंगे एनएच-75 फोरलेन का काम'

### उपायुक्त ने सांसद, विधायक की उपस्थिति में भूमालिकों के साथ की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

एनएच 75 के फोरलेन सड़क निर्माण में कई गांवों के भूमालिकों को कम मुआवजा के मिलने का विरोध किए जाने पर सोमवार को उपायुक्त शेखर जमुआर ने पलामू सांसद बीड़ी राम, स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही की उपस्थिति में भूमालिकों के साथ अनुमंडल कार्यालय परिसर में बैठक की। इस दौरान भूमालिकों ने उचित मुआवजा नहीं मिलने तक काम नहीं करने देने की बात दोहराई। भूमालिकों ने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व बिलासपुर तथा हलीवंता गांव में पुल पुलिया निर्माण में एनएच 75 के लिए तय मुआवजा राशि से ज्यादा मिला। लोगों ने कहा कि स्थानीय राजस्व विभाग द्वारा भी एलपीसी तथा रजिस्टर टू को ऑनलाइन नहीं किया जा रहा है। उपायुक्त ने भूमालिकों को आश्वस्त किया कि नए पदाधिकारी आए हैं। जल्द इस मामले का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने भूमालिकों से कहा कि जब वे इस जिला में पदस्थापित हुए हैं तब से कई कार्य जनहित में करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुआवजा की राशि लैंड रिकॉर्ड



के अनुसार ही तय की गई है। विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि पूरे राज्य में खासकर गढ़वा जिला में रजिस्टर टू का ऑनलाइन ज्यादा शिकायत है। इस मामले पर मैं विधानसभा में भी सवाल उठा चुका हूं। उन्होंने भूमालिकों से मुआवजा राशि को लेकर आग्रह किया कि आप लोग जो मुआवजा राशि दी जा रही है उसे आपत्ति कर ले लें और सड़क का निर्माण कार्य होने दें। न्यायालय का फैसला आने के बाद जो आदेश होगा वह भी विभाग पूरा करेगा। बैठक में भूअर्जन पदाधिकारी एजाज अहमद ने भूमालिकों को मुआवजा से संबंधित पूरी जानकारी विस्तृत तरीके से उपलब्ध कराई। बैठक में अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार, अंचल पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम, बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, प्रखंड के उप प्रमुख गणेश प्रताप देव, झामुमो के अमर नाथ पांडे, अविनाश कुमार, भू मालिक बिरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, अधिवक्ता बिरेंद्र मिश्रा, बिजय सिंह, कामेश्वर प्रसाद, अमर जायसवाल, मुन्ना जायसवाल, राजेश जायसवाल आदि उपस्थित थे।

## नदी में खड़े होकर विधायक से पुल निर्माण की मांग, होती है परेशानी

### ढाढ़रा नदी को पार कर जाना पड़ता है कालेज

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

बृजनाथ सिंह इंटर महाविद्यालय बलिगढ़. के प्राचार्या,अभिभावक और छात्रों ने क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही को आवेदन सौंपकर बलिगढ़ गांव स्थित ढाढ़रा नदी पर पुल निर्माण कराने का आग्रह किया है।

आवेदन में उल्लेख किया गया है कि सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त होने के पश्चात महाविद्यालय में 2022-24 एवं 2023-25 के लिए नामांकन लिया गया है। हम सभी शिक्षक और छात्र - छात्राओं को ढाढ़रा नदी को पार कर क्लास करने कालेज जाना पड़ता है। वर्षा के दिनों में हमलोगों को नदी पार होने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है जिस कारण हम लोग



नियमित कालेज नहीं जा पाते हैं। इससे पढ़ाई भी बाधित हो रही है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा सिंह और विद्यार्थियों ने विधायक भानु प्रताप शाही से ढाढ़रा नदी पर जल्द पुल निर्माण कराने की मांग की है। उल्लेखनीय है की उक्त पुल का निर्माण होने से महाविद्यालय के छात्रों सहित गांव के ग्रामीणों को भी काफी सहुलियत होगी। मौके पर भूमि दाता योगेंद्र सिंह, प्राचार्या प्रतिमा सिंह, सदस्य प्रमोद सिंह, गणेश सिंह, रामाश्रय सिंह, नवनीत कुमार सिंह, विजय कुमार गुप्ता, चाहत सिंह, प्रमोद कुमार प्रजापति, अजय गुप्ता, विरेंद्र बैठा, धर्मेंद्र बैठा, रमेश जयसवाल, छात्रा पूजा कुमारी, सोनी कुमारी, प्रिया कुमारी, निर्मला कुमारी, खुशबू कुमारी, रूपा कुमारी, चांदनी कुमारी, तारा कुमारी, सुषमा कुमारी, पुनीता कुमारी, कमलेश कुमार, विजय कुमार, रितेश कुमार, समीर अंसारी, मंटू सिंह, मुखलाल गुप्ता मौजूद थे।

## चिनिया में बाइक समेत सखुआ की लकड़ी जब्त

**चिनिया।** वनकर्मियों ने बीती रात बड़ी कार्रवाई करते हुए मौके से एक मोटरसाइकिल पर लदे सखुआ का 4 पिस बना बनाया हुआ 6/4 का चौपहल को जब्त किया है। प्रभारी वनपाल अनिमेष ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात करीब 12:00 बजे बाजार रोड स्थित नाहर रोड पर कार्रवाई की गई है। लकड़ी तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। अभियान में प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार, बन कर्मी प्रेमचंद दास, हेमंत तिर्की, विपिन सिंह शामिल थे।

**ऐलान** दिसंबर के अंतिम सप्ताह में होगा जिलास्तरीय ब्राह्मण महाधिवेशन : प्रदेश अध्यक्ष

# 'काफी दयनीय हो गई है ब्राह्मण समाज के लोगों की स्थिति'

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा दिसंबर महीने के अंतिम सप्ताह में जिलास्तरीय ब्राह्मण महाधिवेशन का आयोजन करेगी। इसमें गढ़वा जिले के सभी गावों से ब्राह्मण समाज के लोग जुटेंगे और अपने अधिकार व भेदभाव के खिलाफ आवाज उठायेंगे। सोमवार को स्थानीय तिवारी रेस्ट हाउस में आयोजित पत्रकारवार्ता में महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पाठक ने उक्त बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्रनाथ त्रिपाठी के निर्देश पर पूरे राज्य में इस प्रकार का कार्यक्रम किया जाना है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय संरक्षक मनोज तिवारी सहित सभी राज्यों के प्रदेश



अध्यक्ष व विभिन्न पदों पर विराजमान ब्राह्मण समाज के लोग भी शिरकत करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि सभी के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाने का काम किया जायेगा। जिलाध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण समाज के लोगों की स्थिति आज काफी दयनीय हो गयी है। समाज के लोगों के पास जीविकोपार्जन के लिये न तो जमीनें हैं और न ही रोजगार। जो जमीनें थी, वे लड़के-लड़कियों को पढ़ाने में चली गईं। रोजगार नहीं मिलने की वजह से समाज के युवक रास्ता भटक रहे हैं। सरकार की एक भी योजना ऐसी नहीं है, जिससे ब्राह्मण समाज के लोगों को कोई उम्मीद रखनी चाहिये। इन सभी मुद्दों को समाज के बीच रखकर इसके लिये रणनीति बनायी जायेगी। जिला प्रभारी ब्रजेंद्र पाठक ने कहा कि ब्राह्मण समाज हमेशा पूरे समाज के लिये सोचने वाला रहा है, लेकिन इस समाज के बारे में दूसरे समाज के लोग नहीं सोचते हैं। इस सोच को बदलने की जरूरत है। मौके पर आनंद मोहन तिवारी, गोपाल दूबे, संतोष पांडेय, उमाशंकर द्विवेदी, यशवंत मिश्रा, महेंद्रनाथ दूबे, रामाशंकर चौबे, प्रमोद तिवारी, भूपेंद्र तिवारी आदि उपस्थित थे।

### सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को दी जाये फांसी की सजा : कमलेश पाठक

**गढ़वा।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पाठक ने रांची के धुर्वा निवासी मंदिर के पुजारी की पुत्री का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों के लिये फांसी की सजा की मांग की है। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर को चार लोगों ने पुजारी की पुत्री का अपहरण किया और सामूहिक दुष्कर्म कर अगले दिन तीन अक्टूबर को सुनसान स्थान पर छोड़ दिया। इस घटना के बाद से परिवार के सभी लोग काफी सदमे में हैं। एक आरोपी को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। इससे परिवार को जान से मारने की धमकी मिल रही है। पुलिस पुजारी परिवार को सुरक्षा देने में नाकाम रही है। सरकार से मांग करते हैं कि फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से सुनवाई कर सभी चारों आरोपियों को फांसी की सजा दी जाये। अन्यथा ब्राह्मण समाज पूरे राज्य में आंदोलन चलायेगा और सरकार में बैठे नुमाईंदगों का पुतला दहन करेंगे।

## चिनिया थाना क्षेत्र में जारी जंगली हाथियों का उत्पात



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

थाना क्षेत्र में हाथियों का आतंक जारी है। रविवार रात भी हाथियों ने थाना क्षेत्र के राजबांस गांव व चपकली गांव पर हमला बोलकर कई किसानों के खेतों में लगी फसलों को रौंद दिया। चपकली गांव निवासी रघुनाथ भूइयां की गाय को हाथियों ने पटक कर मार डाला। गांव निवासी रीना देवी व कुंती कुंवर का खपरैल घर भी हाथियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ितों ने वन विभाग से अविलंब मुआवजा की मांग की है। पूछे जाने पर प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि पीड़ितों को सरकारी प्रावधान के हिसाब से मुआवजा जरूर दिया जाएगा।

## गागर में सागर

### अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने शिक्षक विनीत को किया सम्मानित

**चंदवा।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद के बैनर तले रविवार 8 अक्टूबर को ध्रुवा रांची स्थित वाईबीएन



यूनिवर्सिटी के सभागार में झारखंड के उत्कृष्ट लेखकों, साहित्यकारों को उनके साहित्यिक सेवा और धर्म के लिए सम्मानित किया गया, जिसमें चंदवा प्रखंड के रहने वाले पेशे से शिक्षक सह लेखक विनीत कुमार को उनके प्रकाशित 9 पुस्तकों के लिए सम्मान प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि इनको नवसृजन सम्मान 2014 नई दिल्ली तथा दलित साहित्य अकादमी नई दिल्ली द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर नेशनल फेलोशिप अवार्ड 2021 प्रदान किया जा चुका है और अभी वर्तमान में उनकी पुस्तक पुष्पी पर वेब सीरीज फिल्म भी बनने जा रही है। विनीत कुमार वर्तमान में उच्च विद्यालय रोल में पदस्थापित है। कुमार ने यह सम्मान अपने प्रिय पाठको, प्रिय जनों और शुभचिंतकों को समर्पित किया है। अखिल भारतीय साहित्य परिषद झारखंड का आभार व्यक्त किया है।

### अंतर जिला हॉकी टूर्नामेंट की शुरुआत

**बरवाडीह।** मोरवाई पंचायत के झरना ग्राम में आजाद क्लब द्वारा कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो की स्मृति में



आयोजित अंतर जिला हॉकी टूर्नामेंट की सोमवार से विधिवत शुरुआत की गई, जिसका उद्घाटन जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर आदि ने किया। पहला मैच आर्मी ब्रदर्स हेटली और बहाबर लोहरदगा के बीच खेला गया। पेनल्टी शूट में लोहरदगा की टीम ने 3 -2 से जीत दर्ज की। मौके पर पेतृस बोदरा, आलोक डोडरॉय, गब्रिएल डोड़राय, अंकित बोदरा, अमृत डोड़राय, सिरनुस चम्पिया, जुस्टिन बोदरा, सिलास डोड़राय, एग्नेस बोदरा, विमल बोदरा, मसीह डोड़राय आदि मौजूद थे।

### शौर्य जागरण रथ यात्रा का भव्य स्वागत

**चंदवा।** अयोध्या से चली शौर्य जागरण रथ यात्रा का सोमवार को चंदवा पहुंचने पर बजरंग दल ने भव्य स्वागत किया। रथ में अयोध्या के मंदिर में बने रामलला के प्रारूप को चंदवा भ्रमण करवाया गया। जनवरी माह में मंदिर में स्थापित प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा किया जाना है, जिसके बाद दर्शन के लिए मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा। उक्त जानकारी चंदवा बजरंग दल के कौशल कुमार ने दी। मौके पर बजरंगदल के दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया था।

### बैठक में औद्योगिक विकास पर हुई चर्चा

**चतरा।** सदर प्रखंड के डाढा गांव में सोमवार को जिप सदस्य निशा कुमारी ने तुरी समाज के लोगों के साथ बैठक की। उन्होंने समाज के उत्थान पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए कहा कि आज भी यह समाज पारंपरिक तरीके से टोकरी सहित अन्य बांस की वस्तुएं बनाते आ रहा है। इन्हें वस्तु की सही कीमत नहीं मिल पाती है। यही कारण है कि अत्यधिक मेहनत करने के बाद भी इस समाज का आर्थिक विकास नहीं हो पाया है। यह समाज सामाजिक के साथ आर्थिक रूप से तभी विकसित होगा जब इसे औधोगिक रूप से विकसित किया जायेगा। इसके लिए लोगों को प्रशिक्षण दिलाना होगा और बांस के संरक्षण के प्रति गंभीर होना होगा। मौके पर समाजसेवी ओम प्रकाश वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### सघन टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

**चतरा।** सदर अस्पताल चतरा में सघन टीकाकरण अभियान का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. जगदीश प्रसाद ने



सोमवार को एक बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाकर की। तीसरे चरण का यह अभियान पूरे चतरा जिले में 9 से 14 अक्टूबर तक चलेगा। सिविल सर्जन ने बताया कि अभियान के दौरान शून्य से 5 वर्ष तक के 3530 बच्चों के साथ गर्भवती 665 महिलाओं का टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित है। जिले में कुल 407 बूथ बनाए गए हैं। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार ने कहा कि अभियान के दौरान सदर प्रखंड में 0 से एक वर्ष तक 331, एक से 2 वर्ष तक 127 तथा 2 से 5 वर्ष तक के 24 तथा एमआर वन भैक्सीन के 46 और एमआर टू के 67 लाभार्थियों का टीकाकरण किया जाना है। मौके पर डीएस डॉ. मनीष लाल, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार, डॉ. आशुतोष कुमार, डब्लूएचओ के अधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### समावेश समारोह का हुआ आयोजन

**मयूरहंड।** आकांक्षी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक कई गतिविधि आयोजित की गई। वहीं संकल्प सप्ताह के अंतिम दिन सोमवार को मंझगावा पंचायत सचिवालय में समावेश समारोह का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख मिकी देवी, बीडीओ साकेत सिन्हा, जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित ने किया।

## 60 फीट के पूजा पंडाल में 11 फीट से अधिक ऊंची होगी मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा

# रेलवे क्लब इस वर्ष बनाएगा राम मंदिर का भव्य पूजा पंडाल

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

रेलवे क्लब पूजा पंडाल पलामू प्रमंडल में अपनी भव्य और आकर्षक दुर्गा पूजा पंडाल को लेकर हर वर्ष चर्चित रहा है। इस वर्ष अपना 63वां स्थापना दिवस मना रहा रेलवे क्लब अयोध्या के श्री राम मंदिर का भव्य पूजा पंडाल का निर्माण कर रहा है। रेलवे क्लब में वर्ष 1961 से रेल अधिकारी दिवंगत विश्वनाथ पेटंडी द्वारा अपने अन्य सहयोगी रेल कर्मचारियों के सहयोग से पूजा पंडाल बनाना शुरू किया गया था। यह पूजा पंडाल वर्ष प्रतिवर्ष क्षेत्र का आकर्षण







बनता आ रहा है। इस वर्ष 60 फीट का पूजा पंडाल निर्माण किया जा रहा है, जिसका निर्माण कोलकाता का मशहूर कलाकार सुरेश दास अपने अन्य सहयोगियों के साथ बरवाडीह के काली टेंट हाउस के अजीत सहाय के सहयोग से कर रहा है। इस पूजा पंडाल को बनाने में 3 लाख से अधिक का खर्च किया जा रहा है। वहीं रेलवे क्लब में नारायण प्रजापति (दूधी उत्तर प्रदेश) के मूर्ति कलाकार द्वारा 11 फीट से अधिक ऊंची मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें 41000 से अधिक खर्च किया जा रहा है। इसके अलावा पंडाल में आकर्षक सजावट, भव्य रावण दहन और क्लब परिसर में लगे झूला मेला आदि भक्तों को आकर्षित करेगा।

**क्या कहते हैं पूजा पंडाल कमेटी के सचिव :** वर्ष 1991 से लगातार रेलवे क्लब पूजा पंडाल में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने वाले एवं 6 वर्षों तक पूजा क्लब समिति में सचिव रहे रंजीत कुमार सिंह राणा ने कहा कि इस वर्ष श्री राम मंदिर पूजा पंडाल प्रारूप के पूजा पंडाल समेत अन्य आकर्षण में 700000 से अधिक खर्च आने की उम्मीद है।

**पूजा कमेटी के मुख्य संरक्षक :** कई वर्षों से रेलवे क्लब पूजा पंडाल कमेटी में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने वाले कमेटी के मुख्य संरक्षक व रेलवे के वरीय अनुभाग अभियंता (कार्य निरीक्षक) विवेकानंद बसु रेलवे डीपो के दूसरे कार्यकाल में पूजा पंडाल को भव्य व आकर्षण रूप देने में कमेटी में इस वर्ष भी योगदान दे रहे हैं।

# दंपती से लूटपाट के मामले में खुलासा, सात गिरफ्तार

## पुलिस ने घटना में शामिल सभी आरोपियों को भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

सदर थाना क्षेत्र के डीही- मुरुप रोड के लोटो गांव के गैस गोदाम के समीप दो अक्टूबर की रात्रि शादी समारोह से लौट रहे दंपती के साथ लूटपाट मामले का लातेहार पुलिस ने खुलासा कर दिया है।

इस घटना में शामिल सात अपराधियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार अपराधियों में जोहन सिंह उर्फ जगमोहन पिता ब्रिजकिशोर सिंह (बिनगड़ा, बनबिरका, लातेहार), राजू रंजन उरांव पिता कमलेश उरांव (बरैनी, लातेहार), विवेक गोसाई उर्फ छोटका पिता मनोज गोसाई, संजय लोहरा पिता रामा लोहरा, नंदन भुईयां उर्फ डल पिता विजय भुईयां, सुमित कुमार वर्मा पिता कन्हाई राम (चारों सभी चंदनडीह, लातेहार) व अतुल कुमार उर्फ नान्हु पिता रविंद्र प्रसाद उर्फ टुनटुन प्रसाद (गर्ल्स स्कूल के सामने लातेहार) शामिल है। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक देसी पिस्तौल, .315 बोर के तीन कारतूस, एक मोटरसाइकिल, दंपती से लूटा हुआ नाक का बेसर, दो मोबाइल फोन, 1150 रुपये नकद व एक एसबीआई का एटीएम बरामद किया है। इसकी जानकारी एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र ने प्रेस



वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर की रात्रि नावागढ़ से एक शादी समारोह से शामिल होकर एक दंपती अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान हथियार के बल से दंपति को रुकवाया और 15000 नकद, पायल, नाक का बेसर, हाथ का कंगन, चैन, कान का फूल व फोन पे के माध्यम से 2400 की लूट की गई थी। इस मामले में लातेहार थाना कांड संख्या 203/23 भादवि की धारा 392 के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम ने सबसे पहले फोन पे के माध्यम से लिए गए अभियुक्त अतुल कुमार की गिरफ्तारी की गई। उसकी निशानदेही पर सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई। उन्होंने बताया कि घटना को अंजाम संजय लोहरा, नंदन भुईयां, सुमित कुमार वर्मा व अतुल कुमार के द्वारा दिया गया था, जबकि विवेक गोसाई रेकी का कार्य कर रहा था। वहीं जोहन सिंह उर्फ जगमोहन सिंह व राजू रंजन उरांव ने हथियार उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में कुछ का अपराधी के इतिहास भी रहा है। छापेमारी अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष मिश्र, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक राज रोशन सिन्हा, देवानंद कुमार, सअनि कुबेर प्रसाद देव, नागेश्वर महतो, फुलेश्वर कुमार अकेला व थाना के जवान शामिल थे।

## दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर, 5 घायल

**मनिका।** थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित दोमुहान मोड़ के समीप राष्ट्रीय मार्ग 39 पर सोमवार को दो बाइक सवार लोग आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें पांच लोग घायल हो गए। वहीं दुर्घटना की खबर मिलते ही समाजसेवी अख्तर अंसारी और स्थानीय लोगों ने घटनास्थल पर पहुंचकर 108 एंबुलेंस की सहायता से सभी घायल लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका लाया। डॉक्टर कुशाग्र की देखरेख में सभी घायलों का इलाज किया गया।

घायलों की पहचान मनोहर सिंह, छोटू सिंह दोनों ग्राम सैदुप थाना बरवाडीह एवं रूपेश सिंह, उदय भुइया, एवं विपिन भुईया, तीनों लावागड़ा हेरहंज के रूप में हुई। घायल मनोहर सिंह ने बताया कि एक बाइक पर सवार होकर हम लोग लातेहार धनकारा से सैदुप बरवाडीह जा रहे थे। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने छोटू सिंह सैदुप एवं बिफन भईया लावागडा को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का स्थिति का जायजा लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।

# नए बीडीओ ने योगदान दिया, पुराने को दी विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

सदर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो सोमवार को गिद्धौर प्रखंड के बीडीओ, सीओ के साथ प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी का अतिरिक्त पद भार संभाल लिया। पदभार निवर्तमान बीडीओ संजीत सिंह से ग्रहण किया। इसके पश्चात स्थानांतरित बीडीओ को भावभीनी विदाई दी गई, जबकि नए का स्वागत प्रखंड व अंचल के साथ मनरेगा कर्मियों ने किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात बीडीओ महतो ने कहा सरकार जब तक चाहेगी तब तक गिद्धौर में रहूंगा और निष्ठा व ईमानदारी के साथ कर्तव्य का निर्वाह करूंगा। मौके पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्ति शिक्षा देवचरण दांगी, मनोज मिश्रा, रामदेव ठाकुर, रामकुमार सिंह, मनोज कुमार, सचिन दत्त शर्मा, निर्मल दांगी, पप्पू कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा, दिगंबर पांडेय, चितरंजन शर्मा के अलावे कई गण्यमान्य उपस्थित थे।

## निवर्तमान बीडीओ को दी गई भावपूर्ण विदाई नए ने दिया योगदान



**प्रतापपुर।** प्रखंड में नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय दास ने नीवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव से सोमवार को प्रखंड कार्यालय कक्ष में प्रभार ग्रहण किया। योगदान के आदान-प्रदान किए जाने के बाद प्रखंड कार्यालय सभागार में नवपदस्थापित बीडीओ का स्वागत बुके एवं शॉल देकर किया गया। वहीं स्थानांतरित बीडीओ यादव को माला पहनकर, बुके व शॉल देकर भावभीनी विदाई दी गई। उपस्थित लोगों ने यादव के कार्यकाल की प्रशंसा की। वर्तमान व निवर्तमान बीडीओ को मुखिया संघ, पंचायत सेवक संघ, रोजगार सेवक संघ व शिक्षक संघ सहित कई लोगों ने उपहार भेंट किया। इस अवसर पर समस्त प्रखंड कर्मी, बाल विकास परियोजना कर्मी, पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सिविल सर्जन ने नर्सिंग होम को किया सील

**बालूमाथ।** सिविल सर्जन अशोक कुमार ने पांकी रोड हाई स्कूल के समीप स्थित एमएस नर्सिंग होम को सील कर दिया। वहीं मां उग्रतारा व शिवम हॉस्पिटल पर भी अनियमितता पाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सिविल सर्जन ने बताया कि काफी दिनों से अवैध नर्सिंग होम संचालक होने की लगातार सूचनाएं मिल रही थीं। निजी नर्सिंग होम की भी जांच की गई। जांच में नर्सिंग होम का लाइसेंस सहित टेक्निकल हैंड नहीं पाया और मरीज के इलाज, ऑपरेशन के लिए वैसी कोई व्यवस्था नहीं थी। इस मामले में शिवम अस्पताल संचालक आशीष कुमार ने बताया कि मैंने लंबे समय से अस्पताल को बंद रखा है और मैं उस समय से ही सिर्फ रहने के लिए भवन को उपयोग कर रहा हूं। इस दौरान सिविल सर्जन के अलावे बालूमाथ चिकित्सा प्रभारी डॉ प्रकाश बड़ाईक, सिविल सर्जन ऑफिस से वेद प्रकाश संजय सिन्हा एवं एमपीडब्ल्यू अनिल मौजूद रहे।

## प्रखंड के विकास के लिए सबको लेना होगा संकल्प : एसडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

आकांक्षी प्रखंड महुआडांड़ के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में संकल्प सप्ताह के पांचवें दिन शिक्षा एक संकल्प थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी नीत नितिन सुरीन, प्रखंड विकास पदाधिकारी आमरेन डांग, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी घनश्याम चौबे और पीरामल फाउंडेशन से तनिमा घोष व अजय निषाद उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीओ नीत नितिन सुरीन ने कहा कि प्रखंड के विकास के लिए हम सभी को संकल्प लेने की आवश्यकता है। हमें साथ मिल कर विकास की राह तय करनी है। बीडीओ ने नारी शिक्षा व डिजिटल साक्षरता पर जोर दिया। शिक्षा मेला का आयोजन भी किया गया। मेला में छात्रों ने स्वयं के बनाये कला और शिल्प को प्रस्तुत किया।

### संकल्प सप्ताह के तहत हुआ समावेशन सामारोह

**महुआडांड़।** आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प सप्ताह के तहत सोमवार को समावेशन सामारोह का आयोजन प्रखंड



कार्यालय सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन उपस्थित हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, अंचलाधिकारी संतोष बैठा, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, पीरामल फोनडेसन के प्रोग्रामर शमीम अख्तर शिक्षा विभाग के बीपीओ कामेश्वर सिंह, सीआई गौतम कुमार लकड़ा,समेत अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, अंचलाधिकारी संतोष बैठा, प्रखण्ड प्रमुख कंचन कुजूर,पीरामल फोनडेसन के प्रोग्रामर शमीम अख्तर शिक्षा विभाग के बीपीओ कामेश्वर सिंह आदि ने नीति आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के बारे में जानकारी दी गई।


**कार्यालय :- नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।**
Email Id - npsbnagar@gmail.com

**-: आवश्यक सूचना :-**

नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर अंतर्गत वैसे सभी दुकानदारों को सूचित किया जाता है कि जिन्होंने अपने दुकान को अपने निर्धारित सीमा से आगे बढ़ाकर लगाया हुआ है/समान को बाहर/रोड पर रखा है/ बोर्ड/विज्ञापन बोर्ड को रोड पर लगाये हुए हैं, वे दिनांक 14.10.2023 तक अपने दुकान के समान को अपनी निर्धारित सीमा के अंदर कर लें, अन्यथा नगर पंचायत प्रशासन को झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत विधिसम्मत कार्रवाई करनी होगी, जिसमें दण्ड वसूलना/सामान जब्त करना/ बढ़ाकर बनाये हुए भाग को तोड़ना आदि शामिल है।

प्रशासक,
नगर पंचायत,
श्री बंशीधर नगर।

PR 308718 (Urban Development) 23-24 (D)



**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू।**
दूरमाष (मो0) सं0– (जिला भू–अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

**सूचना**

पलामू जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ–75 (Section-III) के कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) तक फोरलेन पथ निर्माण/चौड़ीकरण कार्य हेतु भूमि अधिग्रहण का कार्य किया जा रहा है। कार्य के ससमय निष्पादन हेतु रैयतों के हित में कैम्प का आयोजन निम्नांकित तिथि को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 बजे अपराह्न तक किया जायेगा। उक्त कार्य हेतु पदाधिकारी/कर्मियों की प्रतिनियुक्ति निम्न प्रकार से की जाती है :–

| अंचल का नाम | तिथि | ग्राम | कैम्प स्थल | प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी का नाम | प्रतिनियुक्त अंचल कर्मी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| सदर मेदिनीनगर | 10.10.2023 एवं 11.10.2023 | हिसरा उर्फ पोखराहा | पंचायत भवन, सरजा | श्री सेवा राम साहू, कार्यपालक दण्डाधिकारी, पलामू –सह– जिला कल्यान पदाधिकारी, पलामू। मो0 नं0– 8210911421 | अंचल अधिकारी/संबंधित राजस्व उप निरीक्षक/अंचल निरीक्षक/अंचल अमीन नोट :– अंचल अमीन के द्वारा संरचनाओं का भौतिक सत्यापन कर कब्जेधारी सुनिश्चित करें। |
| | | पोलपोल कला | | | |
| | | चकबरेवा | | | |
| | | नावाडीह | | | |
| | | बैरिया–229 | | | |
| | | बढ़की नेभी | | | |
| | 12.10.2023 | कशिया | पंचायत भवन, लहलहे | | |
| | | भोगू | | | |
| | 13.10.2023 | पोखराहा कला | पंचायत भवन, चियांकी | | |
| | | चुकरू | | | |
| | | जोरकट | | | |
| विश्रामपुर | 10.10.2023 से 12.10.2023 तक। | झानी | पंचायत भवन, गुरी | श्री चन्द्र शेखर कुणाल, कार्यपालक दण्डाधिकारी, पलामू –सह– सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, पलामू। मो0 नं0– 8447887748 | अंचल अधिकारी/संबंधित राजस्व उप निरीक्षक/अंचल निरीक्षक/अंचल अमीन नोट :– अंचल अमीन के द्वारा संरचनाओं का भौतिक सत्यापन कर कब्जेधारी सुनिश्चित करें। |
| | | भण्डार | | | |
| | | पीपरा | | | |
| | | गेड़ुआ | | | |
| | | बैरिया | | | |
| | | गुरी | | | |
| | | आरही | | | |
| | 13.10.2023 | कधवन | स्वास्थ उपकेन्द्र, पूर्णाडीह | | |
| | | कुण्डी | | | |
| | | शंखा | | | |

उपरोक्त कैम्पों में रैयतों के भूमि/संरचनाओं से संबंधित भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र (L.P.C.) तथा बंध पत्र/शपथ पत्र बनाया जाएगा।

संबंधित मौजों के रैयतों से अनुरोध है कि ससमय कैम्प में सभी कागजातों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

उक्त कैम्प प्रक्रिया के अधीन LPC निर्गत व संरचना सत्यापन का कार्य 7 दिनों के अन्दर पूर्ण कर भू–अर्जन कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य है।

ह0/–
उपायुक्त, पलामू।

PR 308678 (Palamu) 23-24 (D)


**अपराध** अपहृत का 40 घंटा बाद भी नहीं मिला कोई सुराग, एसपी ने दिए दिशा निर्देश

# छात्रा के अपहरण के विरोध में बंद रहीं दुकानें

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

बीते दिनों ट्यूशन के लिए जा रही छात्रा का अपहरण किए जाने के विरोध में सोमवार को प्रखंड मुख्यालय के सभी दुकानदारों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए अपनी-अपनी दुकानें बंद रखीं। इस दौरान सिर्फ दवा की दुकानें खुली रहीं। इससे दूर दराज गांवों से आए लोगों के साथ स्थानीय लोग भी जरूरतमंद वस्तुओं के लिए इधर-उधर भटकते नजर आए। ईधर, घटना के 40 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस का हाथ कुछ नहीं लगा है। इस बात को लेकर स्थानीय लोगों में पुलिस प्रशासन के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। हालांकि इस मामले में परिजन द्वारा जिन लोगों पर आरोप लगाया था उनको पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। साथ ही





विभिन्न चिन्हित स्थानों पर छापेमारी भी की जा रही है। वहीं एसपी अंजनी अंजन सोमवार को बालूमाथ थाना पहुंचे और अपहरण मामले में गठित एसआईटी टीम के साथ बैठक कर कई दिशा निर्देश दिए।

बता दें कि छात्रा के अपहरण के दिन से लेकर अब तक चार बार रांची-चतरा मुख्य मार्ग को परिजन और ग्रामीणों ने मिलकर थाना गेट के पास जाम कर दिया है। रविवार को दोपहर के 3:00 बजे से लगाया गया जाम पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद रात्रि के लगभग 11:30 बजे हटाया गया था। इस दौरान लोग लंबे समय तक फंसे रहे। लोग खाना-पानी के लिए आसपास भटकते नजर आए। वहीं पीड़ित परिवार से जिला प्रशासन मिलना तो दूर जाम स्थल भी लॉ एंड ऑर्डर को ठीक करने के लिए नहीं पहुंचे।

**लोगों ने बैठक कर दिखाई एकजुटता :** ईधर, बाजार तार में गालिब खान की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें सभी समुदाय के लोगों ने एकजुटता का परिचय देते हुए घटना की निंदा की। पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया गया। लोगों ने किशोरी की बरामदगी के लिए सद्भावना समिति द्वारा 21 सदस्य प्रतिनिधिमंडल का गठन करते हुए पुलिस से वार्ता करने की सहमति बनी। बैठक में मुख्य रूप से बालूमाथ पंचायत के मुखिया नरेश लोहरा, संजीव कुमार सिन्हा, सुनील पांडे, प्रेम प्रसाद गुप्ता, रामदेव साव, शैलेश सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष मो जुबेर, मौलाना जियाउल्लाह, रामकुमार गुप्ता, हेरहंज कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष लाडले हसन, मो.मुजम्मिल, मो. सलीम उर्फ मो.सल्लू आदि ने अपने-अपने विचार रखे। मौके पर मोतिउर रहमान, मो. मोबीन मो. नौशाद मो सुफेद, मंसूर खान, मो तौकीर अहमद, मो. कलीम मनान कुरैशी, जुगनू तुलसी राम, बाबूलाल राम, युवा समाजसेवी अजित कुमार आदि मौजूद रहे।

## गागर में सागर

### अंडर-12 फुटबॉल प्रतियोगिता की टीम का भंडरा में किया गया स्वागत



**भंडरा।** दिल्ली में आयोजित यूथ बुरगोविंग फुटबॉल लीग अंडर-12 में झारखंड की बालिका टीम हावी रही। वहीं बालक की टीम कड़े मुकाबले कर 0 -1 से हारकर उपविजेता रही। विगत 3 अक्टूबर से चलने वाली लीग में झारखंड की टीमों का शानदार प्रदर्शन रहा। सोमवार को बिशुनपुर लौटने के क्रम में भंडरा में खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। गुमला जिलांतर्गत बिशुनपुर के स्वामी विवेकानंद स्कूल की टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया है। देवंती उरांव एवं संजना उरांव तथा जागृति उरांव सम्मानित किया गया। इस लीग में कुल 8 टीमों ने भाग लिया।

### कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आरंभ

**लोहरदगा।** मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से मुंद्रिका बैंक्वेट में दो दिवसीय निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवा भारती के डॉ कुमुद अग्रवाल, मंच अध्यक्ष चंदन राजगढ़िया, मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा, मारवाड़ी सम्मेलन अध्यक्ष दीपक सराफ, निवर्तमान सचिव अनुराग पोद्दार, शैलेष पोद्दार ने द्वीप प्रज्वलित कर किया, डॉ कुमुद अग्रवाल ने सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मंच सदैव सभी वर्ग की, पूरी निष्ठा से सेवा करती रही है, अंग प्रत्यारोपण कर लोगों को स्वालंबी बनाना बड़ी बात है। मंच अध्यक्ष चंदन राजगढ़िया ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी दिव्यांगजनो का स्वागत किया और कहा कि शिविर में खूंटी, गुमला, नेतरहाट, पालकोट, डाल्टनगंज सहित दूर दूर से भी लाभार्थी आए हैं। प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा ने जानकारी दी कि आज 55 लोगों को सुनने की मशीन दी गई ,10 लोगों बैसाखी उपलब्ध कराई गई बाकी बचे लोगों को कल मशीन दी जाएगी और जिनके हाथ पैर नहीं उनकी मापी ले ली गई है उन्हें भी कल कृत्रिम हाथ पैर दिए जायेंगे और जल्दी ही नेत्र रोग की उपचार की भी व्यवस्था की जाएगी जिसमें लोगों को जांच उपरांत निशुल्क चश्मा दिया जाएगा। वहीं सम्मेलन जिला अध्यक्ष दीपक सराफ ने मंच के प्रयास को सराहा। मंच संचालन शुभम शर्मा ने किया। कार्यक्रम में सचिव आशीष पोद्दार, अनुराग पोद्दार, प्रतीक पोद्दार, कन्हैया राजगढ़िया, निखिल बर्मन, चिंटू तमेड़ा, मिथलेश कुमार,शशांक बर्मन, निलेश गुप्ता,सुनील मेहता, ममता बंका, शकुंतला राजगढ़िया, अनिता पोद्दार, अंजली सर्राफ,निकुंज साहू, राजन मेहता, महावीर विकलांग सहायता समिति के डॉ एच के साहू, रामकुमार महतो, संजय कुमार, कर्मा महतो, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### शिक्षकों का गैर आवासीय प्रशिक्षण शुरू

**लोहरदगा।** झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के तत्वावधान में समग्र शिक्षा द्वारा सबको शिक्षा, अच्छी शिक्षा के तहत उन्नयन कार्यक्रम अंतर्गत माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों का जिला स्तरीय तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू, लोहरदगा में किया गया, जिसका विधिवत उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पाल चौधरी द्वारा किया गया। उक्त प्रशिक्षण अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के द्वारा राज्य स्तर पर प्रशिक्षित शिक्षकों और विशेषज्ञ के देख रेख में शिक्षा विभाग के तहत कराया जा रहा है। प्रथम बैच में 40 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रभारी अशोक पांडेय, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा प्रशिक्षण सत्र में संविधान की प्रस्तावना, वैज्ञानिक चिंतन आदि की जानकारी दी गई।

### 'सुखी संपन्न राशन कार्ड सरेंडर करें'

**लोहरदगा।** प्रखंड परिसर स्थित मीटिंग हॉल में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अजय कुमार की अध्यक्षता में जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों की बैठक हुई। इस दौरान लोहरदगा प्रखंड एवं शहरी क्षेत्र के सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदार उपस्थित हुए। इसमें बीएसओ अजय कुमार ने कहा कि सुखी, संपन्न परिवार के राशन कार्ड को सरेंडर कराए। जो सुखी संपन्न कार्डधारी कार्ड सरेंडर नहीं करता है उसपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कहा गया कि सुखी संपन्न परिवार के व्यक्ति के ऊपर जब से खाद्यान्न का उठाव कर रहा है तब से लेकर अभी तक की राशि जुर्माने के रूप में जमा कराई जाएगी। राशि जमा नहीं करने पर उस परिवार के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### समाजसेवी के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**लोहरदगा।** बालेश्वर प्रसाद अग्रवाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम ओपा के संस्थापक एवं आजीवन संरक्षक ग्राम ओपा निवासी पेशे से वकील बालेश्वर प्रसाद अग्रवाल उर्फ बुच्चू साव के कनिष्ठ पुत्र बजरंग प्रसाद अग्रवाल के आकस्मिक निधन पर विद्यालय परिवार, प्रबंध कारणी समिति एवम अभिभावक सह ग्रामीणों द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इसमें विद्यालय के अध्यक्ष धनंजय प्रसाद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शुभम मित्तल एवं प्रधानाचार्य परमेश्वर वर्मा, प्रभारी प्रधानाचार्य आनंद साहु, आचार्य अमित साहु, उपेंद्र नाथ सहदेव, प्रमोद प्रसाद अग्रवाल, आचार्या सोनी देवी, रिया कुमारी शामिल रहे।

### समावेश सम्मेलन में बोले उपायुक्त, आप सभी राष्ट्र निर्माण में सहयोग दें

# परिसंपत्तियों व पुरस्कारों का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प सप्ताह (सबकी आकांक्षाएं, सबका विकास) के तहत संकल्प सप्ताह समावेश सम्मेलन का आयोजन किस्को प्रखंड मुख्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि देश के 500 आकांक्षी प्रखण्डों में लोहरदगा जिला के किस्को प्रखण्ड का चयन किया गया है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा इस संकल्प सप्ताह का शुभारंभ किया गया था जिसमें सात दिनों के चयनित आकांक्षी प्रखण्ड में संकल्प सप्ताह के तहत संबंधित विभागों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये गये। आनेवाले समय में आकांक्षी प्रखंड में किये जानेवाले कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई। सात दिनों तक आयोजित इन कार्यक्रमों में लोगों के बीच खासा उत्साह देखा गया। किसी भी ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि क्षेत्र काफी महत्वपूर्ण होते हैं। आकांक्षी प्रखंड अंतर्गत निर्धारित विभिन्न इंडीकेटर्स के क्षेत्र में बेहतर-से बेहतर कार्य करने का प्रयास किया जाएगा। आशा है कि प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों तथा जंनसहभागीदरी द्वारा इस दिशा में पूरा सहयोग मिलेगा और आगे की राह आसान होगी।

उपायुक्त ने कहा कि आप सभी राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग दें। आईए हम सब मिलकर संकल्प लें कि देश के आकांक्षी प्रखंडों में शामिल किस्को प्रखंड को देश के शीर्ष 500 प्रखंड में लें सबसे ऊंचे पायदान पर ले जाएं।

कार्यक्रम में अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने कहा कि भले ही आकांक्षी कार्यक्रम में निर्धारित इंडीकेटर्स में हमारा आकांक्षी प्रखंड पिछड़ा हुआ है लेकिन हम सभी को मिलकर अपने प्रयासों से उपर ले जाना है। लोगों ने इस सातों दिन आयोजित कार्यक्रमों में अपना सहयोग दिया है जिसकी अपेक्षा आगे भी रहेगी। हम सभी को एक सफल प्रयास मिल-जुल कर करने की जरूरत है। जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार ने प्रखंड में विशेषकर बगडू, हिसरी, पाखर, देवदरिया क्षेत्र में विकास हेतु विभिन्न समस्याओं पर अपनी बात रखी। माइनिंग क्षेत्र के खराब पथों की मरम्मति/निर्माण, स्वास्थ्य, बिजली, पेयजल आदि समस्याएं समाधान करने की बात रखीं।

डीपीओ अरूण सिंह ने कहा कि आकांक्षी प्रखंड अंतर्गत सभी निर्धारित केपीआई इंडीकेटर्स में कार्य हो रहा है। गुड गवर्नेंस में लोगों की सहभागिता बहुत जरूरी है। सातों क्षेत्र में अलग-अलग प्रक्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किये गये। आनेवाले समय में भी लोग क्षेत्र के विकास के लिए अपना पूर्ण सहयोग दें।

कार्यक्रम में कृषि विभाग की ओर से 14 लाभुकों के बीच सरसों का बीज और 7 मृदा कार्ड का वितरण किया गया। कृषि विभाग के उत्पाद प्रदर्शनी में 5 किसानों को सम्मानित किया गया। बाल विकास परियोजना अंतर्गत 2 महिलाओं की गोदभराई रस्म पूरी करायी गई। 1 बच्चे का अन्नप्राशन कराया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 5 मिस्त्री के बीच प्रशिक्षण का प्रमाण-पत्र वितरण किया गया। 6 लाभुकों का आवास पूर्ण कराये जाने के बाद गृह-प्रवेश कराया गया। शिक्षा विभाग अंतर्गत चित्रांकन व निबंध प्रतियोगिता के 8 विजेता प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल अंतर्गत आयोजित चित्रांकन एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेता 6 छात्रों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया।

उपायुक्त द्वारा कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वार लगाये गये स्टॉलों का भ्रमण किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला कृषि पदाधिकारी शिवपूजन राम, जिला उद्यान पदाधिकारी संतोष कुमार, जेएसएलपीएस डीपीएम अनीता केरकेट्टा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अभिनीत कुमार सूरज, प्रखड 20 सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, प्रखड प्रमुख सुचित्रा भगत आदि उपस्थित थे।

## टीबी से मुक्त प्रखंड बनाने के लिये की गई कार्यशाला आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**



प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बीडीओ अशोक कुमार चौपड़ा की अध्यक्षता में टीबी मुक्त गांव पंचायत और प्रखंड बनाने को लेकर मुखिया ग्रामीण, वार्ड सदस्य एवं मुखियाओं के साथ उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिव्या निशि ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरुप वर्ष 2024 तक टीबी राज्य के सभी गांव, पंचायत एवं प्रखंड को टीबी मुक्त बनाने को लेकर प्रतिबद्ध है। साथ ही कहा कि इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों, सहियाओं और ग्रामीणों को मिलकर कार्य करने की जरूरत है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बैठक में आये सभी मुखिया, वार्ड सदस्य एवं पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने क्षेत्र में संभावित टीबी मरीजों को चिन्हित कर बलगम जांच हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर भेजना सुनिश्चित करें। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिव्या निशि ने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि सेन्हा प्रखंड को टीबी मुक्त पंचायत एवं गांव बनाने को लेकर पूरी तन्मयता से कार्य करें ताकि लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान पीरामल स्वास्थ्य के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुधीर कुमार राय ने बताते हुए कहा कि प्रखंड क्षेत्र में टीबी मुक्त पंचायत एवं गांव बनाने के लिए जरूरी है कि एक हजार की आबादी पर साल में कम से कम 50 लोगों का सैंपल जांच होना चाहिए और दो या उससे कम टीबी मरीजों की पुष्टि होनी चाहिए। साथ ही बताया कि दो सप्ताह या उससे अधिक दिनों से खांसी होने पर या रात में सोने के समय पसीना निकल रहा हो, वजन घट रहा हो, सीने में दर्द हो, बलगम के साथ खून निकल रहा हो तो वैसी स्थिति में अविलंब नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर टीबी की जांच जरूर कराएं। टीबी के लक्षण जांच एवं उपचार के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए एमडीआर टीबी, पोषण योजना, पल्मनरी टीबी एवं एक्स्ट्रा पल्मनरी टीबी के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर जिप सदस्य राधा तिर्की, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, डॉ दिव्या निशि, पर्यवेक्षिका परमुनी देवी, अंगनी बेक, पीरामल स्वास्थ्य के जिला प्रतिनिधि संजय पांडेय आदि मौजूद थे।

## आकृति ने जिलास्तरीय भाषण प्रतियोगिता में परचम लहराया

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



लोहरदगा के अवंतिका टाउन हॉल में 4 अक्टूबर को शहीद अजय कुमार की शहादत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड में नक्सलवाद पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहीद अजय कुमार के पिता रामाश्रय प्रसाद, वर्तमान एस पी हारिश बिन जमां, एसडीओ अरविंद कुमार लाल तथा जिले के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में जिले के कुल 6 विद्यालयों के विद्यार्थी प्रतिभागी बने जिसमें डीएवी लोहरदगा की छात्रा आकृति पंकज ने अपना प्रभावी भाषण देते हुए प्रथम स्थान अर्जित किया तथा कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा ट्रॉफी व पारितोषिक पुरस्कार प्रदान किया गया। छात्रा आकृति पंकज प्रारंभ से ही न केवल अकादमिक परीक्षाओं में भी अच्छा प्रदर्शन देती रही बल्कि विविध पाठ्य सहगामी क्रियाओं में भी अपनी सहभागिता देती रही है। प्राचार्य जी पी झा ने छात्रा आकृति पंकज को उसके बेहतर प्रयास व सफलता हेतु पुरस्कृत करते हुए ट्रॉफी प्रदान कर उत्साह वर्धन किया गया तथा पिता पंकज अग्रवाल को भी प्राचार्य महोदय द्वारा सम्मानित किया गया।

## बीडीओ ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

**कैरो।** प्रखंड सभागार में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकरी पवन कुमार महतो के द्वारा प्रखंड में संचालित विकास योजना को लेकर समीक्षा बैठक की गुई। बैठक में मनरेगा के तहत सभी 6 पंचायत के 26 गांवों में संचालित कार्य का मास्टर रोल, पोटो हो खेल मैदान, निरस्त किये गए ट्रांजेक्शन को पुनः सुधार करने, पुराने कार्य टीसीबी, फील्ड, डोभा आदि पूर्ण हुई कार्य योजना का अभिलेख बंद करने, दीदी बाड़ी के तहत नए लाभुकों का चयन एवं पूर्ण हुई दीदी बड़ी कार्य का अभिलेख बंद करने का निर्देश सभी मनरेगा कर्मियों को दिया गया। वहीं बागवानी के तहत लगे पौधे का घेरान, मृत पौधे के स्थान पर नया पौधा लगाने सहित कई बिंदुओं पर विशेष चर्चा की गई।

## विद्यार्थियों को तनावमुक्त रखने के लिए परीक्षा उत्सव आरंभ

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय, लोहरदगा में कक्षा 11वीं की प्रथम त्रैमासिक और कक्षा 12वीं की द्वितीय त्रैमासिक परीक्षा सोमवार से आरंभ हुई। प्रथम दिन सभी परीक्षार्थी छात्र-छात्राओं का स्वागत शिक्षकों द्वारा तिलक लगाकर और टॉफी देकर किया गया। इसके लिए विशेष स्वागत द्वार सजाया गया और वहां से प्रवेश लेते हुए सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी गई। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी और परीक्षा प्रमुख रश्मि साहू ने इसका शुभारंभ किया। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि परीक्षार्थी तनाव मुक्त होकर आनंदपूर्वक पूरे उत्साह से परीक्षा लिखे इसके लिए इस प्रकार की प्रेरक व्यवस्था बनाई गई। परीक्षार्थी पूरी परीक्षा पद्धति और उसके नियम एवं निर्देशों का पालन करना सीखें इसके लिए विशेष हेल्प डेस्क भी बनाया गया। जैक द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार ही परीक्षा ली जा रही है। कक्षा 12वीं की परीक्षा प्रथम पाली में ऑब्जेक्टिव ओएमआर शीट पर और सब्जेक्टिव की परीक्षा दोनों प्रकार से अलग-अलग घंटी में ली जा रही है जबकि कक्षा 11वीं की परीक्षा द्वितीय पाली में सिर्फ ऑब्जेक्टिव की परीक्षा ओएमआर शीट पर ली जा रही है। परीक्षा प्रमुख ने बताया कि जैक के पैटर्न पर ही ओएमआर शीट पर परीक्षा ली जा रही है ताकि जैक की फाइनल परीक्षा से पूर्व छात्र-छात्राओं को इसका पूरा अभ्यास हो जाए। प्रश्न पत्रों में भी डोंट स्ट्रेस, डू योर बेस्ट, फॉरगेट द रेस्ट जैसे स्लोगन जोड़े गए हैं और परीक्षा शब्द के बाद उत्सव शब्द लिखा गया है।

## जेएमएम के तीन दर्जन कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत के तीन दर्जन जे एम एम कार्यकर्ता बाबूराम उरांव के नेतृत्व में रविवार को रैली के दौरान घाघरा में पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के समक्ष बीजेपी में शामिल हो गये। विदित हो कि प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत में जेएमएम कार्यकर्ता क्षेत्र की समस्याओं को लेकर काफी परेशान थे। वर्तमान विधायक की चुप्पी से पार्टी के विरुद्ध नाराजगी थी। मुर्की तोड़ार पंचायत से बीजेपी का दामन थामने वालों में बाबूराम उरांव, रूपेश उरांव, संदीप उरांव, बिरेंद्र उरांव, असरफ अंसारी, देवप्रताप यादव, महाबीर उरांव, मंगरा टाना भगत, कमलेश उरांव आदि शामिल थे।

## बाल विवाह की रोकथाम के लिये हुई कार्यशाला आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**



प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में ग्राम स्वराज्य संस्थान एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन्स फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से संचालित न्याय तक पहुंच परियोजना के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय समन्वय बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह, बाल यौन शोषण के विषय पर जागरूकता हेतु प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मौके पर संस्थान के जिला समन्वयक धीरेंद्र कुमार ने बताया कि लोहरदगा जिले के सभी प्रखंड के 150 परोक्ष रूप से एवं 216 गांव में अपरोक्ष रूप से परियोजना का संचालन किया जा रहा है। संस्थान के वरिष्ठ सदस्य कुन्ती साहु द्वारा बाल दूरव्यपार, बाल मजदूरी, बाल यौन शोषण पर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वार प्रशिक्षण में उपस्थित सखी मंडल की दीदी एवं अन्य सदस्यों से अपील करते हुए कहा की बाल विवाह, बाल दूरव्यपार, बाल यौन शोषण जैसे घटनाओं को रोकना हम सभी की जिम्मेवारी है। संस्थान के वरिष्ठ सदस्य नंदलाल प्रसाद के द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों को बाल विवाह न करने और न कराने के लिए शपथ दिलाई गई। मौके पर डॉ. दिव्या निशि, बाल विकास पर्यवेक्षिका परमुनी देवी, अंगनी बेक के अलावे रीता उरांव, रजनी देवी, अनवरी बेगम, मालती, पूनम देवी, यशोदा कुमारी, शांता मिंज, किरण देवी, राजमुनी देवी, सेरातून बीबी, मोनिका लकड़ा, पूनम तिर्की, हुमा समरीन, शालो आदि उपस्थित थे।


"हम सब ने यह ठाना है, श्री बंशीधर नगर को स्वच्छ बनाना है।"

**कार्यालय :- नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री बंशीधर नगर, नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत वैसे सभी नागरिक, जो सड़क के किनारे ईंट, बालू एवं गिट्टी आदि तथा पुराने भवन को तोड़ने के क्रम में निकलने वाले ठोस पदार्थ (Construction & Demolition) आदि रखकर यातायात में रूकावट डाल रहे हैं, वे एक सप्ताह के अंदर इन्हें हटा लें नहीं तो नगर पंचायत के द्वारा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई किया जायेगा एवं सामाग्रियों के उठाव/हटाने का संपूर्ण व्यय उसके मालिक से वसूल किया जायेगा।

| क्र0 | वाहन | शुल्क प्रति ट्रिप |
|---|---|---|
| 01 | ट्रैक्टर | 600.00 |
| 02 | रिक्सा ठेला | 250.00 |

सफाई सुपरवाईजर :- श्री आशिश कुमार
मो0नं0 :- 8340732152

प्रशासक,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 308714 Urban Development(23-24)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा**

**अतिअल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण**

अतिअल्पकालीन ई- निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-15/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पेशरार प्रखण्ड के ग्राम तुईमू बंजारीपाट से सेरेंगदाग बाजारटांड़ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 49,96,000.00 | 1,00,000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 2 | लोहरदगा जिलान्तर्गत कुडू प्रखण्ड में दीदी कैफे निर्माण कार्य। | 74,91,000.00 | 1,50,000.00 | 10000.00 | 4 माह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | :- | 11.10.2023 |
| 3 | ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | :- | 17.10.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 4 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय | :- | 18.10.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक |
| 5 | निविदा खोलने का स्थान | :- | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा |
| 6 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :- | 19.10.2023 अपराह्न 2:00 बजे |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | :- | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा। |
| 8 | ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 | :- | 9934523795 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर) |

9. निविदा शुल्क Scheduled Commercial Bank / Nationalised Bank द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 308711 Lohardaga(23-24)#D


**आयोजन** | महिला सशक्तीकरण में कांग्रेस ने निभाई अग्रणी भूमिका : सीमा

# महिला कांग्रेस ने निकाला सत्याग्रह मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष नेटा डिसूजा एवं झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह के आदेशानुसार लोहरदगा जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा परवीन के नेतृत्व में महिला समानता और सद्भाव के कदम को लेकर सत्याग्रह मार्च निकाला गया।




यह सत्याग्रह मार्च जिला कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन परिसर से निकल कर नगरपालिका गेट पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष सीमा परवीन ने कहा कि महिला समानता एवं सदभाव के कदम सराहनीय एवं स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक रूप से महिला अधिकारों, समानता और सशक्तीकरण के संघर्ष में कांग्रेस पार्टी ने अग्रणी भूमिका निभाई है। भारत की एक मात्र महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी कांग्रेस पार्टी की नेता थीं। हमने महिलाओं को सशक्त करने के लिए, अनेक कानून बनाये, हम लिंगसंवेदी शब्द को योजनाओं की मुख्य धारा में लेकर आये। सत्याग्रह मार्च में सीमा परवीन (जिला अध्यक्ष), सीमा भगत (पूर्व अध्यक्ष), सरिता देवी (उपाध्यक्ष), बबीता देवी (उपाध्यक्ष), उपाध्यक्ष सुशीला देवी, आरती देवी (सचिव), अमृता देवी (पूर्व कार्यकारणी अध्यक्ष), संगीता उरांव (कार्यकारणी अध्यक्ष), मुन्नी देवी (मीडिया प्रभारी), पुनीता देवी, लालकोरम एक्का, सरिता खलखो, किस्मती देवी, सुरबाला देवी, लीला उरांव, रिफत खातून, सुनीता उरांव, शांति कुमारी, पूनम उरांव, सुमित उरांव, सालिन उरांव, फुलेश्वरी उरांव, जमीला खातून, कांति देवी आदि समेत बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता शामिल थे।

## गागर में सागर

### शेयर बाजार में बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 500 अंक फिसला; निफ्टी 19500 के पास पहुंचा



**नई दिल्ली।** सोमवार को बाजार खुलने के बाद मेटल, मीडिया, बैंकिंग और ऑटो सेक्टर के शेयरों में कमजोरी दिखी। वहीं आईटी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी दिखी। निफ्टी में अदाणी पोर्ट्स, बीपीसीएल और अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयर टॉप लूजर के रूप में कारोबार करते दिखे। जबकि एचसीएल टेक और ओएनजीसी टॉप गेनर हैं। इस्राइल और फिलिस्तीन के बीच एक बार फिर युद्ध के हालात पैदा होने से हफ्ते के पहले कारोबारी दिन बाजार पर नकारात्मक असर पड़ा है। सोमवार को शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 500 अंकों तक फिसल गया। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी भी 140 अंक टूटकर 19500 के करीब पहुंच गया। इससे पहले शुक्रवार को घरेलू बाजार में बढ़िया खरीदारी दिखी थी और बीएसई सेंसेक्स 364 अंक मजबूत होकर 65,995 के स्तर पर बंद हुआ था। दिल्ली पुलिस की ओर से हीरो मोटोकॉर्प के प्रबंध निदेशक (एमडी) और सीईओ पवन मुंजाल के खिलाफ कथित जालसाजी मामले में प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद कंपनी के शेयरों में सोमवार को करीब चार प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। इस मामले में अन्य आरोपियों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। मुंजाल हाल के दिनों में सुर्खियों में रहे हैं क्योंकि राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम मामले में हीरो मोटोकॉर्प के सीएमडी की जांच कर रही है उनसे पूछताछ की गई थी।

### इंडिगो को ईंधन शुल्क से उम्मीद, हर हफ्ते होगी 100 करोड़ की कमाई

**नई दिल्ली।** विमानन कंपनी इंडिगो को ईंधन शुल्क से प्रति सप्ताह 90 करोड़ से 100 करोड़ रुपए तक की कमाई होने की उम्मीद है। इसके अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह शुल्क विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि होने के कारण 6




अक्टूबर से टिकट की कीमतों में लगाया गया था। भारतीय विमानन कंपनियों की लागत में एटीएफ सबसे बड़ा व्यय होता है। उनके कुल राजस्व का लगभग 45 प्रतिशत भाग इसमें खपता है। 1 जून से 1 अक्टूबर तक दिल्ली में एटीएफ की कीमतें 32.4 प्रतिशत बढ़कर 1.18 लाख रुपए प्रति किलोलीटर तक पहुंच चुकी हैं। एक अधिकारी ने बताया हमारा मानना है कि अगर ईंधन शुल्क दिसंबर तक प्रभावी रहता है तो हम तीसरी तिमाही में अपने कुल राजस्व का लगभग सात से आठ प्रतिशत भाग इससे अर्जित कर सकेंगे। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि विमानन कंपनी को ईंधन शुल्क से प्रति सप्ताह लगभग 90 करोड़ से 100 करोड़ रुपए तक की कमाई होने की उम्मीद है। वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो ने 17,161 करोड़ रुपए की कुल समेकित आय हासिल की थी और 3,090.6 करोड़ रुपए का अब तक का अपना सर्वाधिक तिमाही समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### इजराइल-हमास युद्ध से महंगा हुआ सोना-चांदी का भाव

**नई दिल्ली।** इजराइल और हमास की जंग के चलते सोने-चांदी की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। घरेलू वायदा बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव आज तेजी के साथ खुले। चांदी के वायदा भाव 69,000 रुपए के करीब और सोने के वायदा भाव 57,400 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी की वायदा कीमतों में तेजी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (टउ) पर सोने का दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट आज 129 रुपए की तेजी के साथ 57,000 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 586 रुपए की तेजी के साथ 57,457 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 57,480 रुपए के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 57,000 रुपए के भाव पर निचला स्तर छू लिया। मई महीने में सोने के वायदा भाव ने 61,845 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी की बात करें तो टउ पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट आज 570 रुपए की तेजी के साथ 68,740 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 844 रुपए की तेजी के साथ 69,014 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 69,101 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 68,570 रुपए प्रति किलो के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। उङ्मी७ पर सोना 1861.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 1845.20 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 19.40 डॉलर की तेजी के साथ 1864.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। उङ्मी७ पर चांदी के वायदा भाव 21.94 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 21.72 डॉलर था।

## हीरो मोटोकॉर्प के मालिक पवन मुंजाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज



**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश की दिग्गज टूव्हीलर कंपनी हीरो मोटोकॉर्प के चेयरमैन, एमडी और सीईओ पवन मुंजाल के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। इस खबर के चलते शेयर में सोमवार 9 अक्टूबर 2023 के ट्रेडिंग सेशन में बड़ी गिरावट देखी जा रही है। कंपनी का स्टॉक 3.50 फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ 2924 रुपए तक नीचे जा फिसला। ये मामला 2010 के पहले का है जिसमें हीरो मोटोकॉर्प और पवन मुंजाल के खिलाफ दिल्ली के वसंत कुंज पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। पवन मुंजाल के अलावा विक्रम कासबेकर और हरी गुप्ता के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की है जो कंपनी में अधिकारी हैं। इसके अलावा मंजुला बनर्जी के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है जो 2009-2010 में कंपनी की ऑडिटर रही थीं। मामले में शिकायतकर्ता ब्रेंस लॉजिस्टिक्स है। रिपोर्ट के मुताबिक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने मिलीभगत करके बुक्स में हेराफेरी की है और शिकायतकर्ता के खिलाफ 2009 और 2010 में 5.95 करोड़ रुपए के फर्जी महीने वार बिल बनाए हैं। इसी वर्ष अगस्त महीने में प्रवर्तन निदेशालय ने पवन मुंजाल समेत कुछ लोगों के परिसरों पर हाल ही में छापेमारी की थी। प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में चल रही जांच को लेकर की थी जिसमें ईडी ने मुंजाल के दिल्ली व गुरुग्राम में स्थित घरों व दफ्तरों की तलाशी ली।

## ग्रीन एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर, 10 लाख टन का होगा सालाना उत्पादन



**एजेंसी। अहमदाबाद/रांची**

मार्च 2024 में गुजरात के मुंद्रा में अदाणी समूह, कच्छ कॉपर लिमिटेड, एक ग्रीनफील्ड कॉपर रिफाइनरी प्रोजेक्ट शुरू कर रहा है। कच्छ कॉपर का लक्ष्य कॉपर कैथोड, कॉपर रॉड, सोना, चांदी, निकल और सेलेनियम का उत्पादन करना है। इसके अलावा इस इंटीग्रेटेड परिसर में सल्फ्यूरिक एसिड का उत्पादन भी किया जाएगा। भारत में घरेलू तांबे के कॉन्सन्ट्रेशन का उत्पादन कम ही होता है ऐसे में लैटिन अमेरिका से कच्चे माल का आयात करना जरुरी हो जाता है लेकिन इसके लिए एक राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करने और लॉजिस्टिक्स की आवश्यकता होती है। और यहीं कच्छ कॉपर लिमिटेड की इंटीग्रेटेड ग्रीनफील्ड कॉपर रिफाइनरी की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। ये रिफाइनरी मुंद्रा पोर्ट में है इस प्रोजेक्ट की उर्जा जरुरतों को अदाणी पॉवर या ग्रिड से पूरा किया जाएगा साथ ही डिसेलिनेशन के जरिए समुद्री पानी से जरुरतें पूरी होंगी। स्टील और एल्युमीनियम के बाद औद्योगिक धातु के उपयोग में तांबा तीसरे स्थान पर है। भारत में प्रति व्यक्ति तांबे की खपत महज 0.6 किलोग्राम है जबकि इसका वैश्विक औसत 3.2 किलोग्राम है। जैसा कि भारत का लक्ष्य वर्ष 2070 तक कार्बन तटस्थता हासिल करना है, ऐसे में यह अभियान स्वच्छ ऊर्जा प्रणालियों की दिशा में तांबे की माँग को बढ़ावा देगा। कॉपर कॉम्प्लेक्स का कीमती मेटल रिकवरी प्लांट साल-दर-साल सोने और चांदी का उत्पादन करेगा। अब तक तांबे की आपूर्ति में भारतीय उद्योगों को अनिश्चितताओं का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन देश का अपना तांबा उत्पादन प्लांट इन चिंताओं को कम कर सकता है। इसके अलावा उद्योग अपनी आपूर्ति पर बेहतर नियंत्रण रख सकेगा और सबसे महत्वपूर्ण ये अपने एकमात्र घरेलू स्त्रोत, हिंडाल्को पर निर्भरता को काफी कम करेगा। भारत के तांबे के निर्यात में गिरावट आई है, लेकिन कच्छ का तांबा इसे पुनर्जीवित कर सकता है।

## इजरायली सेना ने गाजा के आसपास नियंत्रण हासिल किया : आईडीएफ

**यरुशलम।** इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने सोमवार को दावा किया कि उसने गाजा पट्टी पर सभी जगहों पर दोबारा नियंत्रण हासिल कर लिया है, हालांकि हमास के कुछ आतंकवादी अब भी सक्रिय हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इजरायली क्षेत्र के अंदर इजरायली बलों और हमास के बीच फिलहाल कोई लड़ाई नहीं चल रही है। लेकिन उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि सक्रिय फि लिस्तीनी बंदूकधारियों के साथ छिटपुट झड़पें जारी हैं। इस बीच, यरूशलम और तेल अवीव में रॉकेट हमलों की चेतावनी देने वाला सायरन सोमवार को दोपहर में बज उठा।


### उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा
(एन0आर0ई0पी0 शाखा)

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

NIT NO – 04 वर्ष 2023–24 द्वितीय कॉल

1.विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।
2.परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– कार्यालय अवधि में दिनांक 16.10.2023 अपराह्न 1.30 बजे तक।
3.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 17.10.2023 को 1:30 बजे अपराह्न तक।
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 17.10.2023 को 2:00 बजे अपराह्न में।
5.निविदा प्राप्ति एवं परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि 2% | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लोहरदगा | तिगरा हास्पिटल से चराखरी तक 800 फीट पी0सी0पथ निर्माण | 10,45,200.00 | 21000.00 | 2500.00 | (2) दो माह |
| 2 | लोहरदगा | फारुख अंसारी के घर से मकतब तक पी0सी0सी0पथ निर्माण | 10,99,600.00 | 22000.00 | 2500.00 | (2) दो माह |

1 ग्रामीण कार्य विभाग में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
2 संवेदक का UCAN में निबंधन अनिवार्य है।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा

PR 308707 Lohardaga (23-24)_D



### कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), पलामू
कार्यालय : जिला कृषि कार्यालय प्रांगण पलामू, मेदिनीनगर Tel :- 06562223886
email – atmapalamau@rediffmail.com Website – atmapalamau.org Mob :-9534216434

पत्रांक : 374 दिनांक : 07.10.2023

**प्रेस विज्ञप्ति**

कार्यालय – कृषि पौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, आत्मा, पलामू

पलामू जिला अंतर्गत सभी अनुज्ञप्तिधारी बीज,उर्वरक एवं किटनाशक विक्रेता को सूचित किया जाता है कि "मैनेज", हैदराबाद द्वारा कृषि उपादान व्यवसाइयों के लिए कृषि प्रसार सेवा में Diploma in Agricultural Extension Services for Input Dealers (DAESI) एक वर्ष का डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किया जाना है। वित्तीय वर्ष 2023–24 में Central Sector Plan Scheme (CSPS) के तहत पलामू जिला के 40 वैद्य अनुज्ञप्तिधारी कृषि व्यवसायी दिनांक 20.10.2023 तक नामांकन हेतु आवेदन कर सकते है। आवेदन का विहित प्रपत्र आत्मा पलामू के बेबसाईट www.atmapalamau.org पर उपलब्ध है।

आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित कागजात (स्वअभिप्रमाणित) संलग्न करना अनिवार्य होगा।

- शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र (अंक प्रत्र, मूल पमाण पत्र) की छायाप्रति।
- बीज/उर्वरक/किटनाशक अनुज्ञप्ति की छायाप्रति।
- आधार कार्ड की छायाप्रति।
- पैन कार्ड की छायाप्रति।
- दो पासर्पोट साईज का फोटो।
- Director SAMETI Payble at Rachi Jharkhand, के नाम से 10,000/– (दस हजार) का डी0डी0।

अधिक जानकारी हेतु आत्मा, पलामू कार्यालय में सर्म्पक किया जा सकता है।

sd/-
परियोजना निदेशक आत्मा, पलामू

PR 308701 District(23-24)D



### OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, GARHWA
(District Agriculture Office)
Website: www.garhwa.nic.in

Tender Reference No. Date

**VERY SHORT NOTICE FOR INVITATION OF EXPRESSION OF INTREST**

| | |
|---|---|
| EOI SUBMISSION PLACE | DISTRICT AGRICULTURE OFFICE, GARHWA |
| DATE OF PUBLICATION OF BID ON WEBSITE | 10-10-2023 |
| LAST DATE & TIME OF RECEIPT OF EOI | 16-10-2023 |
| DATE & TIME OF OPENING OF EXPRESSION OF INTEREST | 17-10-2023 |
| NAME & ADDRESS OF OFFICE INVITING | COMBINED AGRICULTURE BUILDING, PIPRA KALAN, GARHWA- 822114 |
| HELPLINE NUMBER | 8986656686, 6202524733 |

| SL. NO. | INFORMATION | DETAILS | ESTIMATED COST PER UNIT | UNIT | WORK COMPLETION PERIOD |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NAME OF WORK | Supply, Installation and Technical Training of Animal Feed Manufacturing Unit | Rs. 6,50,000/- | 01 | 90 Days |

NOTE: For further information please visit website: www.garhwa.nic.in

District Agriculture Officer, Garhwa

PR 308669 Agriculture (23-24)_D



### अधीक्षक उत्पाद का कार्यालय,लातेहार

खुदरा उत्पाद दुकानों से प्राप्त खाली कार्टूनों के निष्पादन हेतु अल्पकालीन निविदा का आमंत्रण

**विज्ञप्ति**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड उत्पाद (JSBCL के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन) नियमावली 2022 की कंडिका 32(i) एवं विभागीय पत्रांक–1419 (अनु0) दिनांक–11.10.2022 द्वारा निर्गत निर्देशों के आलोक में लातेहार जिलान्तर्गत JSBCL के माध्यम से संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टूनों (बड़ा/छोटा) के निष्पादन हेतु जिला स्तर पर निविदा निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार संपादित की जायेगी:–

| | | |
|---|---|---|
| 01 | खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टूनों के **निष्पादन** हेतु अधीक्षक उत्पाद कार्यालय, लातेहार में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की प्रारंभिक तिथि | दिनांक–10.10.2023 (कार्यालय अवधि में) |
| 02 | खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टूनों के **निष्पादन** हेतु अधीक्षक उत्पाद कार्यालय, लातेहार में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि | दिनांक–18.10.2023 के अप० 04:00 बजे तक |
| 03 | मुहरबंद निविदा खुलने की तिथि | दिनांक 19.10.2023 को प्रातः 11:30 बजे से |

उक्त नियमावली के तहत आवेदन करने हेतु निविदा की शर्तें, आवेदन प्रपत्र, शपथ पत्र, पात्रता की शर्तें, समर्पित किए जाने वाले कागजातों की विवरणी एवं प्रक्रिया से संबन्धित विस्तृत जानकारी हेतु अधीक्षक उत्पाद कार्यालय, लातेहार में संपर्क किया जा सकता है।

नोटः– उक्त निविदा अधीक्षक उत्पाद कार्यालय, लातेहार (स्थान–श्रम भवन, करकट, लातेहार) में खोली जायेगी।

अधीक्षक उत्पाद,
लातेहार

PR 308688 Excise(23-24).D



### कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**आम–सूचना**

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, बिश्रामपुर क्षेत्रांतर्गत ऐसे व्यापारी अथवा दुकानदार जिन्होनें अब तक अपना व्यापार अनुज्ञप्ति (Trade License) नही बनवाया है, वे जनसूचना केन्द्र, नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय से संपर्क कर यथाशीघ्र व्यापार अनुज्ञप्ति बनवा लें अन्यथा बिना किसी अग्रिम सूचना के संबंधित व्यापार की अनुज्ञप्ति जाँच की जायेगी। व्यापार अनुज्ञप्ति (Trade License) नही पाये जाने की स्थिति में आर्थिक दंड लगाया जायेगा। साथ ही व्यापार अनुज्ञप्ति (Trade License) की तिथि यदि समाप्त हो गई हो, तो इसे नवीकृत करवा लें अन्यथा उन्हे भी आर्थिक दंड दिया जायेगा।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद बिश्रामपुर

PR 308676 (District)23-24*D



### कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**आम–सूचना**

नगर परिषद्, बिश्रामपुर क्षेत्रांतर्गत सभी घृतिधारकों को एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि अपना घृतिकर ससमय जनसूचना केन्द्र, नगर परिषद्, बिश्रामपुर के कार्यालय में अथवा https://suda.jharkhand.gov.in/jharkhandmunicipal/citizen/index.php लिंक के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना सुनिश्चित करें। साथ ही ऐसे घृतिधारक जिनका घृतिकर निर्धारण अब तक नही हुआ है, वे जनसूचना केन्द्र, नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय से संपर्क कर अपना SAF फॉर्म भरकर घृतिकर का निर्धारण करवा लें, क्योंकि नगर परिषद्, बिश्रामपुर से मिलने वाली सभी सुविधाओं हेतू होल्डिंग सं0 की माँग की जा सकती है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद बिश्रामपुर

PR308673 (District)23-24*D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

पत्रांक– दिनांक–

**शुद्धि पत्र**

एदत् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा के ई–निविदा आमंत्रण संख्या– 11/2023-24/RWD/GARHWA, दिनांक– 23.09.2023, PR No.- **307717** द्वारा प्रकाशित निविदा की तिथि में अपरिहार्य कारणवश निम्नरूपेण परिर्वतन किया जाता है।

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 07.10.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 13.10.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– 14.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (14.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 16.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders. gov. in में देखा जा सकता है। अन्य शर्तें यथावत रहेगें।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 308667 Rural Development (23-24)_D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

पत्रांक– दिनांक–

**शुद्धि पत्र**

एदत् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा के ई–निविदा आमंत्रण संख्या– **12/2023-24/RWD/GARHWA,** दिनांक– 29.09.2023, PR No.- **307977** द्वारा प्रकाशित निविदा की तिथि में अपरिहार्य कारणवश निम्नरूपेण परिर्वतन किया जाता है।

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 07.10.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 13.10.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– 14.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (14.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 16.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है। अन्य शर्तें यथावत रहेगें।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा।

PR.NO.308666 Rural Development(23-24):D

# जातीय गणना पर राजनीति

***बिहार*** में जातीय गणना की रिपोर्ट के बाद देश में इसकी गूंज सुनाई पड़ने लगी है। झारखंड की सरकार सैद्धांतिक तौर पर कास्ट सर्वे के समर्थन में हैं। मगर इसे कब करायेगी कहना मुश्किल है। हालांकि यह चुनावी मुद्दा जरूर बना रहेगा। जबकि झारखंड बीजेपी के नेता इस मामले पर कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं। दूसरी तरफ चुनाव तक जातीय गणना की बात चलती रहेगी। ऐसा इसलिए कि खुद झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरन का कहना है कि वो इस बात के हिमायती हैं कि जिस समूह की जितनी आबादी है, उसे उसी के अनुसार अधिकार मिलना चाहिए। झारखंड के सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल तीनों पार्टियां झामुमो, कांग्रेस और राजद इसकी पक्षधर हैं। एनडीए गठबंधन में शामिल आजसू पार्टी भी जातीय जनगणना की मांग उठा रही है। राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा फिलहाल इस मुद्दे पर चुप है। सीएम हेमंत सोरेन कहते हैं कि जाति आधारित जनगणना के मुद्दे पर दो साल पहले ही राज्य में सभी दलों की सहमति बनी थी। इसके बाद सर्वदलीय शिष्टमंडल के सदस्यों ने सितंबर 2021 में दिल्ली जाकर इससे संबंधित मांग पत्र गृह मंत्री को सौंपा था। हम चाहते हैं कि केंद्र सरकार की ओर से इस पर पहल हो। पत्र में कहा गया था कि संविधान में सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के विकास के लिए विशेष सुविधा और आरक्षण की व्यवस्था की गई है। हेमंत सोरेन के मुताबिक आजादी के बाद से आज तक की कराई गई जनगणना में जातिगत आंकड़े नहीं रहने से विशेषकर पिछड़े वर्ग के लोगों को विशेष सुविधाएं पहुंचाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पिछड़े-अति पिछड़े अपेक्षित प्रगति नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में यदि अब जातिगत जनगणना नहीं कराई जाएगी तो पिछड़ी-अति पिछड़ी जातियों की शैक्षणिक, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक स्थिति का ना तो सही आकलन हो सकेगा, ना ही उनकी बेहतरी। बहरहाल विभिन्न जातियों को उनकी जनसंख्या के आधार पर आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। यह करीब -करीब सभी चाहते हैं। राज्य में सभी नगर निकायों का कार्यकाल सात-आठ पहले ही पूरा हो चुका है, लेकिन सरकार इनका चुनाव कराने को लेकर अब तक अनिर्णय की स्थिति में है। सरकार ने कैबिनेट की बैठक में महीनों पहले निर्णय लिया था कि नगर निकाय के चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण दिया जाएगा। मुश्किल ये है कि इस आरक्षण का प्रतिशत कितना हो, ये तय करने के लिए राज्य सरकार को ट्रिपल टेस्ट सर्वे के जरिये राज्य की पिछड़ी आबादी की संख्या और उनकी आर्थिक-सामाजिक स्थिति का आकलन करना होगा। सरकार ने ट्रिपल टेस्ट कराने के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग को अधिकृत भी किया है, लेकिन अभी तक आयोग का गठन ही नहीं हो सका है। अक्टूबर का पहला सप्ताह खत्म होने को है। इस महीने से दशहरा, दीपावली, छठ, भाईदूज जैसे त्योहारों की श्रृंखला शुरू हो रही है, जो दिसंबर में क्रिसमस तक जारी रहेगी। इसके बाद फरवरी 2024 से लोकसभा चुनाव के पूर्व मतदाता सूची पुनरीक्षण, बूथों का निर्धारण, मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण आदि की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। लोकसभा चुनाव खत्म होंगे तो विधानसभा के चुनाव की तैयारी शुरू हो जायेगी। जाहिर है इन परिस्थितियों में 2024 के अंत तक राज्य में जातीय जनगणना के आसार नहीं लगते।

**झारखंड के सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल तीनों पार्टियां झामुमो, कांग्रेस और राजद इसकी पक्षधर हैं। एनडीए गठबंधन में शामिल आजसू पार्टी भी जातीय जनगणना की मांग उठा रही है। सीएम हेमंत सोरेन कहते हैं कि जाति आधारित जनगणना के मुद्दे पर दो साल पहले ही राज्य में सभी दलों की सहमति बनी थी।**

# बालिकायें कब तक बेचारगी का जीवन जीयेंगी?





ललित गर्ग

***दुनियां*** भर में बालिकाओं की बेचारगी को दूर करने, सुरक्षित एवं सम्मानपूर्ण जीवन प्रदत्त करने, उनके सेहतमंद जीवन से लेकर शिक्षा और करियर के लिए मार्ग बनाने के उद्देश्य से हर साल 11 अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। इस दिन बालिकाओं को उनके अधिकारों, उनके सुरक्षित जीवन और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया जाता है। भारत समेत कई देशों में बालिकाओं को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एक बच्ची के जन्म से लेकर परिवार में उसकी स्थिति, शिक्षा के अधिकार और करियर में बालिकाओं के विकास में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए जागरूकता फैलाना ही इस दिवस का उद्देश्य है। एक गैर सरकारी संगठन ने प्लान इंटरनेशनल प्रोजेक्ट के रूप में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने की शुरूआत की। इस एनजीओ ने एक अभियान चलाया, जिसका नाम 'क्योंकि मैं एक लड़की हूं' रखा गया। इस अभियान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैलाने के लिए कनाडा सरकार से संपर्क किया गया। कनाडा सरकार ने एक आम सभा में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा। 19 दिसंबर 2011 के दिन संयुक्त राष्ट्र ने इस प्रस्ताव को पारित किया और 11 अक्तूबर 2012 को पहली बार अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया और उस समय इसकी थीम 'बाल विवाह को समाप्त करना' था। 2023 की थीम है 'उसके साथः एक कुशल लड़की का बल'। आज दुनिया में कन्याओं एवं बालिकाओं के समग्र विकास के साथ उनके जीवन को सुरक्षित करना ज्यादा जरूरी है, क्योंकि छोटी बालिकाओं पर हो रहे अन्याय, अत्याचारों की एक लंबी सूची रोज बन सकती है। न मालूम कितनी अबोध बालिकाएं, कब तक ऐसे जुल्मों का शिकार होती रहेंगी। कब तक अपनी मजबूरी का फायदा उठाने देती रहेंगी। सख्त कानूनों के बावजूद, देश में हर 15 मिनट पर एक बालिका यौन अपराध का शिकार होती है। निर्भया मामले में जनांदोलन के बाद सख्त कानून बनने के बावजूद देश में बलात्कार एवं बाल-दुष्कर्म मामलों में भारी बढ़ोतरी हुई है। सुझाव दिये गये हैं कि स्कूली पाठयक्रमों में यौन शिक्षा को शामिल किया जाये। लेकिन संस्कृति और परंपरा आदि का हवाला देकर इस तरह के विचारों को दरकिनार किया जाता रहा है। जबकि संवेदनशील तरीके से की गई यौन शिक्षा की व्यवस्था बच्चों को अपने शरीर और उसके साथ होने वाली हरकत को समझने और समय पर उससे बचने या विरोध करने में मददगार साबित हो सकती है। इस खास दिन मनाने का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं यानी नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि महिलाएं भी देश और समाज के विकास में योगदान दे सकें। उन्हें सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए बालिका दिवस के मौके पर कई देशों में कार्यक्रमों का आयोजन होता है। देश में लड़कियों के लिये ज्यादा समर्थन और नये मौके देने के लिये इस उत्सव की शुरूआत की गयी। बालिका शिशु के साथ भेद-भाव एक बड़ी समस्या है जो कई क्षेत्रों में फैला है जैसे शिक्षा में असमानता, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सीय देख-रेख, सुरक्षा, सम्मान, बाल विवाह आदि। सामाजिक लोगों के बीच उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिये और समाज में लड़कियों की स्थिति को बढ़ावा देने के लिये यह दिवस मनाया जाता है। ये बहुत जरूरी है कि विभिन्न प्रकार के समाजिक भेदभाव और शोषण को समाज से पूरी तरह से हटाया जाये जिसका हर रोज लड़कियाँ अपने जीवन में सामना करती हैं। समाज में व्याप्त अत्यधिक गरीबी ने बालिकाओं के खिलाफ सामाजिक बुराई जैसे दहेज प्रथा को जन्म दिया है जिसने बालिकाओं की स्थिति को बद से बदतर (बहुत बुरा) बना दिया है। आमतौर पर माता-पिता सोचते है की लड़कियाँ केवल रुपये खर्च कराती है जिसके कारण वो लड़कियों को बहुत से तरीकों (कन्या भ्रूण हत्या, दहेज के लिये हत्या) जन्म से पहले या बाद में मार देते हैं, कन्याओं या महिलाओं को बचाने के लिये ये मुद्दे समाज से बहुत शीघ्र खत्म करने की आवश्यकता है। हम तालिबान-अफगानिस्तान आदि देशों में बच्चियों एवं महिलाओं पर हो रही क्रूरता, बर्बरता, शोषण की चर्चाओं में मशगूल दिखाई देते हैं लेकिन भारत में आये दिन नाबालिग बच्चियों से लेकर वृद्ध महिलाओं तक से होने वाली छेड़छाड़, बलात्कार, हिंसा की घटनाएं पर क्यों मौन साध लेते हैं? इस देश में जहां नवरात्र में कन्या पूजन किया जाता है, लोग कन्याओं को घर बुलाकर उनके पैर धोते हैं और उन्हें यथासंभव उपहार देकर देवी मां को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं वहीं इसी देश में बेटियों को गर्भ में ही मार दिये जाने एवं नारी अस्मिता एवं अस्तित्व को नौंचने की त्रासदी भी है। इन दोनों कृत्यों में कोई भी तो समानता नहीं बल्कि गजब का विरोधाभास दिखाई देता है। दुनियाभर में बालिकाओं के अस्तित्व एवं अस्मिता के लिये जागरूकता एवं आन्दोलनों के बावजूद बालिकाओं पर अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। हमारे देश में भी बालिकाओं की स्थिति, कन्या भ्रूण हत्या की बढ़ती घटनाएं, लड़कियों की तुलना में लड़कों की बढ़ती संख्या, तलाक के बढ़ते मामले, गांवों में बालिका की अशिक्षा, कुपोषण एवं शोषण, बालिकाओं की सुरक्षा, बालिकाओं के साथ होने वाली बलात्कार की घटनाएं, अश्लील हरकतें और विशेष रूप से उनके खिलाफ होने वाले अपराधों पर प्रभावी चर्चा एवं कठोर निर्णयों से एक सार्थक वातावरण का निर्माण किये जाने की अपेक्षा है। क्योंकि एक टीस-सी मन में उठती है कि आखिर बालिकाओं कब तक भोग की वस्तु बनी रहेगी? उसका जीवन कब तक खतरों से घिरा रहेगा? बलात्कार, छेड़खानी, भ्रूण हत्या और दहेज की धधकती आग में वह कब तक भस्म होती रहेगी? कब तक उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौचा जाता रहेगा? दरअसल छोटी लड़कियों या महिलाओं की स्थिति अनेक मुस्लिम और अफ्रीकी देशों में दयनीय है। जबकि अनेक मुस्लिम देशों में महिलाओं पर अत्याचार करने वालों के लिये सख्त सजा का प्रावधान है, अफगानिस्तान-तालिबान का अपवाद है। वहां के तालिबानी शासकों ने महिलाओं को लेकर जो फरमान जारी किये हैं वो महिला-विरोधी होने के साथ दिल को दहलाने वाले हैं। नये तालिबानी फरमानों के अनुसार महिलाएं आठ साल की उम्र के बाद पढ़ाई नहीं कर सकेंगी। आठ साल तक वे केवल कुरान ही पढ़ेंगी। 12 साल से बड़ी सभी लड़कियों और विधवाओं को जबरन तालिबानी लड़कों से निकाह करना पड़ेगा। बिना बुर्के या बिना अपने मर्द के साथ घर से बाहर निकलने वाली महिलाओं-बालिकाओं को गोली मार दी जायेगी।

**सख्त कानूनों के बावजूद, देश में हर 15 मिनट पर एक बालिका यौन अपराध का शिकार होती है। निर्भया मामले में जनांदोलन के बाद सख्त कानून बनने के बावजूद देश में बलात्कार एवं बाल-दुष्कर्म मामलों में भारी बढ़ोतरी हुई है।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी*

***ब्रह्मा***, विष्णु, शिव वास्तविकता को देखकर भी मान बढ़ाई वश नहीं माने। **नोटः** – कबीर परमेश्वर गरुड़ जी से त्रेता युग में मिले थे। भगवान विष्णु का प्रभाव अभी भी उनमें बना हुआ था, इसलिए उस समय मुक्त नहीं हो सके। वह फिर से जन्म लेंगे तब सर्वशक्तिमान उन्हे आशीर्वाद देंगे और उन्हें अपनी शरण में लेंगे और मोक्ष प्रदान करेंगे। आइए आगे बढ़ते हुए जानते हैं कि कबीर परमेश्वर हिंदुओं और मुसलमानों को उनके गलत व्यवहार के बारे में क्या उपदेश देते थे और धर्मराज (यम) के दरबार में उन्हें क्या सजा मिलेगी। **धर्मराज (यम) के दरबार में मनमानी पूजा करने वालों के साथ क्या होगा?** 600 साल पहले जब परमात्मा कबीर जी पृथ्वी पर अवतरित हुए थे और एक बुनकर की लीला कर रहे थे तब उन्होंने हिंदुओं और मुसलमानों दोनों को उनके शास्त्र विरूद्ध साधना और उसके लिए धर्मराज (यम) के दरबार में मिलने वाली सजा के बारे में उपदेश देते थे। हिंदू 'माता मसानी' की पूजा करते हैं और मुसलमान किसी संत/फकीर की याद में बनी 'दरगाह' की पूजा करते हैं। अगर कोई उन्हें समझाने की कोशिश करता है तो वे सिर फोड़ने के लिए तैयार हो जाते हैं। वे परमेश्वर के ज्ञान को नहीं सुनते हैं। हिंदू मंदिरों में और मुसलमान मस्जिद के चक्कर में उलक्ष गए हैं। उन्होंने आपस में धर्म की बाधा खड़ी कर ली है।। ईश्वर का उद्देश्य था कि सभी आत्माएं सतभक्ति करें और मनमानी पूजा छोड़ दें। **संदर्भ : संत गरीबदास जी पवित्र अमर ग्रंथ राग काफी शब्द 1 नहीं है दारमदारा उहाँ तो, नहीं है दारमदारा उस दरगह में धर्मराय है, लेखा लेगा सारा ॥ मुल्ला कूके बंग सुनावे, ना बहरा करतारा ॥ तीसों रोजे खून करत हो, क्यों कर होय दीदारा॥ मूल गंवाय चले हो काजी, भरिया घोर अंगारा ॥ भोजल बूड़ि गये हो भाई, कीजेगा मुँह कारा ॥**
*(क्रमशः)*

# भारत अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ कमर कसने को तैयार



किशन भावनानी गोंदिया

***वैश्विक*** स्तर पर तेजी से बदलते घटनाक्रम में जहां रूस -यूक्रेन युद्ध की समस्या अभी टली नहीं है, बल्कि बढ़ती जा रही है वहीं शनिवार से हमास फिलिसतीन द्वारा इजराइल पर पांच छह हजार से अधिक मिसाइल से हमला कर पूरी दुनियां का ध्यान आकर्षित कर दिया है। सोमवार दिनांक 9 अक्टूबर 2023 को देर शाम तक प्रिंट इलेक्ट्रानिक व सोशल मीडिया पर इस हमले के अपडेट्स जारी हैं, वहीं इसराइल ने भी आधिकारिक तौर पर युद्ध की घोषणा कर दी है। हालांकि फिलिस्तीनियों और इजरायल यहूदियों का यह मुद्दा बहुत पुराना है, जब अखंड भूमि पर ब्रिटिश राज था उस समय यहूदियों द्वारा अलग क्षेत्र की मांग की गई थी यहीं से यह विवाद प्रारंभ हुआ था। वर्तमान भाव स्थिति शायद पहले कभी नहीं हुई थी। जग जाहिर है कि अमेरिका और भारत सबसे अधिक आतंकवाद के पीड़ित देश हैं। कुछ वर्षों से दोनों की अति नजदीकियां हुई है, अनेक रणनीतिक साझेदारियां भी हुई है और कनाडा भारत विवाद के बावजूद अमेरिका द्वारा शुक्रवार दिनांक 7 अक्टूबर 2023 को अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेटागन) ने कहा था कि भारत-अमेरिका मजबूत रक्षा साझेदारी बनाये रखने का प्रयास जारी रखेंगे और 8 अक्टूबर 2023 को अल मॉर्निंग में ही अमेरिका के खास प्रिय इसराइल पर हमास के हमले की जानकारी तेजी से सारी दुनियां में फैली जिस पर अमेरिका का तुरंत रिएक्शन आया और रात 12 जो बिडेन की प्रतिक्रिया इसराइल का साथ देने की जानकारी दी। वहीं भारत नें भी आतंकवाद के खिलाफ इजराइल का साथ दिन देने का ऐलान व समर्थन किया, जिसपर दिनांक 8 अक्टूबर 2023 को देर शाम इसराइली राजदूत ने कहा समर्थन से वे बेहद उत्साहित हैं। चूंकि आतंकवाद के खिलाफ भारत अमेरिका हमेशा से ही साथ-साथ हैं। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अंतरराष्ट्रीय नियम आधारित व्यवस्था और देश की संप्रभुता के संरक्षण में भारत अमेरिका की साझेदारी सराहनीय है। साथियों बात अगर हम हमास इजरायल युद्ध की करें तो, शनिवार को हमास के लड़ाकों द्वारा एक आश्चर्यजनक हमले में गाजा की सीमा का उल्लंघन करने के एक दिन बाद इस्राइल और हमास के बीच लड़ाई तेज हो गई है। हमास के रॉकेट हमलों और जमीनी हमले में मरने वालों की संख्या रविवार को 400 से अधिक हो गई, जबकि 2000 अन्य लोगों के घायल होने की सूचना है। पेपर ऑफ इस्राइल ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि गाजा में कई इस्राइलियों को बंधक बना लिया गया था। वहीं एक रिपोर्ट के मुताबिक, ऑपरेशन का पहला चरण हमारे क्षेत्र में घुसने वाली कई दुश्मन ताकतों के खात्मे के साथ समाप्त हो गया था। इस्राइल के पीए ने हमास को कड़ी चेतावनी जारी करते हुए दावा किया कि उसने एक खतरनाक युद्ध शुरू किया है। इस्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) उनकी क्षमता को कमजोर करने के लिए अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करेगा। साथियों बात अगर हम इस मामले में भारत के रुख की करें तो, इजरायल में हुए हमास आतंकियों के हमले को लेकर तमाम देशों ने इसकी आलोचना की है। वहीं भारत के पीएम ने भी इजरायल को समर्थन दिया। उन्होंने कहा इजरायल में आतंकवादी हमलों की खबर से गहरा धक्का लगा है। इस हमले में मारे लोगों और निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनायें हैं। हम इस कठिन समय में इजरायल के साथ एकजुटता से खड़े है। इस्राइल पर हमास आतंकवादियों द्वारा किये गये हमलों के बीच भारत ने इस्राइल को समर्थन देने की बात कही है। भारत में मौजूद इस्राइल के राजदूत ने रविवार को इस पर प्रतिक्रिया दी। जिसमें उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में एक खास महत्व रखता है। भारत का इस्राइल को समर्थन आतंकवाद की गहरी समझ पर आधारित है।


**साथियों बात अगर हम हमास इजरायल युद्ध की करें तो, शनिवार को हमास के लड़ाकों द्वारा एक आश्चर्यजनक हमले में गाजा की सीमा का उल्लंघन करने के एक दिन बाद इस्राइल और हमास के बीच लड़ाई तेज हो गई है।**

**आतंकवाद**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# समाज के खिलाफ साजिश है जातिगत जनगणना



मृत्युंजय दीक्षित

***बिहार*** के मुख्यमंत्री और आईएनडीआईए गठबंधन के संभावित नेता नीतीश कुमार पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव व आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भारतीय जनता पार्टी से मुकाबला करने के लिए बिहार में कराई गई जातिगत जनगणना की रिपोर्ट दो अक्टूबर को जारी कर चुके हैं। यह इन नेताओं का चुनावी स्टंट मात्र है। यह रिपोर्ट तब जारी की गयी जब चारा घोटाले में दोषी घोषित जमानत पर बाहर घूम रहे लालू यादव भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ जमकर जहर घोल रहे हैं। पटना में जातिगत जनगणना की रिपोर्ट जारी होने के बाद संपूर्ण भारत में बयानबाजी प्रारम्भ हो गई और पूरे देश में जातिगत जनगणना की मांग जोर पकड़ने लगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तत्काल बयान दिया कि जब देश में उनकी सरकार आयेगी तब संपूर्ण भारत में जातिगत जनगणना करायी जायेगी और साथ ही एक नारा भी उछल दिया-जिसकी जितनी आबादी उसका उतना हक। वर्तमान में भारत के सभी विपक्षी और क्षेत्रीय दल यह सोच रहे हैं कि जातिगत जनगणना व अनुसूचित जाति, जनजाति, आदिवासी व वंचित समाज को आरक्षण के नाम पर बरगलाकर भाजपा को हराया जा सकता है या फिर द्रमुक के विचारों के अनुरूप सनातन धर्म का संपूर्ण उन्मूलन संभव है। जातिगत जनगणना और उसके आधार पर हिन्दू मतों का विभाजन करा के सत्ता में आना इनका सपना है । बिहार की जातिगत जनगणना एक ऐसी निकृष्ट पहल है जो सनातन हिन्दू धर्म को कमजोर करेगी और समाज को जातीय संघर्ष में झोंक कर विकसित भारत के स्वप्न को चूर-चूर कर देगी। जातीय जनगणना के आंकड़े जारी होने के प्रारंभ के एकझ्रदो दिन आईएनडीआईए गठबंधन को ऐसा प्रतीत होने लगा कि वह भाजपा को दबाव में लाने में सफल हो गया है किंतु समय बीतने के साथ साथ जातिगत जनगणना एक विद्रूप राजनीतिक स्टंट के रूप में ही पहचानी जा रही है। अब यह समाचार भी आ रहे हैं कि नीतिश कुमार ने बिहार व राष्ट्रीय राजनीति में अस्तित्व को बचाये रखने और अति पिछड़ों का नायक बनने के लिए यह रिपोर्ट जल्दबाजी में जारी कर दी है। बिहार के कई नेता व विश्लेषक यह दावा कर रहे हैं कि यह जनगणना रिपोर्ट पूरी तरह से फर्जी दावों व आंकड़ों पर आधारित है। बिहार की क्षेत्रीय पार्टी हम के नेता जीतन राम मांझी का बयान आया कि यह रिपोर्ट घर में बैठकर तैयार की गयी है और इसमें आंकड़ों में हेरफेर किया गया है। मांझी का कहना है कि बिहार में यादव मात्र 4 प्रतिशत हैं तो उनकी संख्या 14 से अधिक कैसे हो गयी। वहीं पूर्व कानून मंत्री रवि शंकर प्रसाद का कहना है कि उनके घर कोई भी अधिकारी जनगणना के लिए नहीं आया और न ही उनसे हस्ताक्षर करवाये गये। बिहार की कुल जनगणना में 82 प्रतिशत हिंदू आबादी है जबकि मुस्लिम आबादी 17.7 प्रतिशत हो गयी है। बिहार की जातिगत जनगणना में अत्यंत पिछडा वर्ग 36 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग 27.12 प्रतिशत, अनुसूचित जाति 19.65 प्रतिशत, अनारक्षित वर्ग केवल 15.52 प्रतिशत है। बिहार की यह जातिगत जनगणना इतने विरोधाभासों से भरी है कि यह स्वयं स्पष्ट कर रही है कि यह केवल और केवल हिंदू समाज को जाति के नाम पर बांटने का एक सुनियोजित व घृणित षड्यंत्र है। 1931 में भारत को खंड-खंड करने की जो साजिश अंग्रेज नहीं कर पाये उस कार्य को पूर्ण करने का पाप अब बिहार के 73 वर्षीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कर रहे हैं। नीतीश कुमार ने सोचा था कि वह ऐसा करके महानायक बन जायेंगे किंतु अब वही इस जाल में फंसते दिख रहे हैं। जातिगत जनगणना से उठे यक्ष प्रश्न न केवल नीतीश कुमार वरन आईएनडीआईए गठबंधन पर भी भारी पड़ रहे हैं। बिहार की जातिगत जनगणना की रिपोर्ट से पता चल रहा है कि नीतीश पिछड़ों व अतिपिछड़ों के नेता नहीं रह गए हैं और बिहार की राजनीति अब यादव मुस्लिम गठजोड़ की दिशा पकड़ेगी।

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तत्काल बयान दिया कि जब देश में उनकी सरकार आयेगी तब संपूर्ण भारत में जातिगत जनगणना करायी जायेगी और साथ ही एक नारा भी उछल दिया- जिसकी जितनी आबादी उसका उतना हक।**

**जनगणना**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बालों को लंबा, घना व मजबूत बना सकता है हेयर ग्रोथ स्प्रे

लंबे और घने बाल पाने के लिए हम कई तरह के उपयों को अपने घर में आजमाते है, लेकिन इनमें से कई उपाय काम नही करते है। इसलिए आपको आज ये हेयर ग्रोथ स्प्रे बनान चाहिए। लंबे बालो का फैन हम से ज्यादातर लोग होते है जिनमें से मैं भी एक हूं। इसके लिए हम न जाने कितने टिप्स, ट्रिक्स और हैक्स ट्राई करे रहते हैं। लेकिन उनमें कई हमारे बालों के लिए बहुत अच्छे होते हैं लेकिन बहुत से कुछ काम के नहीं होते हैं। यह डीआईवाई हेयर ग्रोथ स्प्रे पतले बालों के लिए या किसी ऐसे व्यक्ति के लिए एकदम सही समाधान है जो बस अपने बालों को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। यह बालों के बढ़ने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले तेलों से बनाया गया है। यह प्राकृतिक स्प्रे स्वस्थ स्कैल्प और बालों के रोम को बनाए रखने में मदद करता है। इंटरनेट पर बहुत सारे बालों के बढ़ाने वाले नुस्खे मौजूद है। लेकिन हमारे पास एक ऐसा नुस्खा मौजूद है जिसे सिर्फ प्रकृतिक चीजों के साथ तैयार किया गया है और इसमें कुछ भी ऐसा नहीं है जो आपके लिए इसमें मिलाना मुश्किल हो। इसमें किसी भी तरह के रसायन का उपयोग नहीं किया गया है। इसमें सबसे जरूरी पदार्थ है रोजमेरी का तेल जिसे बालों के बढ़ाने के लिए सबसे अच्छा माना जाता है।

### कैसे घर पर बनाएं हेयर ग्रोथ स्प्रे

पानी 1 कप
चम्मच विच हेजल 4 बड़े
गाजर के बीज का तेल 1 चम्मच
आर्गन ऑयल ½ चम्मच
पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल 12 बूंदें
रोजमेरी एसेंशियल ऑयल 12 बूंदें
सीडरवुड एसेंशियल ऑयल 12 बूंदें
लैवेंडर एसेंशियल ऑयल 12 बूंदें
स्प्रे बॉटल 8 औंस

### ऐसे बनाएं हेयर स्प्रे

बोतल से स्प्रे नोजल निकालें और एक तरफ रख दें।
स्प्रे बोतल में विच हेजल डाले और ऊपर से 1 इंच तक पानी भरें।
बोतल में गाजर के बीज का तेल और आर्गन तेल सावधानी से डालें और इसे हेयर ग्रोथ स्प्रे में मिलाने के लिए धीरे धीरे हिलाएं।
हेयर ग्रोथ के लिए इस स्प्रे में सभी एसेंशियल ऑयल डालें, स्प्रे नोजल लगाएं और सभी को अच्छी तरह मिलाने के लिए जोर से हिलाएं।



### हेयर स्प्रे के फायदे

**विच हेजल :** बालों को बढ़ाने के लिए विच हेजल बहुत जरूरी है। इसमें सूजन-रोधी गुण होते हैं, जो सिर की त्वचा को टोन करता है और आराम देता है।

**गाजर के बीज का तेल :** यह तेल विटामिन और बीटा-कैरोटीन से भरपूर होता है, जो बालों के बढ़ने के लिए अच्छा वातावरण बनाने में मदद करता है।

**आर्गन ऑयल :** इस घरेलू नुस्खे में आर्गन ऑयल न केवल बालों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, बल्कि विटामिन ई और फैटी एसिड से भरपूर होने के कारण बालों में चमक भी आती है।

**पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल :** यह एसेंशियल ऑयल स्कैल्प में परिसंचरण को बढ़ा कर बालों के बढ़ने में मदद कर सकता है।

**रोजमेरी ऑयल :** रोजमेरी ऑयल भी स्कैल्प के परिसंचरण को बढ़ा सकता है, जो बालों को बढ़ने में मदद कर सकते है। यह बालों के रोमों को भी खोल सकता है।

**लैवेंडर ऑयल :** लैवेंडर एसेंशियल ऑयल कोशिका वृद्धि को बढ़ा सकता है और तनाव को कम कर सकता है, जिससे बालों को बढ़ने में मदद मिल सकती है। इसमें जीवाणुरोधी और रोगाणुरोधी गुण भी होते हैं, जो स्कैल्प के स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं।

**बार-बार ट्रिम करवाएं :** यह उल्टा लगता है, लेकिन यह टिप वास्तव में महत्वपूर्ण है। बालों में दोमुंहे बालों को कटवाने से आपके बालों को जल्दी से बढ़ाने में और टूटने से रोकने में मदद मिलती है।

**बालों के प्रति कठोर न हो :** जब आप अपने बालों को बढ़ाने की कोशिश कर रहे हों, तो इन्हे बच्चों की तरह संभाला जरूरी है। यह बहुत ही कमजोर होते है, सुनिश्चित करें कि इसे धीरे से ब्रश करें (विशेषकर जब यह गीला हो), सुपर-टाइट हेयर स्टाइल न बनाएं और जितना संभव हो सके इसे छूने से बचें।

**रेशम के तकिये पर सोयें :** रेशम का तकिया एक अनावश्यक चीज लग सकता है, लेकिन यह वास्तव में बालों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए बहुत उपयोगी है। रेशम के तकिए पर सोने से रात में बालों को उलझने, टूटने और क्षति को कम करने में मदद मिल सकती है।

❖ संध्या सिंह

## काव्य कोना

### काल बदलना

पानी में जब आग लगेगी
नौका ही शोर मचायेगी
तट पर बैठा माँझी
पानी पर पानी डालेगा
पानी में जब आग लगेगी
नौका ही शोर मचायेगी।
संबंधों की गहराई में
संबंध स्वयं ही बोलेगा
आज जहाँ सन्नाटा है
कल्ह शोर में डूबा रहता था
संबंधों की गहराई में
संबंध स्वयं ही बोलेगा।
साँझ के द्वारे भिंसरबा में
सूरज का आना निश्चित है
कृष्ण पक्ष कि शुक्ल पक्ष हो
काल बदलना निश्चित है
साँझ के द्वारे भिंसरबा में
सूरज का आना निश्चित है।

❖ नाग मणि

### त्वचा की अंदरूनी परतों को डैमेज होने से बचाता है

# स्किन बैरियर

आपकी त्वचा कई लेयर्स से बनी होती है। आपकी बॉडी को प्रोटेक्ट करने में हर एक स्किन लेयर का अपना महत्व होता है। त्वचा के बाहरी परत जिसे स्ट्रैटम कॉर्नियम को स्किन बैरियर कहते हैं। कई ब्यूटी प्रोडक्ट्स पर अक्सर 'स्किन बैरियर प्रोटेक्शन' का लेबल लगा होता है। वहीं जब हम किसी घरेलू नुस्खे के फायदे देखते तो वहां भी स्किन बैरियर प्रोटेक्शन लिखा आता है। इतना ही नहीं डर्मेटोलॉजिस्ट भी अक्सर त्वचा की सेहत को बनाए रखने के लिए स्किन बैरियर्स को प्रोटेक्ट करने की सलाह देते हैं। परंतु क्या आपने कभी ये जानने की कोशिश की है कि आखिर स्किन बैरियर क्या है? यदि नहीं तो आपको सबसे पहले स्किन बैरियर के बारे में जानना चाहिए। हेल्थ शॉट्स आपके लिए लेकर आया है त्वचा के लिए स्किन बैरियर के फायदे, साथ ही इसे प्रोटेक्ट करने के उपाय से जुड़ी जरूरी जानकारी।

**पहले समझें क्या होता है स्किन बैरियर :** आपकी त्वचा कई लेयर्स से बनी होती है। आपकी बॉडी को प्रोटेक्ट करने में हर एक स्किन लेयर का अपना महत्व होता है। त्वचा के बाहरी परत जिसे स्ट्रैटम कॉर्नियम कहते हैं, इनमें कठोर स्किन सेल्स पाए जाते हैं, जिसे कॉर्नियोसाइट्स कहते हैं। ये सभी एक साथ जुड़े होते हैं और इसे हम स्किन बैरियर कहते हैं।

**क्यों महत्वपूर्ण है स्किन बैरियर :** स्किन बैरियर शरीर को फ्री रेडिकल्स और वातावरण में मौजूद प्रदूषण से प्रोटेक्ट करता है। वहीं वातावरण में मौजूद टॉक्सिंस आपकी त्वचा में पेनिट्रेट हो त्वचा के साथ ही सेहत संबंधित तमाम समस्याओं का कारण बन सकती हैं। इसके साथ ही स्किन बैरियर आपकी त्वचा के अंदर हाइड्रेशन को बनाए रखना है।

**स्किन बैरियर किस तरह हो सकती हैं डैमेज**

अधिक ह्यूमिड या ड्राई वातावरण में लंबा वक्त बताने से।
वातावरणीय प्रदूषण जो की एलर्जी और इन्फेक्शन का कारण बन सकते हैं।
सूरज की किरणों के सीधे संपर्क में लंबा वक्त बिताना।
अल्कलाइन डिटर्जेंट और साबुन का इस्तेमाल। ओवर एक्सफोलिएशन और ओवर वॉशिंग। जेनेटिक फैक्टर जैसे त्वचा संबंधी एटॉपिक डर्मेटाइटिस और सोरायसिस जैसी स्थिति से संवेदनशील होना। साइकोलॉजिकल डिस्ट्रेस। स्टेरॉइड्स।

### स्किन बैरियर को कैसे करना है प्रोटेक्ट



**नियमित रूप से त्वचा को मॉइश्चराइज करें :** मॉइश्चराइजर स्किन बैरियर में पानी होल्ड करने की क्षमता को बढ़ा देता है। वॉटर बेस्ड मॉइश्चराइजर जिसमें ग्लिसरीन और लैक्टिक एसिड जैसी इंग्रेडिएंट्स मौजूद होते हैं, जो पानी को त्वचा के अंदर अवशोषित होने में मदद करता है। इससे त्वचा मुलायम रहती है और स्किन इलास्टिन भी मेंटेन रहता है। मॉइश्चराइजर को त्वचा में पूरी तरह अवशोषित होने के लिए इसे गीली त्वचा पर अप्लाई करें।

**खानपान का ध्यान रखना है जरूरी :** स्वस्थ व संतुलित डाइट जैसे की अनाज और हेल्दी फैट त्वचा स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करते हैं। एंटीऑक्सीडेंट और फिश ऑयल से भरपूर डाइट स्किन इलास्टिसिटी को मेंटेन रखते हैं, साथ ही साथ आपकी त्वचा को लंबे समय तक जवां बनाए रखते हैं। गाजर और अन्य पीले और नारंगी रंग के फल एवं सब्जियों का सेवन करें। हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे की पलक और केल, टमाटर, बेरीज, बींस, नट्स यह सभी त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं।

**स्मोकिंग से परहेज करें :** धूम्रपान आपकी त्वचा को उम्र से पहले बूढ़ा बना देता है और झुर्रियों का कारण बन सकता है। यह त्वचा पर ब्लड वेसल्स को संकीर्ण कर देता है, जिससे ब्लड पूरी तरह से सकुर्लेट नहीं हो पाता, इससे ऑक्सीजन की आपूर्ति कम हो जाती है और त्वचा ड्राई हो जाती है। धूम्रपान आपकी त्वचा में कोलेजन और इलास्टिन के स्तर को भी प्रभावित करता है।

**त्वचा के पीएच स्तर पर ध्यान दें :** आपकी त्वचा का पीएच 4.7 के आसपास रहता है। लेकिन कुछ त्वचा उत्पादों का पीएच 3.7 से 8.2 तक हो सकता है। इन प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से स्किन बैरियर प्रभावित हो सकते हैं, इसलिए आपको अपनी त्वचा पर ऐसे स्किन केयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल करना चाहिए जिसका पीएच 4.0 और 5.0 के बीच हो। स्किन पीएच का सामान्य स्तर आपको डर्मेटाइटिस, इचिथोसिस, एक्ने और कैंडिडा अल्बिकन्स संक्रमण जैसी त्वचा की स्थितियों से बचाता है।

❖ अंजलि कुमारी

# मेनिफेस्टो वाला घोल



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त', चरवाणी : 7386578657

बड़ी गजब स्थिति थी। ऊपरवाले का नाम लिया और नाक बंद कर के झट से एक घूंट गले के नीचे ढकेल दिया। लेकिन यह क्या... जैसे ही मेनिफेस्टो वाला घोल पेट में पहुंचा अजीबोगरीब हलचल होने लगी। पेट ऐंठने लगा। मैंने ताऊ से कहा - पेट गड़बड़ा रहा है। उन्होंने कहा - अरे छुटके! यह तो पिछले साल वाला मेनिफेस्टो वाला घोल था। इसी को झेल नहीं पाए तो इस बार के मेनिफेस्टो वाले घोल को खाक झेल पाओगे। जितने दल उतने मेनिफेस्टो घोल होंगे। आज एक भी मेनिफेस्टो ऐसा नहीं जिसे तुम हजम कर सको। राजस्थान को ले लो, तेलंगाना को ले लो या फिर मध्य प्रदेश को ले लो, चाहे जिसे ले लो तुम्हारे पेट में गड़गड़ाहट होना तय है। हमारा देश गड़गड़ाहट पहले पैदा करता है भारत बाद में कहलाता है।

छुटके से रहा नहीं गया। उसने ताऊ से गिड़गिड़ाते हुए एक लोटा पानी मांगा। ताऊ समझ गए कि छुटका एक लोटा पानी पीकर देश की गड़गड़ाहट से छुटकारा पाना चाहता है। उनके बाल धूप में थोड़े न पके थे, सो उन्होंने अपना अनुभव दिखाया। एक लोटे में पंद्रह लाख जुमले वाला पानी भर लाए और छुटके को थमा दिया। छुटके ने पूछा - कहां का पानी है? ताऊ बोले - यह ऊंचे-ऊंचे जुमलों का मनलुभावन जल है। मेरी आदत है कि मुझे जो कोई जुमला अच्छा लगता है उसे भर-भरकर ले आता हूं। अगर तुम्हें गरम पानी चाहिए तो बताओ मणिपुर कांड का पानी भी दो बोतल भरकर लाया हूं।


छुटके ने कहा - नहीं, नहीं! मुझे गरम पानी नहीं चाहिए। जुमले वाला पानी ही ठीक है। जुमले वाला पानी पीने के बाद छुटका ताऊ को मंद-मंद मुस्कान के साथ देखने लगा। ताऊ ने कहा - अब बताओ कैसा लग रहा है? कुछ राहत मिली। या फिर दो करोड़ नौकरी वाला ठंडा-ठंडा कूल-कूल पानी पिलाऊं।

छुटके ने कहा - अरे ताऊ! जब से यह जुमले वाला पानी पिया है, मेरे भीतर की हंसी रुकने का नाम नहीं ले रही है। मुझसे रहा नहीं जाता। लगता है हंस-हंस के मैं कहीं पागल न बन जाऊं।

ताऊ के चेहरे पर मुस्कान आ गई। बोले - यही तो। अब समझ में आया तुम्हें मेनिफेस्टो घोल क्या होता है? समझदार की तरह सोचोगे तो तुम पाओगे कि यह देश इन्हीं मेनिफेस्टो का घोल पी-पीकर एक कोने में दुबका पड़ा है। यह एक नशा है। ठीक चुनाव से पहले मेनिफेस्टो घोल में कई नशीले पदार्थ जैसे धर्म, जात-पात, भाषा, लिंग, प्रांत, ऊंच-नीच आदि मिला दिया जाता है। ऐसे में इसे एक बार जो पी ले वह अगले चुनाव तक और अधिक नशीले मेनिफेस्टो घोल के लिए छटपटाता रहता है। यह घोल गले के नीचे उतरते ही आम जनता पिछले पांच सालों का किया-धराया माफ कर देती है।

छुटका इससे पहले कि कुछ कहता ताऊ ने भांग की माफिक तैयार रखे मेनिफेस्टो घोल की बोतल निकाली और उसके गले के नीचे उतार दी। वह फूल टु टल्ली होकर घर की ओर निकल पड़ा।

# बेबी के सिर पर जम गई है पपड़ी तो इसे हटाने का सुरक्षित तरीका



नवजात शिशु के स्वास्थ्य के साथ-साथ स्किन और बालों को ध्यान रखना भी जरूरी है। जन्म के 2 से 3 महीनों के भीतर कुछ बच्चों के स्कैल्प पर एक पीली परत नजर आने लगती हैं। जहां कुछ न्यू मॉम्स इसे देखकर डर जाती हैं, तो कुछ आसानी से इसे डील भी कर लेती है। इस परत को क्रैडल कैप कहा जाता है। अतिरिक्त सीबम के प्रोडक्शन के कारण स्कैल्प पर जमने वाली इस लेयर को दूर करने के लिए लोग कई चीजों का प्रयोग करते हैं। इसके अलावा कई बार क्रैडल कैप अपने आप भी निकल जाती है। जानते हैं कि क्रैडल कैप क्या है और इसे रिमूव करने के लिए किन टिप्स को करें फॉलो।

**बच्चों में बहुत आम है क्रैडल कैप का होना :** इस बारे में चाइल्ड एंड न्यू बॉर्न स्पेशलिस्ट एमबीबीएस, डॉ अभिषेक नायर के अनुसार शिशु के स्कैल्प पर नजर आने वाली हल्के पीले रंग की पपड़ी को क्रैडल कैप कहा जाता है। इसे इनफेन्टाइल सेबोरहाइक डर्मेटाइटिस कहा जाता है। जो अधिकतर शिशुओं के स्कैल्प पर दिखता है। कई बार परिवार के किसी व्यक्ति को एलर्जी की शिकायत होना भी इस समस्या की संभावना को बड़ा देता है।

**क्या हैं सिर पर पपड़ी जम जाने के कारण :** क्रैडल कैप अक्सर 3 सप्ताह से लेकर 12 महीने की उम्र के बीच बच्चों के स्कैल्प पर रहता है। रूसी के समान दिखने वाली क्रेडल कैप का रंग हल्का पीला और भूरा होता है। एनसीबीआई के रिसर्च के अनुसार क्रैडल कैप मेटरनल सकुर्लेटिंग हार्मोंस के कारण बनती है। इसमें सेबेशियन ग्लैण्डस यानि वसामय ग्रंथियां सीबम प्रोडयूस करती हैं। इससे स्कैल्प पर एक तेल जैसा पदार्थ चिपक जाता है। सीबम का ओवर प्रोडक्शन क्रैडल कैप का कारण बन जाता है। इसके चलते बच्चे सेबोरहाइक डर्मेटाइटिस का शिकार होते है।

**नेचुरल ऑयल करे स्कैल्प पर अप्लाई :** एंटी माइक्रोबियल गुणों से भरपूर नेचुरल ऑयल्स को डॉक्टर की सलाह के बाद बालों में लगाएं। इससे बालों में जमी पीले रंग की क्रेडल कैप को आसानी से रिमूव किया जा सकता है। बादाम, आंवला और नारियल के तेल की दो से तीन बूंद लेकर हल्के हाथों से बालों में अप्लाई कर दें। इससे बालों में जमी क्रेडल कैप अपने आप रिमूव होने लगती है।

**हेयरवॉश करना जरूरी :** कुछ लोग बच्चों के बालों के बीचों बीच जमी क्रेडल कैप की परत को उतारने का प्रयास करने लगते हैं। इसके लिए हेयरवॉश एक आसान उपाय है। दरअसल, बालों के गीला होते ही क्रेडल कैप अपने आप धीरे धीरे निकलने लगती है। इसके लिए माइल्ड बेबी शैम्पू प्रयोग कर सकते हैं, जिससे स्किन क्लीयर होने लगती है।

**गुनगुने पानी से स्कैल्प क्लीनिंग :** क्रेडल कैप को निकालने में गुनगुना पानी भी मददगार साबित होता है। इसके लिए एक बाउल में गुनगुना पानी लें और उसमें कॉटन के कपड़े को डिप करके स्कैल्प पर लगाएं। इससे बालों में मौजूद पपड़ी अपने आप पिघल कर क्लीन होने लगती है। आप रोजाना इस प्रकार से शिशु के बालों को क्लीन कर सकते है।

**एंटी फंगल क्रीम को करें प्रयोग :** अगर शिशु के बालों में लंबे वक्त तक क्रैडल कैप बनी हुई है, तो उस पर एंटी फंगल क्रीम को भी अप्लाई करें। इससे सिर में जमा पपड़ी धीरे धीरे एतरने लगती है। नाखूनों या कंघी से बच्चों की स्कैल्प पर मौजूद क्रैडल कैप को उतारने की कोशिश न करें। इससे बच्चे के स्कैल्प पर घाव होने का भी खतरा रहता है।

## सूडोकु नवताल- 6848

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | 1 | 4 | | | 2 |
| 1 | 2 | | 6 | | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 8 | 7 | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | 9 | | | 8 |
| 2 | 1 | | | 5 | | | 4 | 6 |
| 4 | | | 3 | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 8 | 4 | | 5 | | |
| | 6 | | 9 | | 5 | | 2 | 4 |
| 8 | | | 1 | 7 | | | 6 | 3 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6847 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |

## दैनिक पंचांग

**10 अक्टूबर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.32 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | वृश्चिक | 08.47 ब.से |
| मंगल | तुला में | धनु | 11.03 बजे से |
| बुध | कन्या में | मकर | 13.08 बजे से |
| गुरु | मेष में | कुंभ | 14.55 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मीन | 16.27 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 17.58 बजे से |
| राहु | मेष में | वृष | 19.38 बजे से |
| केतु | तुला में | मिथुन | 21.36 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | कर्क | 23.50 बजे से |
| | | सिंह | 02.06 बजे से |
| | | कन्या | 04.18 बजे से |

**मंगलवार** 2023 वर्ष का 283 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** आश्विन (दक्षिण भारत में भाद्रपद) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** एकादशी 15.09 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** मघा अहोरात्र। **योग** साध्य 07.46 बजे को समाप्त। **करण** बालव 15.09 बजे तदनन्तर कौलव 04.25 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 06° 28' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871762 **जूलियन दिन** 2460227.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 24 **विशेष** माघ श्राद्ध, इंदिरा एकादशी, विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7910

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ |
| 16 | ■ | 17 | | 18 | ■ | 19 | | 20 |
| 21 | 22 | ■ | 23 | | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | 27 | ■ | 28 | | 29 | ■ | |
| ■ | 30 | | 31 | ■ | 32 | | 33 | ■ |
| 34 | ■ | 35 | | 36 | ■ | 37 | | 38 |
| 39 | | ■ | 40 | | | ■ | 41 | |

**बाएँ से दाएँ**

1. अधिकार-2
3. समुद्र, दरिया-3
6. आनंद, रस-2
8. दबाना, कुचलना-3
10. गुंडा, बदमाश-3
12. पासों से भविष्य जानना-3
14. नाप जोख करना-3
17. जलजला-3
19. असफल-3
21. मगन, रत-2
23. व्यक्ति, जीव-3
25. सम्राट, नरेश-2
26. कार्य करने वाला-3
28. उपनदी, कैनाल-3
30. मां का प्रेम-3
32. पढ़ना, अध्ययन-3
35. पक्षाघात, फालिज-3
37. सेनापति-3
39. दूल्हा, वरदान-2
40. पक्ष, एक ओर-3
41. भीगा हुआ

**ऊपर से नीचे**

1. सीमा, सरहद-2
2. कटि, मध्यांग-3
4. दुख, कष्ट-2
5. गमन, विदा होना-3
7. शराब का प्याला-2
9. एक नमकीन लवण-3
11. आलेप करना-3
13. बोलने का तरीका-3
15. अयोग्य, बेकार-3
16. तहजीब, तमीज-3
18. रत्न, बहुमूल्य नग-3
20. व्यंग, परिहास-3
22. मुलायम, नाजुक-3
24. कॉफी-3
27. पंकज, नीरज, जलज-3
29. निर्माण-3
31. बल, दम, जोर-3
33. नेत्र, आंख-3
34. नौका-2
36. घात, प्रहार-2
38. जरा, थोड़ा-2

### शब्द पहेली -7909 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | द | न | ■ | चा | त | क | ■ | त |
| ■ | र्श | | क | ल | ह | ■ | र | वा |
| ता | न | ■ | ह | | खा | लि | स | ■ |
| क | ■ | का | र | खा | ना | ■ | भ | ■ |
| त | री | का | ■ | बिं | ■ | श | रा | ग |
| ■ | मी | ■ | अ | द | र | क | ■ | ज |
| ■ | से | ह | रा | ■ | ह | ■ | आ | न |
| जा | न | ■ | ज | ही | न | ■ | स | ■ |
| म | ■ | म | क | र | ■ | स | न | म |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**वृष राशि :** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**मिथुन राशि :** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**कर्क राशि :** आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**सिंह राशि :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**कन्या राशि :** आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती हैं।

**तुला राशि :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**वृश्चिक राशि :** मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**धनु राशि :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**मकर राशि :** किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**कुंभ राशि :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**मीन राशि :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



# कृषि-खाद्य प्रणालियों को समावेशी बनाना होगा : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि कृषि-खाद्य प्रणालियों को अधिक न्यायसंगत और समावेशी बनाना न केवल वांछनीय है बल्कि ग्रह और मानव जाति की भलाई के लिए भी महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में सीजीआईएआर जेंडर इम्पैक्ट प्लेटफॉर्म और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा आयोजित 'अनुसंधान से प्रभाव तकः न्यायसंगत और लचीली कृषि-खाद्य प्रणालियों की ओर' विषयक अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि यदि कोई समाज न्याय से रहित है, उसकी समृद्धि के बावजूद उसका अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जब लैंगिक न्याय की बात आती है, तो सबसे पुराने विज्ञान के रूप में जाना जाने वाला कृषि, आधुनिक समय में भी कमजोर पाया जाता है। मुर्मू ने कहा कि कोविड-19 महामारी ने कृषि-खाद्य प्रणालियों और समाज में संरचनात्मक असमानता के बीच एक मजबूत संबंध को भी सामने ला दिया है। उन्होंने कहा कि पुरुषों की तुलना में, महिलाओं को महामारी के वर्षों में नौकरी का अधिक नुकसान हुआ, जिससे प्रवासन शुरू हुआ।



राष्ट्रपति ने कहा कि वैश्विक स्तर पर हमने देखा है कि महिलाओं को लंबे समय तक कृषि-खाद्य प्रणालियों से बाहर रखा गया है। वे कृषि संरचना के सबसे निचले पिरामिड का बड़ा हिस्सा हैं, लेकिन उन्हें निर्णय लेने वालों की भूमिका निभाने के लिए सीढ़ी पर चढ़ने के अवसर से वंचित किया जाता है। मुर्मू ने कहा कि दुनिया भर में उन्हें भेदभावपूर्ण सामाजिक मानदंडों और ज्ञान, स्वामित्व, संपत्ति, संसाधनों और सामाजिक नेटवर्क में रोका जाता है। उनके योगदान को मान्यता नहीं दी गई है, उनकी भूमिका को हाशिए पर रखा गया है। इस कहानी को बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत में हम विधायी और सरकारी हस्तक्षेपों के माध्यम से महिलाओं को और अधिक सशक्त होने के साथ उन परिवर्तनों को देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें न केवल महिला विकास बल्कि महिला नेतृत्व वाले विकास की जरूरत है।

राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन अस्तित्व गत खतरा है और हमें अभी तेजी से कार्रवाई करने की जरूरत है। जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, बर्फ पिघलने और प्रजातियों के विलुप्त होने से खाद्य उत्पादन बाधित हो रहा है और कृषि-खाद्य चक्र भी टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल नहीं है। यह जलवायु कार्रवाई में बाधा डाल रहा है और ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि का कारण बन रहा है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि हमारी कृषि-खाद्य प्रणालियाँ एक दुष्चक्र में फंस गई हैं और हमें इस चक्रव्यूह को तोड़ने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने जैव विविधता बढ़ाने और पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया ताकि सभी के लिए अधिक समृद्ध और न्यायसंगत भविष्य के साथ-साथ कृषि-खाद्य प्रणालियों के माध्यम से खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

राष्ट्रपति ने कहा कि पारिस्थितिक रूप से टिकाऊ, नैतिक रूप से वांछनीय, आर्थिक रूप से किफायती और सामाजिक रूप से उचित उत्पादन के लिए, हमें अनुसंधान की आवश्यकता है जो इन लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए परिस्थितियों को सक्षम कर सके। उन्होंने कहा कि हमें कृषि-खाद्य प्रणालियों को कैसे बदला जाए, इसकी एक व्यवस्थित समझ की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि कृषि-खाद्य प्रणालियां लचीली और चुस्त होनी चाहिए ताकि वे सभी के लिए पौष्टिक और स्वस्थ आहार को अधिक सुलभ, उपलब्ध और किफायती बनाने के लिए व्यवधानों का सामना कर सकें और उन्हें अधिक न्यायसंगत, न्यायसंगत और टिकाऊ होना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अगले चार दिनों के दौरान सम्मेलन सभी मुद्दों पर विचार करेगा और कृषि-खाद्य प्रणालियों में सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# उम्मीदवारों को अखबार में प्रकाशित करानी होगी स्वयं की जानकारी

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि इस बार आपराधिक छवि वाले उम्मीदवार को अपनी जानकारी स्वयं देनी होगी। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को अखबारों में तीन बार ये प्रकाशित कराना होगा कि उन पर किस-किस तरह के और कितने प्रकरण दर्ज हैं। वहीं, पार्टी को चुनाव आयोग को यह बताना होगा कि आपराधिक केस में फंसे प्रत्याशी को टिकट क्यों दिया है। साथ ही 31 अक्टूबर तक पार्टियों को चंदे की जानकारी देनी होगी। चुनाव के बाद खर्च की जानकारी भी देनी होगी। रिपोर्ट के बाद पार्टी को टैक्स छूट मिल सकेगी।



उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची को समावेशी बनाने पर विशेष जोर दिया है और ध्यान रोल-टू-पोल या यह सुनिश्चित करने पर भी होगा कि सभी मतदाता मतदान करने के लिए आएं। उन्होंने पांचों राज्यों के मतदाताओं विशेषकर युवाओं, महिलाओं एवं शहरी मतदाताओं का आह्वान किया कि वे मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। बुजुर्ग मतदाता घर से ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि पहली बार विधानसभा चुनावों के लिए एक नई चुनाव जब्ती प्रबंधन प्रणाली शुरू की जा रही है, ताकि प्रलोभन मुक्त चुनाव कराने के लिए निगरानी बढ़ाई जा सके। उन्होंने कहा कि अंतरराज्यीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी और अवैध शराब, नकदी, मुफ्त सामान और ड्रग्स के प्रवाह को रोकने के लिए कुल 940 चेकपोस्ट बनाए गए हैं। पांचों राज्यों- मप्र ,छत्तीसगढ़, तेलंगाना, राजस्थान व मिजोरम में कुल मिलाकर 1.77 लाख पोलिंग स्टेशन होंगे, जिनमें से 1.01 लाख पर वेबकास्टिंग सुविधा मौजूद होगी।

# भारत-तंजानिया के बीच रक्षा क्षेत्र में पांच साल के रोडमैप पर बनी सहमति : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और तंजानिया के बीच रक्षा क्षेत्र में पांच साल के रोडमैप पर सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि दोनों देश इस बात पर एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे गंभीर सुरक्षा खतरा है। प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद हाउस में आज तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुह हसन के साथ विस्तार से बातचीत की। इसके बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का दिन भारत और तंजानिया के संबंधों में एक ऐतिहासिक दिन है। आज हम



अपनी सदियों पुरानी मित्रता को सामरिक भागीदारी के सूत्र में बांध रहे हैं। भारत और तंजानिया आपसी व्यापार और निवेश के लिए एक दूसरे के महत्वपूर्ण सहयोगी हैं। दोनों पक्ष स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने के लिए एक समझौते पर काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत ने आईसीटी केंद्र, व्यावसायिक प्रशिक्षण, रक्षा प्रशिक्षण, आईटीईसी तथा आईसीसीआर छात्रवृत्ति के माध्यम से तंजानिया की कौशल विकास और क्षमता निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जलापूर्ति, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में मिलकर काम करते हुए हमने तंजानिया के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में हमने पांच साल के रोडमैप पर सहमति बनाई है।

## गागर में सागर

### नैनीताल में बस खाई में गिरी, सात की मौत, 26 घायल

**नैनीताल।** नैनीताल कालाढूंगी मार्ग पर रविवार रात्रि एक बड़ी दुर्घटना घटित हुई है। मुख्यालय से लगभग 20 किमी दूर घटगढ़ के पास एक खतरनाक मोड़ पर हुई दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई जबकि 26 लोग घायल हुए हैं। दुर्घटनास्थल पर काफी खतरनाक मोड़ होने के बावजूद वहां सड़क किनारे रेलिंग न लगी होने की भी जानकारी सामने आ रही है। दुर्घटना की सूचना सबसे पहले स्थानीय सांसद व केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट के प्रतिनिधि गोपाल रावत ने पुलिस एवं प्रशासनिक बलों को दी। इस पर सक्रिय हुई जनपद के कई थानों-चौकियों की पुलिस एवं एसडीआरएफ के जवान मौके पर पहुंचे और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त बस से घायलों को बचाकर पहले कालाढुंगी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और वहां से प्राथमिक उपचार के बाद हल्द्वानी के एसटीएच यानी सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया। समाचार लिखे जाने तक 26 घायलों को एसटीएच ले जाया जा चुका है।

### प्रधानमंत्री आज एशियाई खेलों के पदक विजेताओं से करेंगे मुलाकात

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी आज शाम लगभग 4:30 बजे मेजर ध्यानचंद स्टेडियम, नई दिल्ली में एशियाई खेल 2022 में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों के दल के साथ बातचीत करेंगे और संबोधित करेंगे। पीएमओ ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री द्वारा एशियाई खेलों 2022 में भारतीय दल की उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए एथलीटों को बधाई देने और उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरित करने का एक प्रयास है। भारत ने एशियाई खेल 2022 में 28 स्वर्ण पदक सहित कुल 107 पदक जीते हैं। जीते गए पदकों की कुल संख्या के मामले में एशियाई खेलों में यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

# फेसलेस कर निर्धारण को लेकर गांधी परिवार आप की याचिकाएं 13 तक के लिए स्थगित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, आम आदमी पार्टी (आप) और कई धर्मार्थ ट्रस्टों द्वारा उनके कर मूल्यांकन को फेसलेस मूल्यांकन से सेंट्रल सर्किल में स्थानांतरित करने के खिलाफ दायर याचिकाओं को स्थगित कर दिया। न्यायमूर्ति खन्ना और न्यायमूर्ति एस.एन.वी. की पीठ। सॉलिसिटर जनरल के उपलब्ध नहीं होने के कारण भट्टी ने सुनवाई स्थगित कर दी। यह मुद्दा शुक्रवार को फिर सामने आएगा।पिछले सप्ताह मंगलवार को तबादलों के खिलाफ कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा दायर याचिकाओं का जिक्र करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि यदि व्यक्तियों के बीच क्रॉस-लेनदेन होता है तो केंद्रीय मूल्यांकन की आवश्यकता हो सकती है। गांधी परिवार और उनसे जुड़े ट्रस्टों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अरविंद दातार ने कहा कि भगोड़े हथियार डीलर संजय भंडारी के मामले में तलाशी के कारण, आयकर अधिकारियों ने इन सभी को प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा के कारण



पूरक मामलों के रूप में टैग किया है। गांधी परिवार ने कहा है कि भंडारी समूह के मामलों से उनका कोई लेना-देना नहीं है और उनके मामलों में तलाशी या जब्ती की कोई घटना नहीं हुई है। भंडारी भारत में भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में वांछित है। वह कथित तौर पर लंदन स्थित एक फ्लैट को लेकर रॉबर्ट वाड्रा से जुड़े हुए हैं। हालाँकि, रॉबर्ट वाड्रा ने भंडारी के साथ किसी भी व्यापारिक सौदे से इनकार किया है। न्यायमूर्ति खन्ना ने आप की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से भी सवाल किया कि रिट याचिकाएं दाखिल करने में पांच महीने की देरी क्यों हुई। अदालत ने यह भी कहा कि फेसलेस मूल्यांकन को हटाने के लिए कुछ औचित्य होना चाहिए, और पीठ केवल कानूनी मुद्दे से चिंतित थी, न कि राजनीति से। इससे पहले 26 मई को, दिल्ली उच्च न्यायालय ने आप, गांधी परिवार और पांच ट्रस्टों की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया था, जिसमें आयकर विभाग के उनके कर मूल्यांकन को फेसलेस मूल्यांकन से केंद्रीय सर्कल में स्थानांतरित करने के आदेशों को चुनौती दी गई थी।

उच्च न्यायालय की पीठ ने फैसला सुनाया कि फेसलेस मूल्यांकन योजना के तहत मूल्यांकन का कोई मौलिक कानूनी अधिकार नहीं है। फेसलेस मूल्यांकन योजना यादृच्छिक रूप से चयनित कर मामलों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग का उपयोग करके करदाता और करदाता के बीच शारीरिक संपर्क को हटा देती है।




## माफी मांगने के बाद फिर पान मसाला के विज्ञापन में नजर आए अक्षय कुमार

**पिछले** साल सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने वाले अक्षय एक बार फिर पान मसाला के विज्ञापन में नजर आये हैं। इस विज्ञापन में अक्षय के साथ अजय देवगन और शाहरुख खान भी नजर आ रहे हैं। विज्ञापन का वीडियो शेयर कर नेटिजन्स अक्षय की आलोचना कर रहे हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व कप मैच के दौरान शाहरुख खान, अजय देवगन और अक्षय कुमार का एक पान मसाला ब्रांड का नया विज्ञापन प्रसारित हुआ। इस ऐड को देखकर फैंस हैरान रह गए, क्योंकि पान मसाला ब्रांड को प्रमोट करने के लिए अक्षय ने पिछले साल सार्वजनिक तौर पर माफी मांगी थी। अब डेढ़ साल बाद वह फिर से एक पान मसाला के विज्ञापन में नजर आए हैं। अक्षय कुमार ने कहा था कि वह अब पान मसाला का विज्ञापन नहीं करेंगे, क्योंकि इससे उनके प्रशंसक बहुत निराश थे। अब फिर से पान मसाला के विज्ञापन में नजर आने के बाद एक नेटीजन ने कमेंट किया है कि पैसे के लिए अक्षय कुमार कुछ भी कर सकते हैं।



## जान की धमकियों के बाद शाहरुख को मिली वाई प्लस सिक्योरिटी

**बॉलीवुड** सुपरस्टार शाहरुख खान को वाई प्लस सिक्योरिटी दी गई है। इस साल की शुरूआत में रिलीज हुई उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पठान' के गाने 'बेशर्म रंग' को लेकर जान से मारने की धमकी मिलने के बाद एक्टर ने महाराष्ट्र सरकार से सुरक्षा कवर मांगा था। गाने में एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने ऑरेंज कलर की ड्रेस पहनी थीं, लोगों ने भगवा रंग के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए आपत्ति जताई थी। इन समूहों ने गाने में भगवा रंग के इस्तेमाल को टाइटल के साथ जोड़ा और यह कहते हुए नाराजगी जताई कि यह गाना भगवा रंग का मजाक उड़ाता है जो हिंदू भावना से जुड़ा है। गाने पर विवाद के बाद, अयोध्या स्थित संत परमहंस आचार्य ने कथित तौर पर अभिनेता को जान से मारने की धमकी दी थी।



**रणनीति** — कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में लिया गया निर्णय

# कांग्रेस कराएगी जातीय जनगणना

### इसके बाद कराएगी आर्थिक सर्वे, जिससे पता चल जाए कि धन किसके हाथ में है, कहां है

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा शासित राज्यों में जातीय जनगणना होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यसमिति ने एकजुट होकर देश में जातीय गणना करवाने के समर्थन में फैसला लिया है। यह एक प्रोग्रेसिव स्टेप है। हमारे मुख्यमंत्री भी इस बारे में विचार कर रहे हैं और एक्शन ले रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा, आज कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में 4 घंटे तक जातिगत जनगणना पर चर्चा हुई। कांग्रेस कार्यसमिति ने एक



निर्णय लिया है, हमारे मुख्यमंत्रियों ने भी निर्णय लिया है कि वे भी अपने राज्यों में जातिगत जनगणना को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस अध्यक्ष ने, हमारी सबसे बड़ी निर्णय लेने वाली कार्य समिति ने निर्णय लिया है कि हम जातिगत जनगणना करवाएंगे और भाजपा को इसे करवाने पर भी जोर डालेंगे और अगर वे नहीं करते हैं तो उन्हें पीछे हट जाना चाहिए क्योंकि देश जातिगत जनगणना चाहता है। इंडिया गठबंधन इसका समर्थन करेगी। राहुल ने कहा कि आज दो हिंदुस्तान बन रहे हैं, एक अडाणी वाला और दूसरा सबका। जातिगत जनगणना साफ दिखाएगी कि हिंदुस्तान में कितने और कौन लोग हैं, हमें यह पता लग जाएगा कि कितने लोग हैं और धन किसके हाथ में हैं। शायद इसमें हमारी भी गलती है जो कि हमने पहले नहीं की लेकिन हम उसे पूरा करके दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के भविष्य के लिए जातीय जनगणना जरूरी है। इसके बाद विकास के नए पैमाने खुलेंगे। हमने फैसला ले लिया है कि हम ये काम करेंगे। कांग्रेस पार्टी इस काम को पूरा करके ही छोड़ेगी। हम जब वादा करते हैं तो उसे तोड़ते नहीं हैं। ये जाति और धर्म की बात नहीं है बल्कि गरीबी की बात है। हिंदुस्तान के गरीब लोगों के लिए काम किया जा रहा है। आज दो हिंदुस्तान बन रहे हैं- एक अडाणी वाला और एक सबका। जातीय गणना साफ दिखा देगी कि भारत में लोग कितने हैं, कौन हैं, हम वहां नहीं रुकेंगे। उसके बाद आर्थिक सर्वे होगा, जिससे यह भी पता चल जाएगा कि कितने लोग हैं,धन किसके हाथ में है, धन कहां है, संपत्ति किसके हाथ में है।

### न्यूजक्लिक के संपादक व एचआर प्रमुख की गिरफ्तारी पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को न्यूजक्लिक के संस्थापक-संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और मानव संसाधन प्रमुख अमित चक्रवर्ती की यूएपीए प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत ने 6 अक्टूबर को याचिकाओं पर दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा था, जिसके बाद एक हलफनामा दायर किया गया है।

### पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू की बेल याचिका खारिज

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री और तेलुगु देशम प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू की तीन मामलों में अग्रिम जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सुरेश रेड्डी की अध्यक्षता वाली पीठ ने ये आदेश पारित किया। ये मामले हैं अमरावती इनर रिंग रोड घोटाला मामला, एपी फाइबरनेट घोटाला मामला और अन्नामय्या जिले में अंगल्लू हिंसा मामला।

## पवन सिंह और स्मृति सिन्हा का गाना 'आज धरती पे उतरल बा चांद' हुआ रिलीज

**स्टार** पवन सिंह और स्मृति सिन्हा की फिल्म आज जीने की तमन्ना है का गाना 'आज धरती पे उतरल बा चांद' रिलीज हो गया। यह गाना तेजी से वायरल भी हो रहा है। रोमांस से भरपूर इस गाने में पवन सिंह और स्मृति सिन्हा की केमेस्ट्री ने धमाल मचा दिया है। यह फिल्म जल्द ही जियो सिनेमा पर स्ट्रीमिंग की जाएगी, लेकिन उससे पहले इस फिल्म का सोमवार को रिलीज हुआ गाना दर्शकों को पसंद आ रहा है। गाना यशी फिल्म्स के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है, जिसे अब तक लाखों लोगों ने देख चुके हैं और इस गाने पर जमकर कमेंट भी कर रहे हैं। गाना 'आज धरती पे उतरल बा चांद' को मिल रहे प्यार को लेकर पवन सिंह ने कहा कि गाना हमारे दर्शकों को पसंद आया यही हमारी सफलता है। वे हमारे भगवान है। उनके लिए ही मैं गाता हूँ और मां सरस्वती की कृपा से दर्शकों को मेरी गायकी पसंद आती है। एक कलाकार के नाते इससे बढ़कर मेरे लिए कुछ भी नहीं है। जहां तक बात इस गाना 'आज धरती पे उतरल बा चांद' की है तो इस



गाने में स्मृति सिन्हा के साथ मिलकर हमने लाजवाब काम किया है। स्मृति सिन्हा ने कहा कि पवन सिंह इंडस्ट्री के पावर स्टार तो हैं, उम्दा कलाकार भी हैं। इसलिए जब भी उनके साथ कोई काम करती हूं तो बहुत मजा आता है। हम इस गाने को कितना इन्जॉय कर रहे हैं, इसके लिए आप इस गाने को एक बार जरूर देखिए और सुनिए। बहुत मजा आने वाला है। दरअसल, इस गाना को पवन सिंह और दलिया चक्रवर्ती ने मिलकर गाया है। इसमें पवन सिंह और स्मृति सिन्हा की केमेस्ट्री लोगों को पसंद आ रही है। इस गाने के गीतकार सच्चिदानंद हैं और संगीत गुरवंत सेन हैं।

## गागर में सागर

### राज्यपाल से मिले सांसद सुनील सोरेन, सौंपा ज्ञापन




**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को लोक सभा सांसद सुनील सोरेन ने राज भवन में मुलाकात की। इस अवसर पर सांसद ने एक ज्ञापन के माध्यम से दुमका जिले के सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय की समस्याओं की ओर राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट कराया।

### मुड़मा मेला 30 अक्टूबर से मांडर में



**रांची।** रांची के मांडर में मुड़मा मेला 30 और 31 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। मुड़मा जतरा की तैयारी को लेकर राजी पाड़हा जतरा समिति के सचिव राजेश खलखो ने सोमवार को बताया कि समिति के लोग मुड़मा मेला के सफल आयोजन को लेकर जुटे हुए हैं।

### हटिया रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक बने शिव शंकर



**रांची।** बिरसा चौक गितिलपीडी निवासी शिव शंकर हटिया रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक बनाए गए हैं। समिति की ओर से यह निर्णय लिया गया। सोमवार को समिति के लोगों ने उन्हें दुर्गा मां की चुनरी पहना कर उनका स्वागत किया। मौके पर समिति के सचिव इंदरजीत सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रजनीश सिंह, सह सचिव सौरव पांडेय एवं वरीय उपाध्यक्ष विशाल पांडेय मौजूद थे।

### पूजा पंडाल और मां दुर्गा की प्रतिमा को दिया जा रहा अंतिम रूप



**रांची।** रांची के ओरमांझी स्थित लाल बहादुर शास्त्री क्लब दुर्गा पूजा समिति दड़दाग में काल्पनिक पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। पंडाल और मां दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष शिवनंदन प्रसाद ने सोमवार को बताया कि पंडाल के निर्माण के लिए बंगाल के कारीगर जोर-जोर से लगे हुए हैं। लगभग 40 फीट ऊंचा और 60 फीट चौड़ा पंडाल बनाया जा रहा है, जबकि मां दुर्गा की प्रतिमा 12 फीट की होगी। पंडाल के आसपास आकर्षक लाइटिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि पूजा के अलावा भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 40-40 फीट के रावण और मेघनाथ का पुतला बनाया जाएगा। रावण और मेघनाथ के पुतले का निर्माण स्थानीय कारीगरों के जरिये किया जा रहा है। रावण को पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, मेघनाथ को राज्यसभा सांसद आदित्य साहू दहन करेंगे।

### 11 अक्टूबर को राज्य भर के मिशनरी स्कूलों में अवकाश की घोषणा

**रांची।** कार्डिनल तेलेस्फोर टोप्पो का पार्थिव शरीर 11 अक्टूबर को संत मरिया महागिरजा घर में दफनाया जाएगा। इसको लेकर राज्य भर के मिशनरी स्कूलों में 11 अक्टूबर को छुट्टी की घोषणा की गयी है। झारखंड ख्रीस्तीय अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान के सचिव फादर एरेसियुस मिंज ने पत्र जारी कर यह जानकारी दी है। मालूम हो कि रोमन कैथोलिक (आरसी मिशन) द्वारा संचालित सभी विद्यालय एवं महाविद्यालय में फादर व सिस्टर के द्वारा पठन- पाठन का कार्य किया जाता है। इसे देखते हुए अवकाश की घोषणा की गयी है, ताकि वे लोग कार्डिनल तेलेस्फोर टोप्पो के दफन संस्कार कार्यक्रम में शामिल हो सकें।

# आश्विन कृष्ण पक्ष की एकादशी का व्रत आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में आश्विन कृष्ण पक्ष की एकादशी का व्रत 10 अक्टूबर मंगलवार को शास्त्रीय विधि से मनाये जाएंगे। आश्विन कृष्ण पक्ष में इंदिरा नाम की एकादशी होती है। उसके व्रत के प्रभाव से बड़े-बड़े पापों का नाश हो जाता है। इस दिन विधि के साथ व्रत-उपवास करके भगवान श्रीमन्नारायण वेंकटेश्वर श्रीतिरुपति बालाजी की पूजा अर्चना करनी चाहिए। ऐसा करने वालों के ऊपर भगवान श्रीहरि प्रसन्न होते हैं और व्रति के पुण्य के प्रभाव से नीच योनि में पड़े हुए उन व्रतधारी के पितरों को सद्गति प्रदान करते हैं। जिनके पितर तृप्त होते हैं, उनके आयु-आरोग्य, पुत्र-पौत्रादि संतत्ति और धन-धान्य में वृद्धि होती है। व्रत करने की विधि : दसवीं के उत्तम दिन को श्रद्धा युक्त चित्त से प्रातः काल स्नान करें फिर मध्यान काल में स्नान करके एकाग्रचित हो एक समय भोजन करें तथा रात्रि में भूमि पर कंबल आदि शुद्ध वस्त्र बिछाकर सोएं। रात्रि के अंत में निर्मल प्रभात होने पर एकादशी के दिन दातुन करके मुंह धोए, इसके बाद भक्ति भाव से भगवान का ध्यान करते हुए, अर्चना- पूजा करके उपवास का नियम ग्रहण करें । इस प्रकार नियम करके मध्याह्न काल में पितरों की प्रसन्नता के लिए साल ग्राम शीला के सम्मुख विधि पूर्वक श्राद्ध करें तथा दक्षिणा से ब्राह्मणों का सत्कार करके उन्हें भोजन करावें। पितरों को दिए हुए अन्नमय पिंड को सूंघकर विद्वान पुरुष गाय को खिला दें। फिर धूप और गंध आदि से भगवान ऋषिकेश का पूजन करके रात्रि में उनके समीप जागरण करें। तत्पश्चात सवेरा होने पर द्वादशी के दिन पुनः भक्ति पूर्वक मंदिर जाकर श्रीहरि- वेंकटेश्वर की पूजा करें ।

### झारखंड छात्र जदयू ने आरयू के कुलपति से की शिष्टाचार मुलाकात

**रांची।** झारखंड छात्र जदयू ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से की मुलाकात की। अजीत ने छात्र जदयू का रांची विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों में संवैधानिक तरीके से काम करने की अनुमति दी। उन्होंने कहा कि खुशी होती है कि जब कोई संगठन छात्रों की समस्या को लेकर हमारे पास आते हैं। हम यहां छात्रों के शैक्षणिक माहौल और प्रशासनिक सुविधा मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। त्वरित कार्यवाही और समस्या का निदान कर खुशी मिलती है। झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आशिफ इकबाल ने कहा कि ये छात्र जदयू दूसरे संगठनों से हटकर संवैधानिक तरीके से काम करती है। हमारा मकसद हंगामा करके उच्च अधिकारियों को धमकाना नहीं, बल्कि संवैधानिक तरीके से छात्रों का कल्याण करना है। सिर्फ छात्रों ही के लिए नहीं बल्कि विश्वविद्यालय के अंदर कार्य कर रहे उन निम्नस्तर के कर्मचारी को भी सम्मान देने के कार्य करती है। हमारा प्रयास है कि हम छात्रों की बेहतर शिक्षा के साथ-साथ समाज के उन दबे हाशिए के लोगों के हक-अधिकार के लिए लड़े और उन्हें सम्मान मिले।

# मुख्यमंत्री ने रिसालदार बाबा की दरगाह पर चादरपोशी की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को उर्स के अवसर पर राजधानी रांची के डोरंडा स्थित हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा की दरगाह पर अकीदत के साथ चादरपोशी कर राज्य के सर्वांगीण विकास, सलामती, सुख -समृद्धि और अमन-चैन की दुआ मांगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिसालदार बाबा की दरगाह सामाजिक सद्भाव और सौहार्द का प्रतीक है। यह शांति, एकता, भाईचारा और प्रेम का पैगाम देती है। यह दरगाह वर्षों से हर धर्म और समुदाय के आस्था एवं श्रद्धा का केंद्र बनी हुई है। इससे पूर्व दरगाह कमेटी की ओर से मुख्यमंत्री का परंपरानुसार स्वागत किया गया। उर्स के मौके पर चादरपोशी के लिए हर धर्म के लिए लोग वहां आते हैं और बाबा से अपनी मुरादें मांगते हैं। इस मौके पर श्रद्धलुओं का काफी भीड़ होती है। हर कोई कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा के दस्ताने पर जाकर खुदा को हाजिर नाजिर रखते हुए अपने घर-परिवारों की सुख शांति के लिए दुआएं करते हैं।

# मुख्यमंत्री से पुलिस महानिरीक्षक ने की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को पुलिस मुख्यालय में पदस्थापित पुलिस महानिरीक्षक-सह-पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण मनोज कौशिक ने मुलाकात की। मौके पर उन्होंने पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह की ओर से मुख्यमंत्री को हजारीबाग स्थित पुलिस अकादमी में मंगलवार (10 अक्टूबर) को आयोजित होने वाले पासिंग आउट परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

## अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर मंत्री के पास पहुंचे फरियादी

# जनता की शिकायतों का होगा शीघ्र समाधान : आलमगीर आलम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




हर सोमवार को कांग्रेस कोटे के मंत्री प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में जनसुनवाई करते हैं और जनता की शिकायतें सुनते हैं। जनता की शिकायतों पर ज्यादातर मामलों में मंत्री शिकायतकर्ता के सामने ही समाधान करने की कोशिश करते हैं, जबकि दूसरे विभागों की शिकायतें दूसरे विभाग के सहयोगी मंत्री के पास भेज दी जाती हैं। इस सोमवार भी राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जनसुनवाई की। साथ ही चार दर्जन से अधिक फरियादियों की शिकायतें भी सुनीं। आज जनता की अधिकतर शिकायतें अधूरे पड़े प्रधानमंत्री आवास योजना को पूरा करने, नये आवास की स्वीकृति देने, ग्रामीण क्षेत्रों की जर्जर सड़कों की मरम्मत करने, निर्माण के बाद भी जलमीनार शुरू नहीं होने से लेकर फिशरीज के छात्र-छात्राओं के लिए मत्स्य से जुड़ी नौकरियां सीमित करने जैसे मामले थे। जनसुनवाई में एक कैंसर मरीज का परिवार इलाज में मदद के लिए आया था, जिसके फाइल को अपने मंतव्य के साथ स्वास्थ्य मंत्री को भेज दी गई। इसी तरह चंदनकियारी से एक फरियादी शिकायत करने आये थे कि 2016-17 के किसान राहत कोष का पैसा अभी तक अन्नदाताओं तक नहीं पहुंचा है, जबकि विभाग द्वारा पैसा दे दिया गया है। बेड़ो से आया रोचक मामलाः बेड़ो से मुकेश कुमार साहू सभी कागजातों के साथ शिकायत लेकर आलमगीर आलम के जनसुनवाई में पहुंचे थे। उनकी शिकायत थी कि उनके गांव में दो भाई गलत तरीके से चीक बड़ाइक (आदिवासी) बनकर सरकारी नौकरी कर रहे हैं। लेकिन जब वे जमीन की खरीद बिक्री करते हैं, तब वे दोनों यदुवंशी क्षत्रिय बन जाते हैं। वे दोनों अब उनके पांच डिसमिल जमीन को भी गलत तरीके से कब्जाना चाहते हैं। इस मामले को सुनने के बाद मंत्री ने जांच कराने के निर्देश दिए हैं। जनसुनवाई के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए आलमगीर आलम ने कहा कि जनसुनवाई काफी लोकप्रिय हो रहा है। जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान की कोशिश होती है।

# बरवाडीह के नौ गांवों में अमृत कलश यात्रा के साथ मिट्टी संग्रह हुआ संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



कोलकाता संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं सांस्कृतिक कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित झारखंड के 100 गांव में अमृत कलश यात्रा बरवाडीह प्रखंड कार्यालय परिसर में 9 गांव से एकत्र किए गए 9 अमृत कलश यात्रा के मिट्टी को प्रखंड स्तर पर एक बड़े कलश में राकेश सहाय प्रखंड विकास पदाधिकारी बरवाडीह के उपस्थिति में समाहित किया गया। बरवाडीह प्रखंड के केचकी, छेंचा, खड़िया, पैरा, होसिर, मंडल, बरीदोहर, जरूहार, एवं कल्याणपुर गांव में अमृत कलश यात्रा निकल गई थी और इन 9 गांव से मिट्टी संग्रहित की गई। एक ओर जहां बारिश के कारण लोग घरों से नहीं निकले वही दूसरी ओर देश प्रेम में लोक कलाकारों ने पुरे जोश से देश भक्ति गीतों के साथ ग्रामीणों के बीच पहुंचे और घर-घर जाकर कलश में मिट्टी एकत्र किए। भारत को आजाद हुए 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं और आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष में प्रधानमंत्री जी की अमृत महोत्सव कार्यक्रम का समापन इस कार्यक्रम के माध्यम से होगा। इसी कड़ी में झारखंड राज्य के 10 प्रखंड जिसमें रांची जिला के बुंडू, सोनाहातू, राहे, तमाड़, इटकी, सरायकेला जिले के कुकडू, दुमका जिला के जामा प्रखंड, जामताड़ा प्रखंड का नारायणपुर एवं लातेहार जिले के मनिका एवं बरवाडीह प्रखंड में अभियान चलाया जा रहा। यह कार्यक्रम चंद्रदेव सिंह ( कार्यक्रम समिति सदस्य, पूर्व क्षेत्र संस्कृति केंद्र संस्कृति मंत्रालय संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार) के नेतृत्व में झारखंड में चलाया जा रहा है।

### रांची से हावड़ा जाने में अब दो घंटे समय की होगी बचत

**रांची।** रांची रेल मंडल के अंतर्गत सिल्ली-इलू बाईपास रेल लाइन के निर्माण को लेकर रेल मंत्रालय ने हरी झंडी दे दी है। इस रेल लाइन के निर्माण से हावड़ा और टाटा आवागमन में दो घंटे समय की बचत होगी। वहीं रेलवे का संसाधन भी बचेगा। रांची से टाटा होते हुए हावड़ा जाने वाली ट्रेनों को मुरी नहीं जाना होगा। वर्तमान में ट्रेनों को मुरी में इंजन रिवर्स करना पड़ता है। इसमें समय लगता है। वहीं बाइपास लाइन बनने से दूरी कम होगी। मालूम हो कि सिल्ली-इलू रेल लाइन की मांग विगत कई वर्षों से स्थानीय लोगों के द्वारा की जा रही थी। सांसद संजय सेठ ने इस मामले में पहल की और छह किलोमीटर की बाइपास लाइन के निर्माण के लिए केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखा था। इसको लेकर रांची रेल मंडल के द्वारा भी एक प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया था। अब इसके निर्माण को लेकर हरी झंडी मिल गयी है। सांसद सेठ ने बताया कि इसके लिए रेल मंडल को 125 करोड़ रुपये के बजट की राशि आवंटित की जानी थी। जिससे इसका निर्माण कार्य पूर्ण हो सके।

## कुलपति की मनमानी के विरुद्ध राजभवन पहुंचे मथुरा व लंबोदर महतो

# राज्यपाल से मिलकर कोयलांचल विवि के कुलपति के विरुद्ध की कार्रवाई की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन से झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं आजसू पार्टी के विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति के खिलाफ सख्त अनुशानिक कार्रवाई करने की मांग की है। दोनों विधायक ने संयुक्त रुप से राज्यपाल को इस बात से अवगत कराया है कि कुलपति ने रानी शिक्षण संस्थान ( टीचर ट्रेनिंग कॉलेज) एवं विधि महाविद्यालय सहित सभी बी एड कालेज से सात-सात लाख रुपए सहयोग राशि के नाम पर वसूली की है और यह राशि निजी बैंकों में जमा है इसकी शिकायत किए जाने पर पांच सदस्यीय जांच समिति बनायी गयी। जांच समिति ने शिकायत को सही पाया। बावजूद इसके दोषी पाए गए कुलपति के खिलाफ अब तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गयी है। इसी क्रम में विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्यपाल को इस बात से भी अवगत कराया कि कुलपति का मनमाना पूर्ण रवैया बना हुआ है। स्थिति यह है कि कुलपति ने कई डिग्री कॉलेज में पीजी की पढ़ाई को बंद कर दिया है। यही नहीं क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई को भी बंद कर दिया है और इसके स्थान पर उड़िया भाषा चालू कर दिया है। उन्होंने राज्यपाल का ध्यान इस ओर भी आकृष्ट कराया की इंटर की पढ़ाई को भी बंद कर दिया है। विभागीय सचिव के आदेश के बाद भी कुलपति अंजान बने हुए हैं। उन्होंने राज्यपाल को इस बात की भी जानकारी दी।
कि कुलपति ने यह फरमान जारी कर कोई भी दो विषय के अलावा अन्य भाषा में पीजी नहीं कर सकता है। जबकि दूसरे विश्वविद्यालय में ऐसा कुछ नहीं है। जूलॉजी व बॉटनी की पढ़ाई भी बंद कर दी गई है।

## सरकारी स्कूलों के बच्चे अब तनाव मुक्त होकर करेंगे पढ़ाई

# राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और 41 अन्य स्कूलों में होगा लागू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार की योजना है कि पढ़ाई को लेकर बच्चे तनाव से कोसों दूर रहें और खेल-खेल में अपनी पढ़ाई पूरी कर लें। शिक्षा विभाग इसकी तैयारी में जुटा हुआ है। इसके लिए शिक्षकों को ट्रेनिंग भी दी जा रही है, ताकि वे स्कूल के बच्चों को खेल-खेल में पढ़ा सकें। इसके जरिए प्रयास है कि तनावमुक्त रहते हुए सरकारी स्कूल के बच्चे नैतिक शिक्षा ग्रहण कर सकें। राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और 41 अन्य स्कूलों में इस योजना को लागू करने की तैयारी की जा रही है। इससे बच्चों के अंदर सोशल इमोशनल लर्निंग के तहत जीवन कौशल विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। बताया जा रहा है कि बच्चों के लिए प्रतिदिन 45 मिनट की एक घंटी होगी। हालांकि इसे हर विषय की पढ़ाई के साथ बीच में 10 मिनट के कार्यक्रम के जरिए बच्चों को तनावमुक्त किया जा सकता है। इस कार्यक्रम का नाम दिया गया है हर्ष जोहार पाठ्यचर्या। नाम की तरह ही बच्चों को खुश रखते हुए पढ़ाई करने का प्लान तैयार किया गया है। झारखंड के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को अब खेल-खेल में शिक्षा देने की योजना है। हर्ष जोहार पाठ्यचर्या के जरिए बच्चों को ना केवल नैतिक शिक्षा बल्कि तनावमुक्त वातावरण में कैसे पढ़ाई करें, इसके तरीके भी बताए जाएंगे। फिलहाल इसकी शुरूआत उत्कृष्ट विद्यालय से हो रही है। शिक्षा विभाग की पहल से 80 उत्कृष्ट विद्यालयों समेत 41 अन्य स्कूलों में हर्ष जोहार पाठ्यचर्या लागू करने की तैयारी की जा रही है। बच्चों के अंदर सोशल इमोशनल लर्निंग के तहत जीवन कौशल को विकसित किया जाएगा। हर्ष जोहार पाठ्यचर्या को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए 121 विद्यालयों के 1210 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। झारखंड के शिक्षा विभाग द्वारा 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को मिलाकर कुल 121 स्कूलों में हर्ष जोहार कार्यक्रम के तहत 'हर्ष जोहार पाठ्यचर्या' को लागू करने की पहल की जा रही है। इसे लेकर 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और कस्तूरबा विद्यालयों में से प्रत्येक विद्यालय से 10 शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



## कार्यालयः-अनुमण्डल-सह-जिला कृषि पदाधिकारी, लातेहार

### आवश्यक सूचना

लातेहार जिलों के कृषकों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कम्पनीवार प्रति बोरी अधिकतम खुदरा मूल्य (MRP) निम्न प्रकार है।

(MRP in Rs.)

| Sl. No. | Company Name | Urea Ind./Imp. | DAP Ind./Imp. | MOP | SSP | Complex 20:20:0:13 | Complex 12:32:16 | Complex 16:16:0 | Complex 14:28:00 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | IFFCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | 1200.00 | - | - | - |
| 2 | NFL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 3 | YARA | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 4 | KFL/KRIBHCO | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 5 | INDORAMA | 266.50 | 1350.00 | - | 645.00 | 1470.00 | - | - | 1550.00 |
| 6 | IPL | 266.50 | 1350.00 | 1700.00 | - | 1250.00 | - | 1250.00 | - |
| 7 | MATIX | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | HURL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 9 | PPL | - | 1350.00 | - | - | 1250.00 | - | - | - |
| 10 | SAI | - | - | - | 575.00 | - | - | - | - |

नोटः 1. यूरिया की प्रति बोरी 45 KG Pack size की होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी 50 Kg Pack size होती है।
2. यदि किसी भी खुदरा विक्रेता द्वारा उक्त निर्धारित MRP से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, जिले के जिला कृषि कार्यालय तथा संयुक्त कृषि निदेशक कार्यालय में उसकी शिकायत की जा सकती है।
3. यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर–अनुदानित उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित विक्रेता की अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अनुमण्डल–सह–जिला कृषि पदाधिकारी, लातेहार

PR 308654 Agriculture (23-24)_D




# वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के सबसे शानदार-निराशाजनक पल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

साल 1983 के वर्ल्ड कप में भारत ने दुनिया को चौंकाते हुए वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया था। भारत की कामयाबी को आज भी खेल इतिहास के सबसे बड़े उलटफेर में गिना जाता है। 1983 के वर्ल्ड कप से पहले भारतीय क्रिकेट टीम वनडे में बेहद कमजोर मानी जाती थी। पहले दो वर्ल्ड कप के दौरान भारतीय टीम ने महज एक मैच जीता था। 25 जून 1983 को भारत ने असंभव को संभव बनाते हुए तबकी धाकड़ टीम रही वेस्टइंडीज को फाइनल मुकाबले में हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम महज 183 रनों पर सिमट गई। इसके जवाब में विवियन रिचर्ड्स की मौजूदगी में वेस्टइंडीज ने एक समय एक विकेट के नुकसान पर 50 रन बना लिए थे, तब ऐसा लग रहा था कि वेस्टइंडीज की टीम लगातार तीसरी बार वर्ल्ड चैंपियन बनने वाली है।लेकिन यहां से मैच का पासा पलट गया। ये पासा भारतीय टीम के कप्तान कपिल देव के एक बेहतरीन कैच से पलटा। दरअसल मिड विकेट के ऊपर से हुक शॉट खेलने की कोशिश में रिचर्ड्स की टाइमिंग थोड़ी गड़बड़ाई और गेंद हवा में काफी उछल गई।

## भारतीय क्रिकेट का सबसे खराब प्रदर्शन

भारतीय क्रिकेट का सबसे निराशाजनक प्रदर्शन, वेस्टइंडीज में खेले गए 2007 के वर्ल्ड कप में देखने को मिला था, जब राहुल द्रविड़ की कप्तानी में टीम बांग्लादेश और श्रीलंका के हाथों हार के बाद ग्रुप मुकाबलों से ही बाहर हो गई थी। पोर्ट ऑफ स्पेन में खेले गए लो स्कोरिंग मुकाबले में बांग्लादेश ने भारत को पांच विकेट से हराकर सबसे बड़ा उलटफेर कर दिखाया। इस मैच के बाद क्रिकेट विश्लेषकों ने भारतीय टीम के प्रदर्शन को शर्मनाक बताया। विश्लेषकों के मुताबिक, औसत गेंदबाजी और खराब फील्डिंग के चलते टीम इंडिया को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था। इस हार से गुस्साए भारतीय खेल प्रेमियों ने तत्कालीन विकेटकीपर बल्लेबाज एमएस धोनी के निमार्णाधीन मकान परिसर में तोड़फोड़ की थी।कई शहरों में टीम के खिलाफ प्रदर्शन हुए और कोलकाता में खिलाड़ियों का पुतला दहन किया गया।



## गावस्कर की वो सबसे खराब पारी



**भारतीय** क्रिकेट के सबसे बेहतरीन सलामी बल्लेबाज सुनील गावस्कर के नाम एक ऐसा रिकॉर्ड है, जो शायद ही कोई बल्लेबाज अपने नाम करना चाहेगा। 1975 में इंग्लैंड के लंदन में खेले गए पहले वर्ल्ड कप के दौरान गावस्कर ने रिकॉर्ड बनाया था। भारत के खिलाफ मुकाबले में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 60 ओवरों में चार विकेट पर 334 रन बनाए थे, यह उस वक्त वनडे क्रिकेट में एक पारी में सबसे बड़ा स्कोर था। भारत ये वनडे मैच 202 रन से हार गया था। गावस्कर इस मैच में आखिर तक नॉट आउट रहे। लेकिन उन्होंने 174 गेंदों पर महज 36 रन बनाए थे। अपनी पारी में उन्होंने महज एक चौका लगाया था। गावस्कर की पारी पर तब के टीम मैनेजर जीएस रामचंद ने सबसे अपमानजनक और स्वार्थ भरी बल्लेबाजी बताया था। उन्होंने तब कहा था, गावस्कर ने मुझे कहा था कि शॉट्स खेलने के लिहाज से विकेट काफी धीमा है, लेकिन जिस पिच पर इंग्लैंड के बल्लेबाज 334 रन बना चुके हों वहां ये बेकार बात थी। हमें अपने राष्ट्रीय गौरव को इस तरह शर्मसार नहीं करना चाहिए था। बाद में गावस्कर ने भी स्वीकार किया कि ये उनके करियर की सबसे खराब पारी थी।

## पिता के निधन के बाद तेंदुलकर का शतक



1999 के वर्ल्ड कप में तेंदुलकर ने अपने पिता के निधन के कुछ दिनों के बाद शतक जमाया था। इंग्लैंड में खेले गए उस वर्ल्ड कप के दौरान भारत अपना पहला मैच साउथ अफ्रीका से हार चुका था। दूसरे मुकाबले में टीम का सामना ज़िंबाब्वे से था, इस मैच से पहले 26 साल के तेंदुलकर को पिता के निधन की खबर मिलती है। वे भारत लौट आते हैं। भारत ज़िंबाब्वे के हाथों अपना मैच हार गया और टीम के सामने टूर्नामेंट से बाहर होने का संकट गहराने लगा था। पिता के अंतिम संस्कार के बाद तेंदुलकर इंग्लैंड वापस लौटे और कीनिया के खिलाफ ब्रिस्टल में उन्होंने मैच जिताने वाली नाबाद 140 रनों की पारी खेली। उनके शतक की बदौलत भारत ने दो विकेट पर 329 रन बनाए थे। इसके जवाब में कीनिया की टीम सात विकेट पर 235 रन ही बना सकी। भारत ये मैच 94 रन से जीता और सचिन तेंदुलकर मैन ऑफ द मैच आंके गए। सचिन तेंदुलकर ने अपनी आत्मकता प्लेइंग इट माय वे में लिखा है, वह पारी ऐसी थी, जैसा मेरे पिता मुझे करते हुए देखना चाहते थे। यही वजह थी कि मैंने इंग्लैंड लौटने का फैसला किया था ताकि बाकी मैचों में हिस्सा ले सकूं। कीनिया के खिलाफ मैंने शतक बनाया, जो मेरे लिए सबसे खास शतक में एक है। मैंने इसे अपने पिता को समर्पित किया था। हालांकि मैच के दौरान हमेशा मेरा ध्यान खेल पर नहीं था।

## नेहरा की शानदार गेंदबाजी



**भारत** ने 2003 के वर्ल्ड कप के दौरान डरबन में इंग्लैंड के खिलाफ 250 रन बनाने के बाद भी मैच जीत लिया। ये एक मैच विनिंग टोटल नहीं था, लेकिन आशीष नेहरा की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ये मैच जीतने में कामयाब रहा। जब नेहरा गेंदबाजी करने आए तब इंग्लैंड की टीम छह ओवरों में 18 रन पर दो विकेट गंवा चुकी थी। इसके बाद नेहरा ने मैच की तस्वीर बदल दी। उनकी गेंदबाजी पर ईएसपीएन क्रिकइंफो के लेखक सिद्धार्थ विद्यानाथन ने लिखा था, नेहरा की गेंदबाजी एक तरह से सीम बॉलिंग सीखाने वाली क्लास थी। विकेट के कोने से गेंदबाजी करना और बल्लेबाजों को ऑफसाइड पर बहुत जगह नहीं देने वाली सीख बताने वाली गेंदबाजी थी। टखने में चोट के बावजूद नेहरा ने पूरे दस ओवरों की गेंदबाजी एक ही स्पैल में पूरी की। इन दस ओवरों में 23 रन देकर उन्होंने छह विकेट चटकाए। यह वर्ल्ड कप इतिहास में किसी भी भारतीय गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत ये मुकाबला 82 रन से जीतने में कामयाब रहा था।

## गांगुली-द्रविड़ की वो साझेदारी



**राहुल** द्रविड़ और सौरव गांगुली ने 1999 के वर्ल्ड कप के दौरान वनडे क्रिकेट की पहली 300 रन से ज्यादा की साझेदारी की थी। इस साझेदारी में उन्होंने सारे रिकॉर्ड्स तोड़ दिए थे। दोनों ने 45 ओवरों में 318 रनों की साझेदारी की थी और यह सीमित ओवरों के क्रिकेट में उस समय की सबसे बड़ी साझेदारी थी। गांगुली ने अपनी पारी में 158 गेंदों पर 183 रन बनाए थे, यह उनके करियर का सर्वाधिक स्कोर भी है। अपनी पारी में गांगुली ने सात छक्के और 17 चौके जमाए थे। वहीं द्रविड़ ने 129 गेंदों पर एक छक्का और 17 चौकों की मदद से 145 रन बनाए थे। इन दोनों की बल्लेबाजी से भारत ने 373 रन बनाकर श्रीलंका को 157 रनों से हराया था। 2021 में इंग्लैंड के बल्लेबाज जोस बटलर ने कहा था कि उन पर इन दोनों की साझेदारी का गहरा प्रभाव रहा है। बटलर ने क्रिकबज्ज वेबसाइट से कहा था, उस समय मैं क्रिकेट सीख रहा था। गांगुली और द्रविड़ ने उस मैच में शानदार शतक जमाए थे और उनकी पारी का मुझ पर गहरा असर हुआ था।

## मोरे और मियांदाद की तू-तू, मैं-मैं

भारतीय विकेटकीपर किरण मोरे और पाकिस्तान के बल्लेबाज जावेद मियांदाद के बीच 1992 के वर्ल्ड कप में तू-तू, मैं-मैं देखने को मिली थी। मार्च, 1992 में सिडनी में दोनों टीमों के बीच वर्ल्ड कप में पहली बार टक्कर हुई थी। इस घटना को लेकर एक वेबसाइट ने लिखा है, विकेटकीपर मोरे ने लेग साइड में पकड़े गए कैच को लेकर बहुत उत्साह में अपील की थी, जिसके बाद दोनों में कहासुनी हुई और बाद में मियांदाद ने बंदर की तरह उछल उछल कर मोरे को चिढ़ाया था। इस घटना के कई साल बाद किरण मोरे ने एक इंटरव्यू में उस वाकये को याद करते हुए बताया, वो मुझे कह रहा था कि चिंता मत करो, हम लोग आसानी से मैच जीत लेंगे। तब मैंने कहा कि भाड़ में जाओ, हमलोग मैच जीतने जा रहे हैं। इसके बाद सचिन तेंदुलकर की गेंद पर एक अपील की। मुझे लगा कि वह विकेट के पीछे कैच आउट है। मैंने अपील की और उसने उछल कर मुझे चिढ़ाया। मैंने उसे शटअप किया। इसके बाद रन आउट की अपील की, तब मैंने उछलते हुए स्टंप बिखेर दिया था। पाकिस्तान को ये मैच जीतने के लिए 216 रन बनाने थे। मियांदाद ने 110 गेंदों पर 40 रन बनाए। भारत ने ये मैच 43 रनों से जीता था।

## वो छक्का जिससे शीर्ष पर पहुंचा था भारत

2011 के वर्ल्ड कप फाइनल में भारत श्रीलंका को छह विकेट से हराकर 1983 के बाद दूसरी बार वर्ल्ड चैंपियन बनी। इस फाइनल मुकाबले में गौतम गंभीर ने 97 रनों की पारी खेली थी वहीं टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने नाबाद 91 रनों की पारी खेली थी। उन्होंने दस गेंद बाकी रहते टीम को शानदार छक्के से जीत दिलाई थी। फाइनल मुकाबले से पहले धोनी पूरे टूर्नामेंट में बल्ले से संघर्ष करते नजर आ रहे थे। लेकिन फाइनल मुकाबले में उन्होंने अपने करियर की सबसे बेहतरीन पारी खेली। उन्होंने नुवान कुलसेकरा के गेंद पर सीधे सामने छक्का लगाकर मैच का समापन किया था। हेलिकॉप्टर शॉट की मदद से लगा छक्का आने वाली कई पीढ़ियों को रोमांचित करता रहेगा।

## कोलकाता में भारत की वो शर्मनाक हार

1996 के वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में जीत के लिए 252 रनों का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने महज 120 रन पर अपने आठ विकेट गंवा दिए थे। इस मुकाबले में भारत की हार तय दिख रही थी लेकिन कोलकाता के दर्शकों के उपद्रव के चलते ये मैच पूरा नहीं खेला जा सका, दर्शकों ने फील्ड और स्टैंड में आगजनी भी की थी। यह अब तक वर्ल्ड कप इतिहास का इकलौता ऐसा मैच है जो दर्शकों के उपद्रव के चलते पूरा नहीं हो सका। श्रीलंका को विजेता घोषित किया गया। जब मैच रोका गया तब क्रीज पर नाबाद बल्लेबाज के तौर पर विनोद कांबली मौजूद थे, लोगों ने उन्हें लाइव टीवी पर रोते हुए देखा था। उन्होंने मैच के बाद कहा, मैं इसलिए रो रहा था क्योंकि मुझे लगा कि देश को जीत दिलाने का मौका मुझसे छिन गया था। इस मैच में टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनने के लिए तत्कालीन कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन की काफी आलोचना हुई थी और उनके घर के बाहर सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया था।

## सवा अरब की उम्मीदों पर भारी वो रन आउट

2019 के वर्ल्ड कप के दौरान टूर्नामेंट की फेवरिट मानी जा रही भारतीय टीम को ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने हरा दिया था। जीत के लिए 240 रनों का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने एक समय पर पांच रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे।इसके बाद 24 रन तक पहुंचने पर चौथा विकेट भी गिर गया था। लेकिन यहां से भारतीय टीम वहां पहुंची जहां 11 गेंदों पर 25 रन बनाने थे और टीम के पास तीन विकेट बाकी थे। सबसे बड़ी उम्मीद के तौर पर महेंद्र सिंह धोनी क्रीज पर मौजूद थे। लोगों की उम्मीद थी कि धोनी के करिश्मे से टीम ये मैच जीत सकती है। स्ट्राइक अपने पास रखने की कोशिश में धोनी ने दूसरा रन लेने की कोशिश की और मार्टिन गुप्टिल के डायरेक्ट हिट पर वे रन आउट हो गए। वनडे क्रिकेट के सबसे बेहतरीन फिनिशरों में एक महेंद्र सिंह धोनी यहां चूक गए थे। उन्होंने इस मैच में 72 गेंदों पर 50 रन बनाए थे, लेकिन उनके रन आउट होने से सवा अरब लोगों की उम्मीदें टूट गई थीं।

## वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | एनआरआर | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| न्यूजीलैंड | 2 | 2 | 0 | +1.958 | 4 |
| पाकिस्तान | 1 | 1 | 0 | +1.620 | 2 |
| अफगानिस्तान | 1 | 0 | 1 | -1.438 | 0 |
| ऑस्ट्रेलिया | 1 | 0 | 1 | -0.883 | 0 |
| बांग्लादेश | 1 | 1 | 0 | +1.438 | 2 |
| भारत | 1 | 1 | 0 | +0.883 | 2 |
| साउथ अफ्रीका | 1 | 1 | 0 | +2.040 | 2 |
| श्रीलंका | 1 | 0 | 1 | -2.040 | 0 |
| नीदरलैंड्स | 2 | 0 | 2 | -1.800 | 0 |
| इंग्लैंड | 1 | 0 | 1 | -2.149 | 0 |

## वर्ल्ड कप 2023 का पूरा शेड्यूल

| दिन तथा तिथि | टीम 1 | बनाम | टीम 2 | शहर |
|---|---|---|---|---|
| बुधवार, 11 अक्टूबर | भारत | बनाम | अफगानिस्तान | दिल्ली |
| गुरुवार, 12 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | लखनऊ |
| शुक्रवार, 13 अक्टूबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | बांग्लादेश | चेन्नई |
| शनिवार, 14 अक्टूबर | भारत | बनाम | पाकिस्तान | अहमदाबाद |
| रविवार, 15 अक्टूबर | इंग्लैण्ड | बनाम | अफगानिस्तान | दिल्ली |
| सोमवार, 16 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | श्रीलंका | लखनऊ |
| मंगलवार, 17 अक्टूबर | दक्षिण अफ्रीका | बनाम | नीदरलैण्ड | धर्मशाला |
| बुधवार, 18 अक्टूबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | अफगानिस्तान | चेन्नई |
| गुरुवार, 19 अक्टूबर | भारत | बनाम | बांग्लादेश | पुणे |
| शुक्रवार, 20 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | पाकिस्तान | बेंगलुरू |
| शनिवार, 21 अक्टूबर | नीदरलैण्ड | बनाम | श्रीलंका | लखनऊ |
| शनिवार, 21 अक्टूबर | इंग्लैण्ड | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | मुंबई |
| रविवार, 22 अक्टूबर | भारत | बनाम | न्यूजीलैण्ड | धर्मशाला |
| सोमवार, 23 अक्टूबर | पाकिस्तान | बनाम | अफगानिस्तान | चेन्नई |
| मंगलवार, 24 अक्टूबर | दक्षिण अफ्रीका | बनाम | बांग्लादेश | मुंबई |
| बुधवार, 25 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | नीदरलैण्ड | दिल्ली |
| गुरुवार, 26 अक्टूबर | इंग्लैण्ड | बनाम | श्रीलंका | बेंगलुरू |
| शुक्रवार, 27 अक्टूबर | पाकिस्तान | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | चेन्नई |
| शनिवार, 28 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | न्यूजीलैण्ड | धर्मशाला |
| शनिवार, 28 अक्टूबर | नीदरलैण्ड | बनाम | बांग्लादेश | कोलकाता |
| रविवार, 29 अक्टूबर | भारत | बनाम | इंग्लैण्ड | लखनऊ |
| सोमवार, 30 अक्टूबर | अफगानिस्तान | बनाम | श्रीलंका | पुणे |
| मंगलवार, 31 अक्टूबर | पाकिस्तान | बनाम | बांग्लादेश | कोलकाता |
| बुधवार, 1 नवंबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | पुणे |
| गुरुवार, 2 नवंबर | भारत | बनाम | श्रीलंका | मुंबई |
| शुक्रवार, 3 नवंबर | नीदरलैण्ड | बनाम | अफगानिस्तान | लखनऊ |
| शनिवार, 4 नवंबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | पाकिस्तान | बेंगलुरू |
| शनिवार, 4 नवंबर | इंग्लैण्ड | बनाम | ऑस्ट्रेलिया | अहमदाबाद |
| रविवार, 5 नवंबर | भारत | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | कोलकाता |
| सोमवार, 6 नवंबर | बांग्लादेश | बनाम | श्रीलंका | दिल्ली |
| मंगलवार, 7 नवंबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | अफगानिस्तान | मुंबई |
| बुधवार, 8 नवंबर | इंग्लैण्ड | बनाम | नीदरलैण्ड | पुणे |
| गुरुवार, 9 नवंबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | श्रीलंका | बेंगलुरू |
| शुक्रवार, 10 नवंबर | दक्षिण अफ्रीका | बनाम | अफगानिस्तान | अहमदाबाद |
| शनिवार, 11 नवंबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | बांग्लादेश | पुणे |
| शनिवार, 11 नवंबर | इंग्लैण्ड | बनाम | पाकिस्तान | कोलकाता |
| रविवार, 12 नवंबर | भारत | बनाम | नीदरलैण्ड | बेंगलुरू |
| बुधवार, 15 नवंबर | --------- | सेमीफाइनल 1 | --------- | मुंबई |
| गुरुवार, 16 नवंबर | --------- | सेमीफाइनल 2 | --------- | कोलकाता |
| रविवार, 19 नवंबर | --------- | फाइनल | --------- | अहमदाबाद |

# न्यूजीलैंड ने नीदरलैंड को 99 रनों से हराया



**एजेंसी। हैदराबाद**

हैदराबाद के मैदान पर न्यूजीलैंड ने विश्व कप के अपने दूसरे मुकाबले में नीदरलैंड को 99 रनों से हरा दिया। विश्व कप के पहले मैच में न्यूजीलैंड की भिड़ंत इंगलैंड से हुई थी जिसमें रचिन रवींद्र और डिरेल मिचेल के शतकों की बदौलत जीत हासिल कर ली थी। नीदरलैंड के खिलाफ मुकाबले में भी न्यूजीलैंड हावी रहा। पहले खेलते हुए न्यूजीलैंड ने विल यंग, रचिन रविंद्र और टॉम लैथम के अर्धशतक की मदद से 7 विकेट पर 322 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी नीदरलैंड की टीम मजबूती से लक्ष्य का पीछा नहीं कर पाई। उनके नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। कॉलिन एकरमैन ने 69 रनों का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के स्पिनर मिशेल सेंटनर पांच विकेट निकालने में सफल रहे। नीदरलैंड 223 रन ही बना सका और 99 रनों से मुकाबला गंवा दिया। इससे पहले टॉस हार बल्लेबाजी करने उतरे न्यूजीलैंड ने यंग (80 गेंद में 70 रन) और रविंद्र (51 गेंद में 51 रन) के बीच दूसरे विकेट की 77 रन की साझेदारी से अच्छा मंच तैयार किया। कप्तान लैथम ने अंत में 46 गेंद में 53 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया। नीदरलैंड के गेंदबाजों ने हालांकि धीमी पिच पर अपनी गेंदबाजी से प्रभावित भी किया।

### स्कोर बोर्ड

| न्यूजीलैंड | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डेवन कॉन्वे | 32 | 40 | 5 | 1 |
| विल यंग | 70 | 80 | 7 | 2 |
| रचिन रविंद्र | 51 | 51 | 3 | 1 |
| डैरिल मिचेल | 48 | 47 | 5 | 2 |
| टॉम लेथम | 53 | 46 | 6 | 1 |
| ग्लेन फि लिप्स | 4 | 4 | 1 | 0 |
| मार्क चैपमैन | 5 | 13 | 0 | 0 |
| मिचेल सैंटनर | 36 | 17 | 3 | 2 |
| मैट हेनरी | 10 | 4 | 0 | 1 |

**अतिरिक्त :** 13, **कुल :** 07/322 (50 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-67, 2-144, 3-185, 4-238, 5-247, 6-254, 7-293. डीआरएस
**गेंदबाजी :** आर्यन दत्त 10-2-62-2, रायन क्लाइन 7-1-41-0, पॉल वैन मीकरेन 9-0-59-2, रुलॉफ वैन डर मर्व 9-0-56-2, कॉलिन ऐकरमैन 4-0-28-0, बास डलीडे 10-0-64- 1, विक्रमजीत सिंह 1-0-9-0

| नीदरलैंड्स | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| विक्रमजीत सिंह | 12 | 20 | 1 | 0 |
| मैक्स ओ'डाउड | 16 | 31 | 2 | 0 |
| कॉलिन ऐकरमैन | 69 | 73 | 5 | 0 |
| बास डलीडे | 18 | 25 | 3 | 0 |
| एन अनिल तेजा | 21 | 26 | 2 | 1 |
| स्कॉट एडवर्ड्स | 30 | 27 | 2 | 1 |
| साइब्रैंड एंगलब्रेख्त | 29 | 34 | 3 | 0 |
| रुलॉफ वैन डर मर्व | 1 | 6 | 0 | 0 |
| रायन क्लाइन | 8 | 15 | 0 | 0 |
| आर्यन दत्त | 11 | 20 | 0 | 1 |
| पॉल वैन मीकरेन | 4 | 3 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त :** 4, **कुल :** 10/223 (46.3 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-21, 2-43, 3-67, 4-117, 5-157, 6-174, 7-180, 8-198, 9-218, 10-223. डीआरएस
**गेंदबाजी :** ट्रेंट बोल्ट 8-0-34-0, मैट हेनरी 8.3-0-40-3, मिचेल सैंटनर 10-0-59-5, लॉकी फर्ग्युसन 8-0-32-0, रचिन रविंद्र 10-0-46-1, ग्लेन फि लिप्स 2-0-11-0

## लेवरकुसेन ने कोलन को 3-0 से दी मात



**बर्लिन।** अपनी फॉर्म कायम रखते हुए लीवरकुसेन ने कोलन को 3-0 से हराकर बुंडेसलीगा टूर्नामेंट में अपनी छठी जीत हासिल की। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मेजबान टीम ने शुरूआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और कोलन के डिफेंस को कड़ी चुनौती दी। लेवरकुसेन के प्रयासों का फल 22वें मिनट में मिला जब जोनास हॉफमैन ने गोल किया। इसके बाद 32वें मिनट और 67वें मिनट में गोल कर लेवरकुसेन ने 3-0 से अपनी जीत पक्की की। इस जीत के साथ ही लेवरकुसेन ने बुंडेसलिगा में अपने शीर्ष स्थान का बचाव किया, जबकि एकतरफा हार झेलने वाली कोलन तालिका में सबसे पहुंच गई। लीवरकुसेन के कोच ने कहा, हम प्रदर्शन से संतुष्ट हैं। हमने कई मौके बनाए और हम और भी अधिक स्कोर कर सकते थे। हमें ध्यान केंद्रित करना जारी रखना होगा।

## कोहली को ड्रेसिंग रूम में मिला खास मेडल, फील्डिंग कोच ने किया सम्मानित



**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईसीसी वनडे विश्व कप-2023 में रविवार को ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराकर टूर्नामेंट में जीत के साथ भारतीय टीम की शुरूआत करने में विराट कोहली की अहम भूमिका रही। उन्होंने मैच में 85 रनों की शानदार पारी खेली। साथ ही फील्डिंग में भी कमाल दिखाया। मैच के बाद कोहली को फील्डिंग कोच टी दिलीप ने बेहतरीन फील्डिंग के लिए खास मेडल से सम्मानित किया।

# जूनियर पुरुष हॉकी जोहोर कप के लिए 20 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित

**एजेंसी। बेंगलुरू**

हॉकी इंडिया ने 20 सदस्यीय भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की है, जो 27 अक्टूबर से 4 नवंबर तक मलेशिया के जोहोर में 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 में भाग लेगी। 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 में पिछले संस्करणों की पारंपरिक 6 टीमों के बजाय इस बार 8 टीमें शामिल होंगी। भारत को पूल बी में मलेशिया, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। जबकि, पूल ए में जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और ग्रेट ब्रिटेन शामिल होंगे। पूल बी में भारत को शीर्ष 2 में लाने और सेमीफाइनल के लिए योग्यता सुनिश्चित करने के प्रयास में टीम की कमान उत्तम सिंह और उप-कप्तान की जिम्मेदारी राजिंदर सिंह को सौंपी गई है।



### टीम

**गोलकीपर :** मोहित एच एस, रणविजय सिंह यादव
**डिफेंडर :** अमनदीप लाकड़ा, रोहित, सुनील जोजो, सुखविंदर, आमिर अली, योगेंबर रावत
**मिडफील्डर :** विष्णुकांत सिंह, पूवन्ना सीबी, राजिंदर सिंह, अमनदीप, सुनीत लाकड़ा, अब्दुल अहद
**फॉरवर्ड :** उत्तम सिंह, अरुण साहनी, आदित्य लालगे, अंगद वीर सिंह, गुरजोत सिंह, सतीश बी